5. यह बताना आवश्यक है कि अप्रैल 1974 में पूर्वी क्षेत्र के नं० 4 निचले सीम में खंभे तोड़ने का कार्य पूरा हो जाने के बाद 2 क्रास-कट डिप में दो पम्प चल रहे थे। कुछ समय के अन्तर पर ये दोनों पम्प हटा लिए गए और नवम्बर, 1974 तक इस क्षेत्र में कोई पम्प नहीं था। इस प्रकार लगभग 12 महीने की अवधि में अर्थात् नवम्बर, 1975 को दुर्घटना घटने तक पानी जमा होने की काफी गुंजाइश दिखाई देती है।

6. बे०को०लि० ने प्रबन्धक श्री ग्रोवर की गवाही को काफी महत्व दिया है। श्री ग्रोवर ने यह दावा किया है कि उन्होंने 2 क्रास-कट डिप का स्वयं तीन बार निरीक्षण किया है। मेरा निष्कर्ष यह है कि श्री ग्रोवर की गवाही का यह भाग अधिक महत्व दिए जाने लायक नहीं है। यह बताया गया है कि उक्त निरीक्षण श्री ग्रोवर द्वारा स्वयं किया गया था जबकि उनके साथ कोयलाखान के कर्मचारियों में से कोई भी नहीं था और निरीक्षण का कोई लिखित रिकार्ड भी नहीं है क्योंकि निरीक्षण के तत्काल बाद या बाद में इसका कोई रिकार्ड नहीं बनाया गया। यह सच है कि मई, 1975 में जब निरीक्षण किया गया था, श्री ग्रोवर का दावा है कि उन्होंने तत्काल टेलीफोन द्वारा निरीक्षण का परिणाम महाप्रबन्धक श्री ए०बी०शाह को सूचित किया था। यह बताया गया कि श्री शाह ने श्री ग्रोवर को अपने कार्यालय में 26 मई, 1976 को (जो संयोग से रविवार था) टेलीफोन किया और यह पूछा कि क्या वे व्यक्तिगत रूप से इस बात से आश्वस्त हैं कि 2 क्रास-कट डिप में कोई पानी नहीं है। श्री ग्रोवर ने तत्काल स्वयं निरीक्षण किया और उसी दिन श्री शाह को उनके कार्यालय में फोन पर इसकी सूचना दे दी। श्री शाह, श्री राधाकृष्णन, श्री बंसल तथा अधीनस्थ कर्मचारी जैसे सहायक प्रबन्धक श्री दुबे—सभी ने श्री ग्रोवर के इन निरीक्षण पर विश्वास किया जिनके आधार पर श्री ग्रोवर ने यह निष्कर्ष निकाला था कि 2 क्रास-कट पूर्णतः सूखा है। परन्तु किसी को भी इस बात की व्यक्तिगत जानकारी नहीं थी। मुझे यह गवाही अस्वीकृत करनी पड़ रही है क्योंकि अदालत में जिन बाधाओं और जिस रूप में यह पेश की गई है वह स्वीकार्य नहीं है। इसमें न तो सचाई है और न ही विश्वसनीयता की गंध। श्री दुबे ने ज्योंहीं उस क्षेत्र का कार्यभार ग्रहण किया उन्होंने बेमन से उसके निरीक्षण का प्रयास किया परन्तु क्रास कट की पूर्वी 6वीं लेवल के संगम के नीचे छत गिर जाने से उनका कार्य रुक गया। इस बात के प्रमाण हैं कि इस छत को सहारा देकर जमाया जा सकता था और निरीक्षण कार्य को सुरक्षित बनाया जा सकता था बशर्ते कि वास्तव में ऐसा करने की इच्छा होती।

7. कुछ और बातें भी हैं जिनके आधार पर मेरे इस निष्कर्ष की पुष्टि होती है कि उस क्षेत्र में काफी पानी इकट्ठा हो गया था। मैं एक-एक करके इन पर विचार करूंगा।

8. बे० को० लि० ने यह तर्क प्रस्तुत किया कि अनुमान से भी यह माना जा सकता है कि 2 क्रास-कट क्षेत्र में पानी नहीं रहा होगा। तर्क का आधार यह है कि यदि इस क्षेत्र में लगातार पानी बह रहा होता तो 30 दिन की अवधि में यह क्षेत्र पानी से भर गया होता और बाद में छठे लेवल में से होकर अतिरिक्त पानी बह रहा होता। परन्तु अतिरिक्त पानी का ऐसा कोई बहाव न तो देखा गया और न ही हुआ। यह बताया गया कि अधिक समय के दौरान पानी के जमा होने की कोई संभावना नहीं है। इस बात पर मैं उस समय विस्तार से विचार करूंगा जब मैं छठे लेवल ईस्ट के जरिए नं० 4 शीर्ष और नं० 4 निम्न तल को जोड़ने वाले तीन बोर होलों के बारे में विचार करूंगा। थोड़ा पूर्वानुमान के आधार पर मैं इस निष्कर्ष पर पहुंच सकता हूं कि बे० को० लि० का तर्क स्वीकार्य नहीं है।

9 दूसरा विचारणीय विषय है--0.6 मीटर की विभाजन पट्टी जो 16 नवम्बर, 1975 को टूट गयी और जिसके कारण दुर्घटना घटी। यह बताया गया कि अगर पट्टी वास्तव मे इतनी पतली होती तो काफी पहले ही टूट गई होती, विशेषरूप से तब जब इस पर काफी समय से पानी के एक प्रवाह का दबाव पड़ रहा था और मुख्यत: 4 नवम्बर, 1975 और 5 नवम्बर, 1975 को जब 9वी लेवल ईस्ट मे विस्फोट किया गया था । यहां मैंने पट्टी में सूराख होने के बारे में भी एम० एस० कहलो, निदेशक खान सुरक्षा के द्वारा व्यक्त मत को ध्यान मे रखा है जो इस प्रकार है :

"ऐसा प्रतीत होता है कि पट्टी मे सूराख तब हुआ जब कोयला और शैल के वितरण और संस्तरण तल पानी के रिसने से लिबलिबे हो गए और वह पतली पट्टी भी कालान्तर में इतनी कमजोर हो गई कि संबंधित पट्टी का एक भाग जलदाब की ओर अधिक सहन नहीं कर सका । नजदीक के 5-डिप में जो विस्फोट किए गए और उनसे जो कंपन उत्पन्न हुए उन्होंने भी पट्टी के लिए अतिरिक्त तनाव बनाया जिसके फलस्वरूप पट्टी के टूटने की क्रिया में गति आई ।"

यह बात ध्यान में रखी जानी चाहिए कि कोयले की पट्टी के पीछे रेत जमा हो गया था और 7वीं लेवल संगम से रेत की तह लगभग 12 से 15 मीटर थी । चूंकि पट्टी रेत से पूरी तरह भरी हुई थी अतः यह निष्कर्ष निकालना युक्तिसंगत प्रतीत होता है कि 9वीं लेवल ईस्ट या इस लेवल के 5-डिप में विस्फोट के तत्काल बाद पट्टी के टूटने की संभावना नहीं थी ।

10 बे० का० लि० ने पिट सेफ्टी कमेटी के रजिस्टरों और उनकी बैठकों का हवाला दिया है । मैं समझता हूं कि समिति का सामान्य कार्य कामगारों मे सुरक्षा की भावना को बढ़ाना है । मैंने रजिस्टर और बैठकों के कार्यवृत्त का अध्ययन किया है । सामान्यत: महीने में एक बार बैठक बुलाई गई, कुछ तो कोरम के अभाव में या अन्य किसी अध्यक्ष कारण से रद्द कर दी गई । कार्यवृत्त से पता चलता है कि समिति मुख्यत: कामगारों को खान सुरक्षा के बारे में प्रशिक्षित करने के लिए एक मंच का कार्य करती थी । यह कहना कठिन है कि अधीनस्थ कर्मचारी समिति को और उसकी बैठकों को गंभीरता से लेते थे या नहीं । उन्होंने उसे गंभीरता से ही लिया होगा यदि समिति के सचिव के रूप में अलग से एक ऐसा सुरक्षा अधिकारी होता जिस पर अन्य जिम्मेदारियां न होती तो अच्छा होता, परन्तु दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ । ऐसे एक अधिकारी से वास्तविक प्रेरणा पाकर अधीनस्थ कर्मचारी उन खान कार्यस्थलों के बारे में बात करने का साहस कर सकते जिनसे उन्हें खतरा पैदा हो सकता था । ऐसा प्रतीत होता है कि कामगारों को प्रशिक्षित करने के अतिरिक्त इन बैठकों मे अधिकतर जमीन के नीचे काम करने वाले कामगारों की विभिन्न प्रकार की सुख-सुविधाएं प्रदान करने पर ही विचार किया जाता था । इन बैठकों के कार्यवृत्त से पता चलता है कि जमीन के नीचे के भयंकर खतरों से संबंधित मामले न कभी उठाए गए और न उनके बारे में कोई चर्चा की गई । मैं यह राय दूंगा कि समिति के कार्यक्षेत्र में विस्तार किया जाना चाहिए ताकि उसमें ये मामले भी शामिल किए जा सकें ।

11. मुझे निदेशक, खान सुरक्षा श्री एम० एस० कहलो की गवाही में काफी तथ्य नजर आता है :

"सिलवाड़ा खान में पानी के प्रमुख स्रोत हैं, प्राकृतिक अन्त: स्रवण अर्थात् वर्षा और एक बड़ी नदी । प्राकृतिक अन्त: स्रवण अर्थात वर्षा का जल मलबा आवरण को प्रभावित कर रहा है ।"

प्रबंधकों द्वारा किए गए द्रव भूवैज्ञानिक सर्वेक्षणों तथा उनसे संबंधित खान इंजीनियरों, जिनमें प्रबंध निदेशक भी शामिल है के अनुभवों से यह पता लगा लिया गया है कि मलबा आवरण अत्यन्त जलयुक्त है । न० 4 निचली सीम और नं० 4 शीर्ष सीम जो मलबा आवरण स्तर के नीचे है उन पर मलबा आवरण से निरंतर पानी का प्रभाव होता रहता है । संबंधित क्षेत्र के एक ओर जो बड़ी नदी है और जो नं० 4 निचली सीम और नं० 4 शीर्ष सीम की ओर बहती है गुरुत्वाकर्षण के कारण वह निरन्तर अन्त स्रवण का स्रोत बनी हुई है । प्रबंधकों ने यह मत व्यक्त किया कि वहां शैल तल हैं जो पानी को इन सीमाओं से होकर बहने नहीं देंगे । निस्संदेह यह मत केवल अर्ध तल पर जल प्रभाव के विरुद्ध है न कि उस मलबा आवरण से संस्तरण तल के साथ-साथ होने वाले जल प्रभाव के विरुद्ध है जहां कोयले की सीम का मलबा आवरण से संपर्क होता है । जहां तक शैल का संबंध है, मेरा विचार यह है कि वे अपारगम्य नहीं होते यद्यपि वे अक्षुण्ण पत्थर की तुलना में कुछ पारगम्य होते हैं । अत. नं 4 शीर्ष सीम के ऊपर विद्यमान शैल तल शीर्ष स्तर से सीम पर पानी के रिसने को पूर्णत. नहीं रोक सकते । इसके अतिरिक्त कोई भी शैल तल के चटकने से इन्कार नहीं कर सकता अर्थात् वे घिसकर पतले हो सकते हैं और कहीं-कहीं उनका पूर्णत: लोप भी हो सकता है । महाराष्ट्र की कोयला खानों में द्रव भूवैज्ञानिकों ने ऐसी चटकने की क्रिया देखी है । सिलवाड़ा में संबंधित बड़े क्षेत्र में केवल कुछ ही बोर होल हैं और सेक्शन 3 के सूराखों का अध्ययन करके कोई भी यह नहीं कह सकता कि चटकने की क्रिया नहीं हुई होगी । दुर्घटना से पहले रेत भरने की क्रिया 2 क्रास-कट क्षेत्र के लिए पानी का एक और स्रोत बन गया । शीर्ष सीम में रेत भरा जा रहा था और रेत का पानी केवल रिसकर या अन्त:स्रवण द्वारा निचली सीम में जा सकता था । भरण पाईपों के जमाव को साफ करने के लिए प्रयुक्त जल के बहने से भी 2 क्रास-कट क्षेत्र में पानी जमा हो गया । चूंकि 2 क्रास-कट एक बहुत बड़े क्षेत्र का सर्वाधिक नत भाग है और ऊपर बताए अनुसार वहां पानी के कई स्रोत हैं अत कोई भी खान इंजीनियर यह नहीं कह सकता कि यह क्षेत्र जलमुक्त रहेगा ।"

12. जिरह के दौरान यही प्रश्न श्री एम० एस० कहलो ने विशेषज्ञ गवाह डा० बी० सिंह से किया था :

प्रश्न : क्या आप बता सकते हैं कि विभाजन और नं० 4 शीर्ष सीम के बीच की शैल पट्टियों की कुछ तलों पर चटकने की क्रिया नहीं हुई होगी ?

उत्तर : मैं नहीं बता सकता ।

प्रश्न : अगर चटकने की क्रिया हुई है और शैल तल के 1000 फुट × 500 फुट के विशाल क्षेत्र में कोई ऐसे कमजोर तल हैं जिनका निरीक्षण आप नहीं कर पाए है तो क्या हम यह मान लें कि इतनी बड़ी नदी, अत्यधिक जलयुक्त शैल और विभिन्न अन्य प्राकृतिक अन्त:स्रवण वाले स्थान पर केवल 5 गैलन प्रति मिनट के हिसाब से अन्त:स्रवण हुआ ?

उत्तर : ऊपर बताई गई स्थितियों में इस संभावना से मैं इंकार नहीं करता । ऐसा हो सकता है ।

प्रश्न : सारा अन्त:स्रवित जल, चाहे उसकी मात्रा कितनी ही कम क्यों न हो, अन्त में बहकर निचली सीम में 8वें लेवल पर ही पहुंचेगा--क्या आप इस बात से सहमत हैं । ?

उत्तर : जी--हां ।

प्रश्न : जैसा कि प्रबंधकों ने दावा किया है कि पम्प को अन्तिम रूप से नवम्बर, 1974 में 2 क्रास-कट डिप से हटा लिया गया था । 5 गैलन प्रति मिनट की दर से, जो कि बहुत कम मात्रा में है, दुर्घटना की तारीख तक 2 क्रास-कट क्षेत्र में 18 लाख गैलन पानी जमा हो गया । कृपया हिसाब लगाकर इसकी पुष्टि कीजिए ।

उत्तर . मैं इससे सहमत हूं । यह 18 लाख गैलन ही बनता है ।

13 परंतुक एक और तथ्य का सन्तोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे पाए हैं—वह है 3-डिप गैलरी के 7वें और 8वें लेवल ईस्ट गैलरियों का 2 क्रास कट कार्यस्थलों से जोड़ा न जाना । इन गैलरियों को 2 क्रास कट कार्यस्थल से केवल 1-5 मीटर की दूरी पर रोक दिया गया था । प्रबंधकों के इस तर्क को कि छत की खराब स्थिति के कारण ऐसा किया गया था, स्वीकार नहीं किया जा सकता । उस क्षेत्र में कोई कृत्रिम सहारा न होने के बावजूद दुर्घटना के कई महीने बाद भी गैलरियां बिल्कुल स्वाभाविक पाई गईं । अतः यह निष्कर्ष निकालना युक्तिसंगत होगा कि दुर्घटना के समय 2 क्रास कट डिप कार्यस्थल 7वें लेवल तक पानी से पूरी तरह भरे हुए थे और प्रबंधकों को इस बात का पता अवश्य रहा होगा और यह कि इस जानकारी के कारण ही 3 डिप क्षेत्र की 7वीं और 8वीं लेवल ईस्ट गैलरियों को 2 क्रास कट क्षेत्र के कार्यस्थलों से नहीं जोड़ा गया ।

14. आगे मैं एक और गवाही पर विचार करूंगा जो महानिदेशक, खान सुरक्षा ने 2 क्रास कट डिप में पानी के जमा होने की बात को सिद्ध करने के सिलसिले में पेश की थी । यह 2 क्रास कट में स्टील गार्डरों पर जंग लगने और शहतीरों पर फफूंद लगने से संबंधित है । यह तर्क प्रस्तुत किया गया है कि इनसे इस बात की पुष्टि होती है कि इस क्षेत्र में काफी समय से पानी विद्यमान था । इसी से मिलता-जुलता एक और प्रमाण है, दुर्घटना के बाद इस क्षेत्र में हाइड्रोजन सल्फाइड की गंध का पाया जाना । दोनों पक्षों की ओर से इन मुद्दों पर काफी प्रमाण प्रस्तुत किए गए हैं । मेरे विचार में इन प्रमाणों से पानी जमा होने की पुष्टि नहीं होती । परन्तु फिर भी, इनसे मेरे उस निष्कर्ष पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता जो मैं अन्य आधारों के माध्यम से निकाल चुका हूं कि उस क्षेत्र में काफी पानी जमा था ।

अध्याय-5

आरोप और स्पष्टीकरण

1. यह संभवतः उपयुक्त रहेगा यदि मैं इस समय वै० को० लि० के प्रबंधकों द्वारा दुर्घटना के तत्काल बाद प्रबंधक श्री ग्रोवर, सहायक प्रबंधक श्री दुबे और सर्वेक्षक श्री जोशी के विरुद्ध लगाए गए आरोपों तथा जवाब में उनके द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण के बारे में कुछ उल्लेख करूं ।

2. श्री एम० के० ग्रोवर : आरोप पत्र तारीख 25-11-73 : एक प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि यह दुर्घटना इसलिए घटी क्योंकि विनियम 127 के अंतर्गत 5-डिप क्षेत्र में गैलरियां बनाते समय भूमिगत जल के अचानक आगे बढ़ने के विरुद्ध समुचित पूर्वोपाय नहीं किए गए थे । यह प्रतीत होता है कि आपने सांविधिक कर्तव्यों का पालन करते समय आपसे चूक हुई है जो अत्यधिक लापरवाही का सूचक है ।

3. स्पष्टीकरण, तारीख 9-12-75 (सारांश) : चूंकि अप्रचलित कार्यस्थल में कोई पानी नहीं था इसलिए नवम्बर, 1974 में वहां से पम्प हटा लिए गए । एक महीने बाद उस स्थान का फिर से निरीक्षण किया गया और उसे सूखा पाया गया । बाद में भी मैंने उन अप्रचलित कार्यस्थलों का निरीक्षण किया और उन्हें जलरहित पाया । मैंने आखिरी बार निरीक्षण सितम्बर, 1975 के अंत में किया था । मेरे विचार में इस पानी के जमा होने की घटना हाल ही की है । मैं निम्नलिखित कारणों से इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं :

(1) यदि पतली विभाजन पट्टी पर पानी का दबाव होता तो वह विस्फोट से टूट गई होती ।

(2) संपूर्ण खाली स्थान में केवल 9 लाख गैलन पानी समा सकता है । 6वें लेवल में से प्लावित होकर आए बिना वहां 18 लाख गैलन पानी जमा नहीं हो सकता । परन्तु ऐसा कोई प्लावन नहीं हुआ था । निदेशक, खान सुरक्षा के साथ हाल ही के निरीक्षण के दौरान अधिकतम जल का स्तर 7वें लेवल के संगम के ऊपर 5 से लेकर 20 फुट से अधिक नहीं था । यदि जल स्तर को इस बिन्दु से माना जाए तो इसमें 11 लाख गैलन से अधिक पानी नहीं समा सकता ।

(3) दुर्घटना के दो घंटे बाद जल प्रवाह की दर लगभग 1200 गैलन प्रतिमिनट तथा लगभग 6 घंटे बाद 200 गैलन प्रति मिनट तथा 30 नवम्बर को 45 गैलन प्रति मिनट और 2 दिसम्बर को 30 गैलन प्रति मिनट थी ।

(4) दुर्घटना के बाद 4 शीर्ष में भरण कार्य रोक दिया गया और जो दो पम्प पहले भरण के पानी को निकालने में समर्थ थे अब केवल स्तर का जल निकालने और जल स्तर को बनाए रखने में समर्थ थे । पानी निकालने के लिए 500 गैलन प्रति मिनट सामर्थ्य वाला एक और पंप लगाना पड़ा । इससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि भरण के बाहरी क्षेत्र में पानी तेजी से बढ़ आया था ।

(5) इस क्षेत्र में एकुईफेरस शैल हैं जो जल के लिए बदनाम हैं और संलग्न नक्शे में दिखाए गए बोर होलों के लट्ठों से यह देखा जा सकता है कि बसुआपत्थर जो नं० 4 शीर्ष सीम से ठीक ऊपर है, उसकी मोटाई 20 मीटर है और यह पल्वा-आवरण के ठीक नीचे विद्यमान है । जैसा कि संलग्न नक्शे में दर्शाया गया है, यह देखा जा सकता है कि X 'AA' और 'BB' के नीचे चिन्हित कार्यस्थलों के कुछ भागों में कोई अपारगम्य शैल नहीं है । केवल नं० 4 शीर्ष सीम के ठीक ऊपर कमजोर शैल पट्टियां हैं । किसी भी कारण से यदि कोई छोटी दरार पड़ जाए तो इस प्रकार की दुर्घटना घट सकती है । नं० 4 शीर्ष सीम से पानी सभी तलों और नं० 4 शीर्ष और नं० 4 निचले तल के बीच की दरारों से होकर निकला होगा । सभी प्रकार के पूर्वोपायों के बावजूद इस क्षेत्र में खनन प्रक्रिया निस्संदेह अत्यन्त जोखिमपूर्ण है । यहां तक कि जब विकास कार्य चल रहा हो, गैलरियां जल के उन फीडरों को स्पर्श करती पाई गई हैं जिनका स्रोतों से कोई संबंध नहीं है । अतः यह खतरे का क्षेत्र है और भरण क्रिया के साथ आंशिक अथवा पूर्ण रूप से खम्भे तोड़े जाने की स्थिति में इस प्रकार तेजी से पानी भर जाने की घटना से इंकार नहीं किया जा सकता ।

यह दुर्घटना मेरे बस के बाहर की बात थी और एक प्राकृतिक घटना थी ।

4. श्री आर० के० दुबे : आरोप-पत्र, तारीख 25-11-75 :— प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि यह दुर्घटना इसलिए घटी क्योंकि विनियम 127 और 41क के अंतर्गत 3-डिप में गैलरियों का वेधन करते समय भूमिगत जल के अचानक आगे बढ़ने के विरुद्ध समुचित पूर्वोपाय नहीं किए गए थे । यह प्रतीत होता है कि आपसे चूक हुई है ।

5. स्पष्टीकरण, तारीख 8-12-75 (सारांश) :—श्री ग्रोवर ने मुझे बताया था कि 3 डिप सूखा था । अनुदेशानसार शीर्ष सीम होदी से पानी निकाल देने के लिए 9वें लेवल को आगे बढ़ाया गया । चूंकि निचली सीम होदी तैयार नहीं थी और पम्प लगाकर इसे शीर्ष होदी के साथ जोड़ा जाना था इसलिए 9वें लेवल को रोक दिया गया । 5-11-75 को पानी का रिसना देखा गया और 9वें लेवल को और आगे नहीं बढ़ाया गया । 5-11-75 को खोला गया । 5-डिप भी 7-11-75 को रोक दिया गया । मैं पुराने कार्यस्थल का निरीक्षण नहीं कर सका क्योंकि एक मात्र प्रवेश मार्ग पर काफी टूट-फूट थी ।

मेरे दस्ती नक्शे और प्रबंधक के कार्यालय में रखे नक्शे से पता चला कि न्यूनतम विभाजन पट्टी 7 मीटर मोटी है। पानी के रिसन पर सावधानी से नजर रखी गई। 18-11-75 तक इस रिसन में कोई वृद्धि नहीं हुई।

विनियम 41ए का उल्लंघन मुद्दा पर लागू नहीं होता।

6. श्री आर० के० जोशी : प्रारम्भिक जांच से पता चलता है कि यह दुर्घटना इसलिए घटी क्योंकि आपने विनियम 49 के अंतर्गत अपेक्षित सांविधिक कर्तव्यों का पालन नहीं किया है। यदि आप विनियम के अंतर्गत समुचित ध्यान रखते तो यह दुर्घटना न घटती।

7. स्पष्टीकरण, तारीख 9-12-1975 : मैं सांविधिक और विधीतर कार्यों के अत्यधिक बोझ से दबा हुआ हूं। संबंधित क्षेत्र में चालन नक्शे के अनुसार ही किया गया लेकिन प्रबन्धक के निर्देशानुसार और विनियम के अंतर्गत केवल स्तंभों के आकार को धरातल से कार्यस्थल के आवरण की गहराई के अनुसार कम कर दिया गया।

22/8 से 26/9 तक मैं छुट्टी पर था। 1/11 से 6/11 तक मैं फिर छुट्टी पर था और छुट्टी से लौटने के बाद 9 तारीख तक मैं एयर शाफ्ट संबंधी कार्य पर लगा हुआ था। 10 तारीख को जब मैंने 3-डिप के बारे में पूछताछ की तो मुझे बताया गया कि 9वां ईस्टर्न लेवल आगे नहीं बढ़ाया गया है और नक्शानवीस सर्वेक्षक द्वारा 4/11 को डी० पी० आर० में एक टिप्पण लिखा गया है कि आवश्यक पूर्वोपाय किए जाएं क्योंकि 9वां ईस्टर्न लेवल क्रास कट डिप के निकट पहुंच रहा है।

दुर्घटना के तत्काल बाद इन अधिकारियों पर लगाए गए आरोप और उनके द्वारा दिए गए स्पष्टीकरणों से इस जांच में किन्हीं निर्णयों पर पहुंचने और निष्कर्ष निकालने में सहायता मिलेगी।

अध्याय 6

'अकस्मात पानी घुस जाना'—दुर्घटना का कारण

1. प्रारम्भ में वै० को० लि० के उच्च प्रबंधकों का यह मत था कि 2 क्रास कट क्षेत्र में पानी जमा है और इस पर कोयला खान विनियम 1957 का विनियम 127 लागू होता है। 25-11-75 को श्री ग्रोवर और श्री दुबे पर लगाए गए आरोपों से यह बात स्पष्ट है। (जहां तक सर्वेक्षक श्री जोशी का सम्बन्ध है, उनका भी मत था कि विनियम 49 लागू होता है) मंत्रालय के नाम महाप्रबन्धक के उस पत्र (प्रदर्श डी-23) से भी इस बात की पुष्टि होती है जिसमें से मैं कुछ अंश उद्धृत करता हूं :—

> "नवम्बर, 1974 में यह देखते हुए कि चालन कार्य वास्तव में रुक गया है, भरण क्षेत्र से पम्प को हटा लिया गया। यह पता चला है कि उसके बाद काफी समय तक स्थानीय प्रबन्धकों द्वारा इस बात की पुष्टि के लिए कोई निरीक्षण नहीं किया गया कि चालन गैलरी जल मुक्त है। 3-डिप क्षेत्र में विकास कार्य जुलाई, 75 से चल रहा था और यह मानते हुए कि चालन गैलरी सूखी है, आवश्यक औपचारिकताएं पूरी किए बिना या चालन गैलरी का भलि-भांति निरीक्षण किये बिना 9वीं लेवल ईस्ट गैलरी को 60 मीटर तक बढ़ाया गया।"

प्रारम्भिक जांच से पता चलता है कि गैलरी (9वीं लेवल ईस्ट) के चालन से सम्बन्धित सम्भावित खतरों को समझने में कोमला खान प्रबन्धक, सहायक प्रबन्धक/सुरक्षा अधिकारी और सर्वेक्षक से चूक हुई अतः उन सब पर आरोप लगाकर उन्हें कार्य से निलम्बित कर दिया गया।"

2. ऐसा प्रतीत होता है कि बाद में प्रबन्धकों के मत में क्रमिक परिवर्तन आता गया है। यह परिवर्तन श्री ग्रोवर के 9-12-75 के स्पष्टीकरण में तथा 9-12-75 को सिन्हा, महलुवालिया समिति के समक्ष गवाही देते समय श्री एस० राधाकृष्णन, सब एरिया प्रबन्धक द्वारा दिए गए बयान में देखा जा सकता है।

प्रश्न : इस दुर्घटना के सम्बन्ध में आपका क्या विचार है ?

उत्तर : वहां अचानक तेजी से पानी आ गया था। पानी के तेजी से आने का कारण वहां हुई कुछ टूट-फूट है।

3. उसी समिति के सामने 9-12-75 को श्री सी० पी० बंसल एजेन्ट का बयान इस प्रकार था :

> "मेरे विचार में अचानक इतना पानी जमा हो जाने का कारण पुराने कार्यस्थल में कहीं छत का फट जाना हो सकता है जिससे कि कार्यस्थल में ऊपर फैले एकुईफेरस स्तर में से तेजी से पानी आया। यदि ऐसा न होता तो पानी अवश्य छठे लेवल में से होकर छलकता। आज भी 35 गैलन प्रति मिनट की दर से पानी छलक रहा है।"

4. उसी समिति के समक्ष 7-12-75 को अपनी गवाही में श्री ग्रोवर ने बताया :

> "मैं नहीं बता सकता कि इतना पानी कैसे इकट्ठा हो गया जिसके कारण दुर्घटना घटी। सम्भवतः मेरे अन्तिम निरीक्षण के बाद किसी अज्ञात स्रोत से पानी आना शुरू हो गया होगा। मेरे विचार में नं० 4 शीर्ष और नं० 5 सीमों के परिसर में एक मोटा मलवायुक्त एकुईफेरस बलुआ पत्थर है जो लगभग 20, 25 मीटर मोटी नं० 4 शीर्ष सीम के ऊपर फैला हुआ है। इन पत्थरों में काफी मात्रा में पानी होता है। सम्भवतः एकुईफेरस बलुआ पत्थर के नीचे और नं० 4 शीर्ष सीम के ऊपर का कमजोर शैल किसी कारण से टूट गया हो जिससे नं० 4 शीर्ष सीम में काफी पानी आ गया जहां से यह सभी नलों/दरारों से होता हुआ नं० 4 निचली सीम में पहुंच गया।"

5. अगली घटना वै० को० लि० प्रबन्धकों के उस निर्णय से सम्बन्धित है जिसके अन्तर्गत मार्च, 76 के प्रारम्भ में श्री ग्रोवर को काम में फिर से लिए जाने पर (जो व्यक्ति इस दुर्घटना से इतना सम्बन्धित है उसका चयन वास्तव में एक मजेदार बात है) उन्होंने उसे धनबाद स्थित सैन्ट्रल माइनिंग रिसर्च स्टेशन भेजा। इस मिशन का उद्देश्य सै० मा० रि० स्टे० के डा० बी० सिंह से मिलना और इस दुर्घटना के कारणों के बारे में उनका मत प्राप्त करना प्रतीत होता है। श्री ग्रोवर के इस मिशन का उद्देश्य आकस्मिक प्रतीत होता है। वे पहले से ही यह पता लगाए बिना कि डा० बी० सिंह वहां है, धनबाद पहुंच गए और यह पाया कि डा० सिंह शहर से बाहर गए हुए हैं। एक महीने बाद श्री ग्रोवर दुबारा धनबाद गए और इस बार डा० बी० सिंह से मिलने में सफल हुए। ऐसा प्रतीत होता है कि उनके साथ दुर्घटना के बारे में नैमित्तिक बातचीत ही हो सकी। श्री गोवर डा० सिंह को दिखाने के लिए कोई लिखित सामग्री या कोई नक्शा अपने साथ नहीं ले गए थे और न ही डा० सिंह ने स्वयं कोई लिखित मत प्रदान किया था। डा० बी० सिंह के अनुसार ऐसा लिखित मत देने का प्रश्न काफी बाद में उठना अर्थात् उस समय जब वै० को० लि० ने सै० मा० रि० स्टे० को इसके बारे में लिखा था। परन्तु फिर भी, श्री ग्रोवर डा० बी० सिंह की राय लेकर नागपुर वापस आ गए और कोयला खान के वरिष्ठ अधिकारियों, जिनमें महाप्रबन्धक भी थे, की एक बैठक में इस मत को व्यक्त किया। ऐसा प्रतीत होता है कि बैठक में हुई चर्चाओं (जो एकाधिक चर्चाएं हुई थीं) के परिप्रेक्ष्य में ही 'अचानक आना' का सिद्धान्त निकाला गया। इस सिद्धान्त के अनुसार यह पहले से मान लिया गया कि 2 क्रास कट डिप पूर्णतः सूखा था जो बाद में पानी से पूर्णतः प्लावित हो गया। यह पानी पहले मलवा आवरण से शुरू हुआ,

फिर वह बलुआ पत्थर की परत में पहुंचा, फिर नं० 4 शीर्ष सीम में पहुंचा और इसके बाद न० 4 शीर्ष और नं० 4 निम्न तल के बीच की रोध में होते हुए न० 4 शीर्ष सीम पर पहुंचा। डा० बी० सिंह के अनुसार, जिन्होंने 23-7-77 को खान का निरीक्षण किया था और दो दिन के बाद वै० को० लि० की ओर से विशेषज्ञ गवाह के रूप में अदालत में गवाही दी थी, उपर्युक्त दरार स्थल से होकर पानी के प्रवेश करने के कारण निम्नलिखित हो सकते हैं:—

(1) ऊपर के रिसाव, जिसके कारण न० 4 शीर्ष और नं० 4 निम्न तल के बीच विभाजन में दरार पड़ जाना।

(2) उस क्षेत्र के बोर होलों के जरिए।

(3) प्रदर्श डी-5 में दिखाए अनुसार सर्पी तल या भ्रंश के जरिए।

(4) आमतः छत और सीम के भरण वाले भाग के बीच विद्यमान खाली स्थान के जरिए।

6. डा० बी० सिंह स्वयं दूसरे और चौथे घटक की सम्भावनाओं का खण्डन करते है परन्तु उनका मत है कि पहले और तीसरे घटक का सम्बन्ध हो सकता है। विशेष रूप से उनका मत है कि सर्पी तल या भ्रंश ने जल भरणी का रूप लिया होगा। अपने व्यक्तिगत निरीक्षण के दौरान देखी गई बातों तथा सम्भावित कारणों के विश्लेषण के आधार पर डा० सिंह ऊपर विद्यमान पानी के "अचानक अन्तर्वाह" वाले सिद्धान्त से सहमत नहीं है, भले ही 2 क्रास कट क्षेत्र में पहले से पानी जमा रहा हो या नहीं। अगले दिन अपने बयान में उन्होंने इस तथ्य को इन शब्दों में और अधिक स्पष्ट किया:

"अचानक जल अन्तर्वाह" का मतलब मैं यह समझता हूं कि नं० 4 शीर्ष सीम और नं० 4 निचली सीम के ऊपर विद्यमान जलयुक्त शैलों से पानी का बहना। जैसा कि मैंने कहा है, यह सम्भव नहीं था। परन्तु फिर भी, मैं यह स्पष्ट करना चाहूंगा कि मेरे विचार में जैसा कि मैंने कल कहा था सर्पी या भ्रंश तल के जरिए पानी के बहने की घटना स्वतन्त्र है—भले ही 2 क्रास कट डिप में पहले से पानी विद्यमान रहा हो या नहीं। विश्लेषण के अनुसार, कार्यस्थलों में मौजूद स्थितियों के अन्तर्गत सर्पी या भ्रंश तल से होकर पानी बहा होगा जैसी कि कल चर्चा की गई थी।"

7. मेरे अपने निष्कर्ष इस प्रकार हैं:

विभिन्न स्रोतों से पानी 2 क्रास कट डिप क्षेत्र में बहा होगा और दिसम्बर, 1974 में जब पम्प हटा लिए गए तब से 10 महीने तक वहां जमा होता रहा होगा। मैं इस बात की सम्भावना से इन्कार नहीं करता कि पूर्णतः जलयुक्त मलबा आवरण, जो कोयले की चट्टानों के आवरण के रूप में था, से बराकर बलुआ पत्थर के जरिए न० 4 शीर्ष और नं० 4 निचली सीमों के बीच की विभाजन पट्टी में पानी का सामान्य बहाव भी रहा होगा। कुछ समय के बाद 2 क्रास कट डिप में जमा पानी के कारण वह पट्टी फट गई होगी।

8. वैस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने यह तर्क दिया है कि यदि पानी 2 क्रास कट क्षेत्र से आया होता तो कार्यस्थलों में केवल लगभग 12 लाख गैलन पानी भरा होता। चूंकि कार्यस्थलों में 18 लाख गैलन पानी था अतः उन्होंने यह मत व्यक्त किया है कि 4 शीर्ष सीम के ऊपर सुपर इन्कैम्बैन्ट स्तर से अचानक सवेग पानी आने के कारण ही जलप्लावन की स्थिति उत्पन्न हुई होगी।

9. हम यह बात पहले ही बता देना चाहते हैं कि यह सारा हिसाब मोटे तौर पर लगाया गया है और यह न तो गैलरी और न ही जल स्तर के सही मापों पर आधारित है। दुर्घटना के एक घन्टे के अन्दर ही कार्यस्थलों में पानी भर गया। इसी आधार पर वैस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड यह मानकर चला है कि चूंकि 2 क्रास कट क्षेत्र में पानी एकत्र नहीं था, अतः 4 शीर्ष सीम के ऊपरी स्तर से ही पानी 30,000 गैलन प्रति मिनट की रफ्तार से अन्दर घुसा। जलप्लावन के लगभग छह घन्टे बाद 4 तल सीम में वस्तुतः बहने वाले पानी की रफ्तार 200 गैलन प्रति मिनट बताई गई। सिलवाड़ा खान के इतिहास में ऐसा कोई उल्लेख नहीं मिलता जब पानी 30,000 गैलन प्रति मिनट की रफ्तार से एक घन्टे तक बराबर अन्दर भरता रहा हो और छह घन्टे बाद उसकी रफ्तार अचानक चमत्कारिक ढंग से केवल 200 गैलन प्रति मिनट रह गई हो।

10. वैस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने यह भी कहा है कि दुर्घटना के बाद 4 शीर्ष सीम में पानी का प्रवाह बढ़ गया था। सिन्हा-अहलूवालिया समिति ने इस बात का उल्लेख किया है कि दुर्घटना के पश्चात् शीर्ष सीम की हौदी के पानी का विशेष रूप से सत्यापन किया गया था और उसके जल स्तर में कोई परिवर्तन नहीं पाया गया। अतः समिति ने निचली सीम में, शीर्ष सीम के पानी के बहकर भर जाने की सम्भावना का निराकरण किया है।

11. दुर्घटना के पश्चात् शीर्ष सीम में पानी की मात्रा में वृद्धि हो जाने के सिद्धान्त के समर्थन में वै० को० लि० ने यह तर्क भी प्रस्तुत किया कि 4 शीर्ष सीम में एक अतिरिक्त पम्प लगाने के पश्चात् हौदी का स्तर ढाल के साथ-साथ 11 दिन में 18 मीटर घट गया। पानी में डूबे हुए कामगारों के शवों को बरामद करने के लिए निचली सीम से बड़ी व्यग्रता से जल निकालने में व्यस्त रहने के कारण 4 शीर्ष सीम से पानी निकालने के काम पर सम्भवतः पूरा ध्यान नहीं दिया जा सका। श्री एस० एम० गुहा की अदालत में खान सुरक्षा निदेशक ने खान के इंजीनियर से जो जिरह की, उसका ब्यौरा इस प्रकार है:

प्रश्न: क्या आप इस बात से सहमत हैं कि शीर्ष सीम से पानी निकालने का काम तब तक शुरू नहीं किया गया जब तक कि सारे शवों को निकाल नहीं लिया गया ?

उत्तर: हां, मैं इस बात से सहमत हूं।

12. दुर्घटना के तुरन्त बाद खान का भरण सम्बन्धी सभी कार्य रोक दिया गया। हालांकि भराई कार्य को स्थगित करने के फलस्वरूप 4 शीर्ष सीम में पानी नहीं भरा किन्तु उक्त सीम के भरण किए गए क्षेत्र से पानी बराबर रिसता रहा।

13. खान सुरक्षा महानिदेशक के अनुदेशानुसार 25-11-1975 को 4 शीर्ष में एक और पम्प लगा दिया गया ताकि हौदी में रुके जल की मात्रा को कम किया जा सके। अतः इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि शीर्ष सीम का पानी 11 दिन में ढाल के साथ-साथ केवल 18 मीटर ही घटा हो।

14. अतः वैस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड का यह तर्क विश्वसनीय नहीं जान पड़ता कि शीर्ष सीम के स्तर से पानी के बहाव के कारण कार्यस्थल में पानी भर गया। अतः ऐसा प्रतीत होता है कि दुर्घटना मूलतः, पुराने पानी भरे कार्यस्थलों में पर्याप्त एहतियात न बरते जाने तथा दूसरे गलत सर्वेक्षण मानचित्रों के कारण हुई जिनमें 5-7 मीटर मोटी रोध दिखाई गई है जबकि यह वस्तुतः 0.6 मीटर से अधिक मोटी नहीं थी। इससे निश्चित ही तत्परता में ढील अथवा उपेक्षा की भावना का पता चलता है। पानी के अचानक बह निकलने तथा 18 नवम्बर, 1975 को उसके उसी वेग से सहसा 2 क्रास कट क्षेत्र में भर आने के सिद्धान्त से मैं सहमत नहीं हूं। 4 शीर्ष सीम के ऊपर फैले जलयुक्त शैलों से पानी वहां बराबर आ रहा था।

अध्याय 7

रोध

1. वैस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने अपने पक्ष में दूसरा मत यह व्यक्त किया है कि तर्क की दृष्टि से यदि यह मान लिया जाए कि 2 क्रास कट क्षेत्र जलग्रस्त था तो भी आठवें लेवल से 2 क्रास कट के ढलान के अन्त तथा 9वें पूर्वी स्तर के संरेखण के बीच पर्याप्त रोध थी जो सम्बद्ध जिला क्षेत्र को जलप्लावन से बचाने के लिए काफी थी। वैस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने यह दिखाने के लिए कि रोध की मोटाई लगभग 5 मीटर थी अनेक भूगत नक्शे प्रस्तुत किए, उक्त नक्शों के प्रमुख प्रदर्श जे-14, सी-2, सी-3, डी-21 तथा सी-25 हैं।

2. प्रदर्श जे-14 4 निचली सीम का जल खतरा नक्शा है जो आर एफ 1:1200 के आधार पर तैयार किया गया है। इसे श्री आर० के० जोशी ने 30-6-1972 से 30-9-1975 तक प्रत्येक तिमाही के लिए उद्यतन तथा सही प्रमाणित किया है और इस पर श्री ग्रोवर ने प्रबन्धक की हैसियत से 31-3-75 तक प्रत्येक तिमाही के लिए प्रति-हस्ताक्षर किए हैं।

3. इसी नक्शे में सर्वेक्षक श्री सिंह ने सील अन्य प्रविष्टियां भी की हैं जिन पर प्रबन्धक, श्री के० एस० पी० वर्मा ने प्रतिहस्ताक्षर किए हैं। ये प्रविष्टियां 30-9-1972 से किए गए त्रैमासिक सर्वेक्षणों से सम्बन्धित हैं। स्पष्ट ही श्री सिंह द्वारा की गई प्रविष्टि गलत हैं क्योंकि नक्शा सर्वप्रथम 1971 में बनाया गया था और सिंह की प्रविष्टियां क्रमशः 30-9-1971, 31-12-1971 तथा 31-3-1972 की होनी चाहिए थीं।

4. 8वें स्तर से 2 क्रास कट डिप को 'खुला' दिखाया गया है और 31-3-1969 को समाप्त होने वाले त्रैमासिक सर्वेक्षण की संभंग रेखा को खुली गैलरी के अन्तिम सिरे पर समाप्त होता हुआ दिखाया गया है। उक्त नक्शे की संभंग रेखाओं (31-3-1969) की बारीक जांच करने से यह पता चलता है कि 30-9-1972 के त्रैमासिक सर्वेक्षण की रेखा 9वें लेवल के उठान वाले फलक के पास से गुजर रही थी। इस सर्वेक्षण रेखा (30-9-1972) को बाद में मिटाया गया है। इसी प्रकार 2 क्रास कट को भी, जिसे मूलतः 9वें लेवल तक फैला दिखाया गया था, मिटा दिया गया है। 2 क्रास कट के पश्चिम में लेवलों 6, 7 तथा 8 स्क्वायर को, नक्शे में सेट की सहायता से सही तरीके से अंकित किया गया है किन्तु नक्शे को अद्यतन बनाने के लिए 3 डिप डिस्ट्रिक्ट के कार्यस्थलों को पेन्सिल से यों ही हाथ से अंकित कर दिया गया है। कुछ संयोजनों के घटे हुए लेवलों को पेन्सिल से वृत्त बनाकर दर्शाया गया है और घटे हुए जल स्तर के पाठ्यांकों को भी पेन्सिल से लिखा गया है।

5. प्रदर्श सी-2, 4 तल सीम के कार्यस्थलों का भूगत नक्शा है जिसे कोयला खान विनियमावली की अपेक्षाओं के अनुसार आर० एफ० 1:1200 के आधार पर मड़ाईदार कागज पर बनाया गया है। मड़ाईदार कागज का प्रयोग सामान्यतः सांविधिक भूगत नक्शों के लिए किया जाता है। उक्त नक्शा श्री आर० के० जोशी द्वारा 30-6-72 से 30-9-1974 तक अद्यतन तथा सही प्रमाणित किया गया है। 30-6-73 से 30-9-74 तक के त्रैमासिक सर्वेक्षणों पर कोयला खान प्रबन्धक श्री ग्रोवर के प्रति-हस्ताक्षर हैं। इससे पूर्व अवधि के सर्वेक्षणों पर पहले प्रबन्धक श्री के० एम० पी० शर्मा के प्रतिहस्ताक्षर हैं।

6. उक्त नक्शे में 2 क्रास कट की डिप की परीक्षा करने से यह पता चलता है कि डिप, 8वें लेवल के संयोजन के नीचे केवल 8 मीटर तक ही बढ़ी है। 8 मीटर के आगे के भाग को मिटा दिया गया है। डिप गैलरी के अन्तिम सिरे को खुला दिखाया गया है। 9वें लेवल के पूर्वी भाग तथा उसके 4 डिप की पेन्सिल से अंकित की गई प्रगति रेखा को भी मिटाने का प्रयास किया गया है। अतः सार रूप में यह कहा जा सकता है कि क्रास कट डिप को, मूलतः 9वें लेवल तक 9 मीटर से आगे बढ़ा हुआ दिखाया गया था और 2 क्रास कट डिप की प्रगति दर्शाने वाली रेखा को मिटा दिया गया है। नक्शे से यह भी पता चलता है कि 2 क्रास कट डिप की दो रेखाओं तथा 2 क्रास कट से अलग आठवें पश्चिमी लेवल के कुछ भाग पर यों ही हाथ से फिर से स्याही फेर दी गई है। 3 डिप डिस्ट्रिक्ट के कुछ विकास को हाथ से स्याही से अंकित किया गया है और शेष भाग पेन्सिल से तैयार किया गया है। जलस्तरा के कुछ साइ-केन्द्रों को भी मानचित्र में पेन्सिल से दिखाया गया है।

7. इस सम्बन्ध में सर्वेक्षक द्वारा 3 डिप डिस्ट्रिक्ट के कार्यस्थलों के बारे में अदालत के सामने पेश किए गए साक्ष्य को नीचे दिया जा रहा है :—

"इस डिस्ट्रिक्ट का त्रैमासिक सर्वेक्षण नहीं किया गया।

3-डिप डिस्ट्रिक्ट के मामले में किसी अन्य प्रकार का सर्वेक्षण भी नहीं किया गया। सर्वेक्षणकर्ता की रिपोर्ट के अनुसार, जरीब माप पर आधारित 3-डिप डिस्ट्रिक्ट का आलेखन भी पेन्सिल से किया गया था और उक्त 3 डिप डिस्ट्रिक्ट के आलेखन के अन्य कोई नक्शे दुर्घटना से पहले के नहीं दिखाए गए, इन्हें दुर्घटना के बाद तैयार किया गया। अन्य नक्शे भी दुर्घटना के बाद तैयार किए गए।"

8. मैंने प्रदर्श सी-3 की भी जांच की है, जिसे वै० को० लि० सांविधिक भूगत नक्शा मानती है। यह नक्शा अक्सी कागज पर बना हुआ है जिसका आर० एफ० 1:1200 है। इसे सर्वेक्षक ने 30-9-75 तक अद्यतन तथा सही प्रमाणित किया है और इस पर 31-3-75 तक प्रबन्धक के प्रतिहस्ताक्षर हैं। यह समझ में नहीं आता कि प्रबन्धक ने 30-6-75 तथा 30-9-75 को समाप्त होने वाली त्रैमासिक अवधियों में किए गए सर्वेक्षणों पर हस्ताक्षर क्यों नहीं किए।

9. उक्त नक्शे में 2 क्रास कट डिप को स्याही से अंकित दिखाया गया है जो 8वें लेवल के संयोजन से 7 मीटर और आगे तक बढ़ी है। 31-3-1969 के त्रैमासिक सर्वेक्षण की रेखा 2 क्रास डिप के सिरों से गुजरती हुई दिखाई गई है। 2 क्रास कट डिप के उठान की ओर की त्रैमासिक सर्वेक्षण रेखा में पश्चिम अथवा पूर्व की ओर किए गए सर्वेक्षण की तारीखों का स्पष्ट उल्लेख नहीं है क्योंकि ये तारीखें मिटा दी गई हैं। तथापि, पूर्व की ओर की तारीख 30-9-1972 दीख पड़ती है। 7वें लेवल पूर्व के सामने की डिप पर जान-बूझकर दोबारा स्याही फेरी गई है ताकि 4 तल पूर्वी डिस्ट्रिक्ट के सर्वेक्षण की तारीख 30-9-1972 दिखाई जा सके। यदि नक्शे पर बिन्दुओं से अंकित तारीख 31-9-69 की त्रैमासिक सर्वेक्षण रेखा की सावधानीपूर्वक जांच की जाए तो उससे यह पता चलेगा कि यह सर्वेक्षण रेखा, 2 क्रास कट डिप के सामने 9वें लेवल पूर्व के उठान वाले फलक का लगभग स्पर्श कर रही है।

10. ऐसा प्रतीत होता है कि 2 क्रास कट डिप के 9वें लेवल के शीर्ष तक की प्रगति को मिटा दिया गया है और डिप की प्रगति को केवल 7 मीटर तक दिखाने के लिए हाथ से स्याही से दोबारा बनाया गया है जबकि मूल रूप में यह प्रगति रेखा मिटाए जाने से पूर्व 12 मीटर का संकेत करती है।

11. यह उल्लेखनीय है कि खा०सु०म०नि० के अनुसार, जिसने दुर्घटना के पश्चात् 2 क्रास कट का सर्वेक्षण किया 9वें लेवल पूर्व के टूटे स्थल तथा 9वें लेवल केन्द्र के बीच की दूरी 18.7 मीटर थी।

12. प्रदर्श डी-21, 4 निचली सीमा के कार्यस्थलों का संवातन नक्शा है जो आर० एफ० 1:1200 के आधार पर तैयार किया गया है। उक्त नक्शे को 30-9-1975 को समाप्त होने वाली त्रैमासिक अवधि के लिए सर्वेक्षक श्री आर०के० जोशी ने अद्यतन तथा सही प्रमाणित किया है और प्रबंधक ने इस पर 31-3-1975 तक की त्रैमासिक अवधि के लिए प्रतिहस्ताक्षर किए हैं।

13 इस नक्शे में से 3-डिप कार्यस्थलों को योंही हाथ से दर्शाया गया है और 2 क्रास कट की प्रगति मूलतः 9वें लेवल पूर्व के उठान वाले फलक तक दिखाई गई थी। नक्शे में 2 क्रास कट डिप को 9वें लेवल तक मिटा दिया गया है और 8वें लेवल संयोजन से केवल 8.5 मीटर की प्रगति अंकित की गई है। उक्त नक्शे के 9वें लेवल के उठान वाले फलक तक 2 क्रास कट डिप के निचले भाग में, जिसे वृत्त से घेर दिया गया है, मूलतः अंकित चिन्हों को स्पष्ट रूप से मिटा दिया गया है (इसे साफ देखा जा सकता है)। त्रैमासिक सर्वेक्षण की रेखाएं भी इसमें अंकित नहीं हैं।

14. प्रदर्श सी-25, 3 डिप डिस्ट्रिक्ट की पूर्व तथा निचली सीमा के कार्यस्थलों (अध्यारोपित) का संयुक्त नक्शा है। लाल सीम के कार्यस्थल पेंसिल से अंकित किए गए हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि 2 क्रास कट डिप की प्रगति को मिटा दिया गया है। 2 क्रास कट डिप की प्रगति दर्शाने वाली काली रेखा को मिटा दिया गया है और केवल शीर्ष सीम की स्थिति को प्रकट करने वाली लाल रेखा ही नक्शे में दीख पड़ती है। क्रास कट डिप के अंतिम छोर पर खिंची काली धुंधली रेखा को सरलतापूर्वक देखा जा सकता है क्योंकि यह रेखा पूरी तरह नहीं मिटाई जा सकती है। इस नक्शे में 2 क्रास कट की प्रगति 9वें लेवल पूर्व के संयोजन तक दिखाई गई है। उक्त रेखा की प्रगति 9वें लेवल उठान वाले फलक तक नहीं दिखाई गई है जैसा कि जे-14, सी-2, सी-3 तथा डी-21 नक्शों में दिखाया गया है।

15 अन्य अप्रासंगिक नक्शों की स्थिति इस प्रकार है :—

16. प्रदर्श सी-43 में 4 निचली सीम के भागशः कार्यस्थलों का 16-9-72 तक का मासिक प्रगति नक्शा प्रस्तुत किया गया है। इसमें 2 क्रास कट डिस्ट्रिक्ट का त्रैमासिक सर्वेक्षण केवल एक सबिन्दु रेखा द्वारा दर्शाया गया है और इस सर्वेक्षण रेखा पर 1-7-1972 की तारीख अंकित है।

17 उक्त तारीख को 8वें लेवल पश्चिम की प्रगति, 8वें लेवल के संयोजन से केवल 10 मीटर दूर थी और 8वें लेवल पूर्व की प्रगति 1 क्रास कट संयोजन से 65 मीटर पर थी। 2 क्रास कट डिप की प्रगति 8वें लेवल संयोजन से लगभग 8 मीटर थी तथा डिप का अंतिम सिरा भी बन्द नहीं है। नक्शा प्रदर्श सी-2, सी-3, डी-21 तथा जे-14 में 8वें पश्चिमी लेवल की प्रगति 2 क्रास कट से 29 मीटर है और 8वें पूर्वी लेवल की प्रगति 1 क्रास कट से 21 मीटर है।

18. 8वें लेवल के संयोजन से 9वें लेवल पूर्वी शीर्ष तक 2 क्रास कट की दूरी (नक्शा प्रदर्श जे-14, सी-2, सी-3 तथा डी-21 में) 12 मीटर है, (जैसा कि वै०को०लि० द्वारा दिखाया गया है) जबकि खा०सु० म०नि० के सर्वेक्षकों द्वारा यह दूरी टूटे स्थल तक 18.7 मीटर और वै०को०लि० द्वारा प्रदर्श सी-28 के अनुसार 19 मीटर मानी गई है।

19. डी-9 और डी-12 2 तल सेक्शन के ब्लूप्रिंट हैं जो आर०एफ० 1 : 1200 के आधार पर तैयार किए गए हैं और उनमें 2 क्रास कट डिप की प्रगति 8वें लेवल के संयोजन से 7/8 मीटर दर्शायी गई है। ये नक्शे 3 क्रास कट क्षेत्र की 4 निचली सीम के खंभे तोड़ने के लिए अनुमति प्राप्त करने हेतु खा०सु०म०नि० को प्रस्तुत किए गए थे।

20. प्रदर्श सी-28 (जो प्रबंधक के कमरे में लगे नक्शे जैसा ही बनाया जाता है) आर० एफ 1 : 2400 के आधार पर अक्सी कपड़े पर बना हुआ है और इसमें 4 निचली सीम का भूगत नक्शा दिखाया गया है। इसमें स्पष्ट रूप से दिखाया गया है कि 8वें लेवल के संयोजन से 2 क्रास कट की दूरी 19 मीटर थी, जो लगभग उतनी ही बैठती है जितनी कि दुर्घटना के पश्चात् खा० सु० म०नि० द्वारा सर्वेक्षण करने पर निर्धारित की गई है। उक्त नक्शे में 9वें पूर्वी लेवल और 2 क्रास कट के बीच लगभग 4 मीटर का फासला दिखाया गया है। इसका कारण यह है कि 3-डिप के कार्यस्थलों का अभिविन्यास नक्शा सही रूप में नहीं बनाया गया है। यह कुछ स्याही से और कुछ पेंसिल से बनाया गया है। सर्वेक्षक श्री जोशी ने बताया है कि 3-डिप क्रास कट के कार्यस्थलों को केवल सटे हुए नक्शे (प्रदर्श सी-2) में ही पैमाने से अद्यतन बनाया गया है। इससे यह भी पता चलता है कि प्रदर्श सी28 में इन कार्यस्थलों का गलत अभिविन्यास दिखाया गया है। अतः स्पष्ट है कि प्रबन्धक के कार्यालय में लगे नक्शे में मापे गए रोध को विश्वसनीय नहीं माना जा सकता है।

21. कोयला खान विनियमावली के अनुसार खान में निम्नलिखित सांविधिक नक्शे रखे जाने आवश्यक हैं

(1) धरातल नक्शा

(2) प्रत्येक सीम के भूगत कार्यस्थलों के नक्शे (प्रदर्श सी-2 तथा सी-3)

(3) संवातन नक्शा (प्रदर्श डी-31)

(4) जल खतरा नक्शा (प्रदर्श जे 14)

22. उक्त सभी नक्शों की, जो सदैव अद्यतन तथा सही रूप में रखे जाने चाहिए, जांच करने से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि यद्यपि पहले 2 क्रास कट डिप की प्रगति 9वें पूर्व लेवल के शीर्ष तक दिखाई गई थी किन्तु उसे कई बार मिटाया-बनाया जा चुका है और उस पर अनेक बार स्याही भी फेरी जा चुकी है। इतना ही नहीं त्रैमासिक सर्वेक्षण की रेखाओं को भी अनेक बार मिटाया गया प्रतीत होता है।

23 वैस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के प्राधिकारियों की दलील है कि जब उन्होंने 9वें लेवल पूर्व उठान वाली ओर से पानी रिसते देखा तो उन्होंने पर्याप्त एहतियात के रूप में यह सुनिश्चित कर लिया कि 2 क्रास कट डिप के साथ 5 मीटर मोटा कोयले का जो रोध लगा है वह पर्याप्त है जैसा कि खान के नक्शों (मुख्य नक्शे तथा प्रबंधक के कमरे में लगे नक्शे प्रदर्श सी-25 जैसे ही एक अन्य नक्शे) से पता चलता है।

24. उन्होंने अपने लिखित बयान में भी इस बात का उल्लेख किया है कि सर्वेक्षक ने रोध की मोटाई की पुष्टि कर दी थी, जबकि उसने अन्वेषण में इस उक्त तथ्य को स्वीकार करने से इन्कार कर दिया था जैसा कि मैंने अन्यत्र कहा है।

25. उपर्युक्त की दृष्टि से यह बयान विश्वसनीय नहीं प्रतीत होता है कि 2 क्रास कट डिप के सम्मुख 5 मीटर मोटी कोई रोध थी; मैं इस संबंध में इतना ही कह सकता हूं कि इतनी मोटी रोध दिखाने के लिए सांविधिक नक्शों को काफी विकृत किया गया है। यदि नक्शों को काफी बनाया-मिटाया न गया होता तो 2 क्रास कट डिप 9वें पूर्वी लेवल के उठान वाले फलक को छू रहा होता और वहां कोई रोध नहीं होती।

26. उपर्युक्त सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए मैं ऐसा महसूस करता हूं कि मुझे इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध हैं कि वै०को०लि० द्वारा रोध की मोटाई 5 मीटर सिद्ध करने के लिए प्रस्तुत किए गए तर्कों को अस्वीकार किया जाए। वस्तुतः नक्शों में सभी प्रकार की काट-पीट तथा फेर-बदल की पूरी गुंजाइश के बावजूद मैं यह कहने के लिए बाध्य हूं कि मेरे सामने प्रस्तुत किए गए नक्शों से इस बात का पता चलता है कि वहां किसी प्रकार की कोई रोध थी ही नहीं।

27. नक्शों और प्लानों में विभिन्न प्रकार की काटपीट तथा उनको छिपाने से सम्बन्धित सभी पक्षों और इस बात पर मैंने बहुत विचार किया है कि इस मामले में एक ओर श्री आर० के० जोशी, सर्वेक्षक तथा दूसरी ओर वै०को०लि० के प्रबन्धक वर्ग को किस सीमा तक और कैसे उत्तरदायी ठहराया जाए। उक्त काट-पीट तथा फेर-बदल के जिम्मेदार कौन लोग हैं तथा इसके लिए उन्हें किस सीमा तक उत्तरदायी

ठहराया जाए, यह प्रश्न बहुत जटिल है और मैं इस बारे में किसी निश्चित निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा हूं। उक्त नक्शों में बहुत सारी काट-पीट अदालत के समक्ष प्रबन्धक वर्ग द्वारा प्रस्तुत किए गए पक्ष के समर्थन में की गई है और यह यथा सम्भव श्री जोशी और/या प्रबन्धक वर्ग के किसी वरिष्ठ सदस्य द्वारा काफी जल्दबाजी में की गई जान पड़ती है। ऐसी स्थिति में सारी जिम्मेदारी केवल प्रबंधकों पर ही डाली जानी चाहिए। मुझे विश्वसनीय रूप से यह बताया गया कि नक्शों को बिगाड़ने तथा मिटाने का सारा काम केवल कुछ घंटों में ही पूरा कर दिया गया होगा। सार रूप में इसी निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि 25 नवम्बर, 1975 को श्री जोशी के नियुक्ति किए जाने से पूर्व, दुर्घटना से सम्बंधित सभी महत्वपूर्ण तथ्यों के विषय में श्री जोशी तथा शेष प्रबन्धक वर्ग के कथन बहुत अधिक मिलते-जुलते हैं किन्तु बाद में ये दोनों संभवतः अलग हो गए और श्री जोशी को अपना पक्ष स्वयं प्रस्तुत करना पड़ा और उन्हें अपनी सफाई भी स्वतंत्र रूप से पेश करनी पड़ी। यह स्वीकार किया गया है कि प्रदर्श सी-2 में पेंसिल से जो आलेखन किया गया है वह दुर्घटना के पश्चात् नक्शानवीस सर्वेक्षक श्री ओझा द्वारा किया गया था।

28. प्रलेखों की जब्ती के बारे में इस मामले में एक असंतोषजनक बात यह देखने में आई कि कुछ नक्शे तो 19-11-75 की सुबह ही जब्त कर लिए गए (जिसे 18-11-75) को अपराह्न 2 30 बजे दुर्घटना होने के बाद संविलम्ब ही कहा जाएगा) जबकि कुछ अन्य नक्शे तथा दस्तावेज 10 दिन बाद जब्त किए गए। मैं समझता हूं कि कोयला-खान विनियमावली में ही यह विहित करना वांछनीय है कि जब भी किसी बड़ी दुर्घटना के पश्चात् खान सुरक्षा महानिदेशालय के जो भी प्राधिकारी खान का निरीक्षण करने के लिए जाएं तो उन्हें उसी समय, दुर्घटना स्थल पर उनके साथ जाने वाले अधिकारियों में से किसी के भी जरिए, अपने अन्य अधिकारियों के माध्यम से सभी संगत नक्शों और दस्तावेजों को जब्त कर लेना चाहिए। मेरा यह भी सुझाव है कि कोयला खान विनियमावली की प्रथम अनुसूची के फार्म 4-ए में (जो घातक दुर्घटना की लिखित सूचना देने का फार्म है) यथोचित संशोधन किए जाने चाहिए ताकि उसमें (1) सूचना देने के समय, (2) दुर्घटना के समय के अतिरिक्त (जिसकी आजकल व्यवस्था है) उक्त सूचना प्रेषित करने के समय की भी सूचना दी जा सके। इससे विनियम 9 के वास्तविक आशय की ही पूर्ति होगी। छुट्टियों के दिनों में भी उक्त प्रकार की दुर्घटनाओं की सूचना प्राप्त करने के लिए खान सुरक्षा महानिदेशालय के सभी कार्यालयों पर ड्यूटी अधिकारियों की तैनाती की सम्भावनाओं पर भी सरकार को विचार करना चाहिए।

अध्याय 8

रिसन

1. अब मैं 9वें पूर्वी लेवल में पानी रिसने का पता लगाने से संबंधित प्रश्नों, उससे उत्पन्न पेचीदगियों और दुर्घटना के समय तक संबंधित दुष्परिणामों पर विचार करूंगा। वै०को०लि ने यह तर्क दिया कि रिसन सामान्य से अधिक नहीं था, वह 9वें पूर्वी लेवल गैलरियों के उठाने वाले फलक के अग्रभाग तथा फर्श, दोनों से लगभग 1.5 मीटर की दूरी पर शुरू हुआ। ऐसा ज्ञात होता है कि इसकी सूचना श्री आर०के० दुबे को सर्वप्रथम 5-11-1975 की प्रातः रात की पारी के सिरदार द्वारा दी गई। श्री दुबे ने 5-11-1975 की पहली पारी में जब उक्त रिसन का निरीक्षण किया तो उन्होंने पाया कि पानी बूंद-बूंद कर रिस रहा था। उन्होंने तुरन्त मुखाग्र को बंद कर देने के आदेश दिए और विस्फोट पर रोक लगा दी। श्री दुबे ने 2 क्रासकट क्षेत्र का निरीक्षण भी यह देखने के लिए करना चाहा कि क्या वहां पानी तो इकट्ठा नहीं हो गया है। किन्तु 2 क्रासकट के छठे लेवल संयोजन के ठीक नीचे की छत के गिर जाने के कारण वे क्रासकट के निचले लेवलों का निरीक्षण नहीं कर सके। तदोपरान्त उन्होंने अपने बस्ती नक्शे (प्रदर्श सी-35) तथा प्रबन्धक के कमरे में टंगे नक्शे को देखा और उन्हें देखकर वे इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि वहां कम से कम 7-8 मीटर मोटी कोयले की रोक थी। उस समय कोयला खान प्रबन्धक, श्री ग्रोवर छुट्टी पर थे। 10-11-1975 को छुट्टी से वापस आने पर श्री दुबे ने उन्हें तुरन्त रिसन की सूचना दी। उन्होंने 12-11-75 को रिसन का निरीक्षण किया तथा श्री दुबे द्वारा किए गए पूर्वोपायों की जानकारी प्राप्त की और बेहतर ऐतिहात के तौर पर उन्होंने यह आदेश दिया कि फेस पर लगातार निगरानी रखी जाए। इस एहतिहात का अभिप्राय यह था कि यदि रिसन इसी प्रकार होता रहता है तो इसे एक बार में सामान्य माना जा सकता है किन्तु यदि इसके आयतन और मात्रा में वृद्धि होती है तो इसे सामान्य से अधिक माना जाएगा और इस विषय में अवश्य ही कुछ करना होगा चूंकि उक्त कसौटी के अनुसार रिसन को सामान्य समझा गया तथा छठे लेवल के जरिए भी पानी का बहाव तेज नहीं था और इस सबके बावजूद वहां कम से कम 5 मीटर मोटी रोध थी, अतः वैस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने यह दलील दी है कि उन्होंने सभी संभव पूर्वोपाय कर लिए थे, विशेषतः तब जबकि वे इस बात से आश्वस्त थे कि 2 क्रासकट डिप में तनिक भी जलग्रस्त नहीं था।

2 खान सुरक्षा महानिदेशालय ने यह दलील दी है कि पानी प्राकृतिक रूप से छन कर आ रहा था और उसमें 2 क्रासकट क्षेत्र का पानी भी मिलता जा रहा था। उनके विचार से पानी निश्चित ही असामान्य रूप से रिस रहा था और उनकी यह मान्यता निम्नलिखित कारणों पर आधारित है।

(मैं यहां लिखित तर्कों से उद्धृत कर रहा हूं)

"(क) रिसन के कारण मध्य रेखा को 1-11-75 को बदल दिया गया था।

(ख) रिसन के कारण महत्वपूर्ण मुखाग्रों को बंद कर दिया गया था।

(ग) श्री दुबे रिसन देखने के पश्चात् तुरन्त कार्यालय गए।

(घ) रिसन की घातक गवाही देते समय कामगारों ने बताया कि रिसन के पानी ने प्रवाह का रूप धारण कर लिया था।

(ङ) रिसन के बारे में प्रविष्टियां कर दी गई हैं।

(च) प्रबंधक ने रिसन का अनुमान 5 गैलन प्रति मिनट लगाया। सामान्य रिसन के मामले में उक्त उपाय कदापि नहीं किए जाते।"

3. खान सुरक्षा महानिदेशालय के तर्क पर्याप्त सशक्त प्रतीत होते हैं। निस्संदेह संघट्ट खान एक गीली खान है और सभी गीली खानों में सामान्यतः उनकी दीवारों तथा छतों आदि से पानी टपकता है। जिस रिसन पर खान अधिकारियों का ध्यान गया वह निश्चित ही असामान्य रही होगी और इसी वजह से उसका मुंह भी बंद किया गया। दृष्टव्य है कि पांच दिन की छुट्टियों के पश्चात् प्रबंधक महोदय के वापस आने तथा उनसे उक्त विषय पर चर्चा किए जाने तक रिसन में वृद्धि न होने के कारण ही प्रबन्धक वर्ग निश्चेष्ट एवं निष्क्रिय रहा। उन्हें यह समझ लेना चाहिए था कि पानी का इस प्रकार रिसना समय के साथ कम होता जाता है क्योंकि कोयले में पड़ी दरारें गर्त के पानी में घुले पदार्थों से अवरुद्ध हो जाती हैं। पानी के लगातार रिसते रहने और उसकी मात्रा में कोई कमी न होने के तथ्य को एक चेतावनी के रूप में लिया जाना चाहिए था तथा 3-डिप डिस्ट्रिक्ट के कार्यस्थलों की स्थिति अंकित करने और/या बोर होलों के माध्यम से बीच की रोध की मोटाई ज्ञात करने के उपाय किए जाने चाहिए थे। दुर्भाग्यवश ऐसा नहीं किया गया और इसके भयंकर परिणाम हुए।

4 यह सही है कि 1-11-75 को श्री दुबे के अनुरोधानुसार 9वें पूर्वी लेवल की मध्यरेखा को बदलकर डिप की तरफ और अधिक बढ़ा दिया गया था। श्री दुबे से इस संबंध में काफी पूछताछ की जा चुकी है

किन्तु उन्होंने ऐसा क्यों किया—इसका ठीक-ठीक कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। किन्तु पूर्वोक्त की दृष्टि से ऐसा ज्ञात पड़ता है कि सन्निकट ज्ञात जलग्रस्त क्षेत्र में खुदान का काम न करने के लिए मध्य लाइन को मोड़ दिया गया था।

5. मैं खा०सु०म०नि० की इस दलील से सहमत नहीं हूं कि नक्शे में रोध की जांच करने के प्रयोजन से श्री दुबे का तुरन्त कार्यालय जाना निश्चित ही रिसन की असामान्यता की ओर संकेत करता है। मेरे विचार से श्री दुबे ने समुचित एहतियात बरती और उनका उक्त व्यवहार मात्र स्वाभाविक ही कहा जाएगा। सिर्फ इतने से इस बात का कोई संकेत नहीं मिलता कि रिसन असामान्य थी हालांकि शान्ति के बाद मैं अब इसी निष्कर्ष पर पहुंचा हूं।

6. मेरे विचार से असामान्य रिसन का पता चल जाने से प्रबन्धक वर्ग को सन्निकट खतरे की चेतावनी मिल जानी चाहिए थी। प्रबन्धक वर्ग को इस मामले को पूरी गंभीरता से लेना चाहिए था तथा इसकी सूचना उसे अपने उच्चाधिकारियों (यथा, एजेंट, उपक्षेत्र प्रबंधक तथा महाप्रबन्धक) को देकर उनकी सलाह ले लेनी चाहिए थी। साथ ही उसे पहले से ही बोर होल तैयार करने के बारे में सावधानीपूर्वक आवश्यक उपाय करने चाहिए थे। वह वस्तुतः अपने ही भ्रमों में खोया रहा कि जलग्रस्त कार्यस्थल अभी काफी दूर है।

7. साक्ष्य में यह दिया गया है कि यदि दुर्घटना से पूर्व वस्तुतः प्रयास किया जाता तो छठे पूर्वी लेवल और 2 क्रास-कट डिप के संयोजन के टूट-फूट के क्षेत्र में आगे बढ़ा जा सकता था। यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि प्रबन्धक, सहायक प्रबन्धक तथा कोयलाखान कर्मचारियों में से किसी ने भी इस दिशा में कोई प्रयास नहीं किया। इसकी व्याख्या केवल यही मानकर की जा सकती है कि उन्हें यह भलीभांति ज्ञात था कि क्रास-कट के कार्यस्थलों में पानी भरा हुआ था।

अध्याय 9

क्षेपक

1. अब मैं सर्वेक्षक की डायरी (प्रदर्श जे-1) तथा डिप प्रगति रजिस्टर (प्रदर्श सी-22) की प्रविष्टियों की चर्चा करना चाहूंगा जिन्हें क्षेपक कहा गया है। सर्वेक्षक की डायरी में श्री जोशी की तारीख 20-11-75 की टिप्पणी इस प्रकार है :—

> "4 पूर्वी सेक्शन का 9 लेवल पूर्व, चौथे तल पूर्व के उसी सीम के जलग्रस्त क्षेत्र के 60 मीटर की दूरी पर रह गया है। यह आपके सूचनार्थ तथा आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रस्तुत है तथा 13वां लेवल पश्चिमी तल भी भग्न तल के निकट है। आवश्यक कार्रवाई अपेक्षित है।
>
> प्रबन्धक को. . . .प्रस्तुत।"

उक्त प्रविष्टि को प्रबन्धक ने नहीं देखा (न ही श्री आई० के० सिंह ने इसे देखा जो उस समय अर्थात प्रविष्टि किए जाने के समय, कार्यपालक प्रबन्धक के रूप में काम कर रहे थे, और न ही इस प्रविष्टि को श्री डावर ने, 10-11-1975 को छुट्टी से लौटने पर देखा)।

2. डायरी को देखने से पता चलता है कि श्री जोशी के कोयलाखान में, सन् 1972 में सर्वेक्षक की हैसियत से कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात् उन्होंने अपनी डायरी में अनेक प्रविष्टियां कीं और प्रत्येक प्रविष्टि प्रबंधक महोदय को भी प्रस्तुत की गई तथा उन्होंने उस पर उपर्युक्त हिदायतें भी दर्ज कीं। केवल 5-3-74 की प्रविष्टि को ही प्रबन्धक ने नहीं देखा जो इस प्रकार है :—

> "आपके आदेशानुसार सर्वेक्षक (के० एण्ड पी०) से उपकरण मांगे गए किन्तु उन्होंने उपकरण देने में असमर्थता व्यक्त की। कृपया सूचनार्थ देखें।
>
> कोयलाखान प्रबंधक को प्रस्तुत।"

इसके बाद 5-8-1975 की एक प्रविष्टि श्री बी० झा (नक्शानवीस सर्वेक्षक, जो संभवतः सर्वेक्षक के रूप में काम कर रहे थे) द्वारा 59वें उठान के 22वें पश्चिमी लेवल को रोकने, 22वें लेवल को तैयार करने तथा 20वें पूर्वी लेवल को 41वें उठान तक तैयार करने के बारे में की गई है। उक्त सभी उपाय बोर होल के एम० टी० 55 या के० एस० टी० 19 में पानी न जाने देने की एहतियात की गरज से किए जाते हैं। इसके बाद श्री जोशी कृत एक और प्रविष्टि है जो 20-10-1975 की है, जिसे प्रबंधक महोदय ने नहीं देखा।

3. डिप प्रगति रजिस्टर (प्रदर्श सी-22) में श्री जोशी द्वारा की गई विवादास्पद प्रविष्टि इस प्रकार है :

> "6वां पूर्वी लेवल जलग्रस्त क्षेत्र तक पहुंच रहा है" पूर्वोपाय आवश्यक है।

इस पर श्री जोशी के हस्ताक्षर तो हैं किन्तु तारीख अंकित नहीं है, यह प्रविष्टि रजिस्टर के प्रथम खाने में अंकित तारीख 20-10-1975 के सामने दर्ज है। श्री जोशी ने रजिस्टर के पृष्ठ के बाईं ओर उक्त तारीख के सामने जो प्रविष्टियां की हैं, वे हरी स्याही में हैं। पृष्ठ के एकदम दाईं ओर की गई विवादास्पद प्रविष्टि नीली बाल-प्वाइन्ट पेंसिल से की गई जान पड़ती है और यह प्रबंधक वाले खाने में अंकित है। इसके ठीक नीचे बाईं ओर सर्वेक्षक द्वारा 21/10 से 22/10 की प्रविष्टियां अंकित हैं जो एक ब्रैकेट में दी गई हैं। इन्हें सहायक प्रबंधक श्री दुबे ने देखा है और उन पर उन्होंने 25/10 को हस्ताक्षर किए हैं।

4. श्री जोशी की उक्त प्रविष्टि 1 को लेकर दोनों ही ओर से लंबी दलीलें पेश की जा चुकी हैं। बै० को० लि० ने तर्क दिया है कि सर्वेक्षक की डायरी में प्रविष्टि वस्तुतः 18-11-75 को, दुर्घटना होने के तुरंत पश्चात् इस आशय से की गई थी कि उन्हें दुर्घटना होने से पूर्व, कोयलाखान विनियम 49 के पालन न करने की जिम्मेदारी से समय रहते बचाया जा सके। दोनों ही पक्षों की दलीलों पर सम्यक् रूप से विचार करने के पश्चात् मेरा स्वयं का यह विचार है कि सम्बन्धित प्रविष्टि दुर्घटना के पश्चात् की गई है और यह क्षेपक है। यदि श्री जोशी यह कहते हैं कि उक्त प्रविष्टि वस्तुतः 20-10-75 को की गई थी और तदनुसार यह माना जाना चाहिए कि उन्होंने कोयलाखान, विनियम 49 की अपेक्षाओं का पालन किया है (जिसका विशिष्ट आरोप उनके ऊपर दुर्घटना के तुरंत पश्चात् लगाया गया था), तो मेरी समझ में यह नहीं आता कि उन्होंने उक्त आरोप के उत्तर में इस प्रविष्टि का उल्लेख क्यों नहीं किया। उन्होंने इसका उल्लेख सिन्हा-अहलूवालिया समिति के समक्ष दिए गए अपने बयान में भी नहीं किया। यदि उक्त तर्क उनके बचाव का मुख्य आधार था तो क्या दुर्घटना के तुरंत पश्चात् इसका उल्लेख न करना कोई महत्व नहीं रखता? दूसरी ओर ऐसा जान पड़ता है कि उस समय उन्होंने, नक्शानवीस सर्वेक्षक श्री बी० आर० झा द्वारा डिप प्रगति रजिस्टर में दर्ज की गई एक प्रविष्टि पर ही पूर्णतः निर्भर किया। दूसरे श्री जोशी ने 20-10-75 की अपनी प्रविष्टि को प्रबंधक को दिखाने तथा उस पर उनके प्रतिहस्ताक्षर करवाने का भी कोई प्रयत्न नहीं किया जान पड़ता। उन्हें यह कहने मात्र से छुटकारा नहीं मिल सकता कि वे प्रविष्टि के प्रबंधक के हस्ताक्षर करवाना भूल गए। श्री जोशी की ओर से यह दलील दी गई है कि उनका काम डायरी में प्रविष्टि करने तक ही सीमित था, प्रविष्टि को प्रबंधक ने देख लिया है या नहीं यह देखना उनकी जिम्मेदारी नहीं थी। यह दलील सर्वेक्षक की उत्तरदायित्वहीनता की द्योतक है और मुझे यह सोचने पर बाध्य करती है कि उनके द्वारा किए गए समग्र साक्ष्य को कितना महत्व दिया जाए? वस्तुतः मैं तो उनसे यह आशा करता हूं कि वे न केवल प्रबंधक के पास जाकर यह सुनिश्चित करेंगे कि उनकी प्रविष्टि देख ली है बल्कि अपनी

शंकाओ से व्यक्तिगत रूप से अवगत करायेंगे और यह भी पूछेंगे कि खतरे का मुकाबला करने के लिए उनकी क्या योजना है ।

5 इस संबंध मे मैं डिप प्रगति रजिस्टर मे दर्ज श्री बी० झा की टिप्पणी के विषय मे कुछ कहना चाहूंगा । यह प्रविष्टि 4-11-75 को अंकित की गई बतायी जाती है और इस प्रकार है :—

"हमें 9वें पूर्वी लेवल को तैयार करने में पूरी एहतियात बरतनी चाहिए क्योंकि यह पहले ही जलग्रस्त क्षेत्र के सन्निकट पहुंच गया है । दूसरे क्रास-कट डिप मे पूरी तरह पानी भर गया है । जलस्तर के बढ़ जाने तथा उसके दूसरे क्रास-कट डिप से मिल जाने की बहुत संभावना है । सर्वेक्षक श्री जोशी ने इसकी सूचना पहले ही कोयलाखान प्रबंधक को दे दी है ।"

6 यह प्रविष्टि, जिसका अंतिम वाक्य शेष भाग के लिए प्रयुक्त स्याही से भिन्न स्याही मे लिखा गया है, रजिस्टर के टिप्पणी वाले खाने मे दर्ज है ।

7 जिरह के दौरान श्री झा ने इस प्रविष्टि के बारे मे निम्नलिखित बयान दिया :—

"मैंने 4 नवम्बर, 1975 को डिप प्रगति रजिस्टर में एक प्रविष्टि की थी जिसकी शुरूआत में हमें 'एहतियात बरतनी चाहिए' और अब दूसरे क्रास कट डिप के साथ जोड़ दें" से होती है । बाद में श्री जोशी के छुट्टी से वापस आने पर 6 या 7 तारीख को मैंने टिप्पणी मे निम्नलिखित अंश और जोड़ा

"सर्वेक्षक श्री जोशी ने कोयलाखान प्रबंधक को पहले ही सूचना दे दी है ।"

तत्पश्चात मैने उक्त अंश के नीचे हस्ताक्षर कर दिए और प्रविष्टि पर 4-11-78 तारीख डाल दी ।

4/11 को मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि "9 पूर्वी लेवल जलग्रस्त क्षेत्र तक पहुंच रहा है क्योंकि मैंने पानी को रिसते देख लिया था । मुझे शक है कि 9 वें लेवल के ठीक ऊपर वाले क्रास-कट डिप मे कुछ पानी इकट्ठा हो गया होगा । मेरी यह टिप्पणी सही है कि दूसरा क्रास कट डिप पानी से भरा है । मुझे 9वें पूर्वी लेवल के निकट के क्षेत्र के जलग्रस्त होने का पता इसलिए चला क्योंकि किसी भी डिप मे सामान्यत पानी भर सकता है "।

8. डिप प्रगति रजिस्टर मे श्री झा की इस प्रविष्टि तथा श्री जोशी की दो प्रविष्टियां एक डिप प्रगति रजिस्टर मे तथा दूसरी सर्वेक्षक की डायरी मे, सच होने के बारे मे श्री जोशी की ओर से जो कुछ भी कहा गया है उस सब के बावजूद मुझे यह कहने में कोई संकोच नही है कि ये प्रविष्टियां क्षेपक है । श्री जोशी की प्रविष्टियां तो निश्चित है ही दुर्घटना के बाद की हैं, श्री झा की प्रविष्टि भी उतनी ही "संदेहास्पद" है ।

अध्याय 10

सुरक्षा अधिकारी का दुरुपयोग

1. जांच के दौरान अन्य ध्यान देने योग्य तथ्यो के साथ, कोयलाखान अधिकारी के पद के दुरुपयोग से संबंधित तथ्य भी सामने आया क्योंकि उसकी सेवाएं पूर्णत उत्पादन–प्रयोजनो के लिए ली जा रही थी । कोयलाखान विनियमावली, 1957 के विनियम 41-ए के अधीन सुरक्षा अधिकारी के कर्तव्यों और उत्तरदायित्वो का विस्तृत ब्यौरा इस प्रकार है :—

(क) (1) कामगारो से उनकी सुरक्षा के बारे मे बातचीत करने तथा इस विषय मे उनके सुझाव प्राप्त करने के लिए कामगारो से कार्यस्थल पर मिलने के प्रयोजन से खान के धरातलीय तथा भूगत भागो का दौरा करना,

(2) नए भर्ती किए गए कामगारो का चार्ज लेना और उन्हें खान दिखाना तथा उन्हें यह बताना कि खान मे काम करते समय क्या करना ठीक है और क्या खतरनाक ।

(ख) (1) छोटी-मोटी दुर्घटनाओं सहित, सभी प्रकार की दुर्घटनाओ एवं घटनाओं की जांच पड़ताल करना, खान मे होने वाली दुर्घटनाओ की सामान्य प्रकृति तथा उनके प्रमुख कारणो की ओर संकेत करते हुए उनका विश्लेषण करना,

(2) खान दुर्घटनाओं के ब्यौरेवार आंकड़े रखना और खानो मे होने वाली दुर्घटनाओ की सामान्य प्रकृति तथा उनके सामान्य कारणो की ओर संकेत करते हुए उनका विश्लेषण करना,

(3) बाढ़, आग, कोयलाखान गैस जैसे खतरे के अन्य सभी संभव कारणो का अध्ययन करना तथा प्रबंधक को उनकी जानकारी देना,

(ग) (1) सुरक्षा कक्षाएं लेना तथा पर्यवेक्षी कर्मचारियों (सुपरवाइजरी स्टाफ) को सुरक्षा संबंधी वार्ता तथा व्याख्यान देना,

(2) खानो में सुरक्षा सप्ताह मनाना तथा सुरक्षा संबंधी और भी शिक्षा देना तथा तत्संबंधी प्रचार करना,

(घ) यह देखना कि सभी संबंधित खान कर्मचारी विभिन्न स्थायी आदेशो (यथा खान यांत्रिक वातायनो को बंद करने तथा खान मे आग लगने या अन्य आपात्‌कालीन स्थिती से संबंधित आदेश) तथा सिस्टेमेटिक टिम्बरिंग रूल्स से भलीभांति परिचित हैं ।

(ङ) खान लेवल पर प्रशिक्षण देने के लिए कार्यक्रम तैयार करने मे सहायता देना, जिसमें व्यावसायिक प्रशिक्षण, गैस परीक्षण प्रशिक्षण तथा प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण भी शामिल है

(च) खान के विभिन्न भागो का निरीक्षण करने के पश्चात् प्रबंधक को इस संबंध मे सूचना देना कि खान अधिनियम के उपबंधों तथा उसके अधीन विभिन्न नियम-विनियमो का खान मे पालन हो रहा है या नही,

(छ) सुरक्षा उपायो को सामान्यत बढ़ावा देना तथा खान मे सुरक्षा की दृष्टि से किए जानेवाले कार्यों मे सक्रिय सहयोग एवं समर्थन देना, तथा

(ज) (1) सुरक्षा संबंधी अन्य सभी मामलो मे प्रबंधक की सहायता करना ।

(2) यदि प्रबंधक, सुरक्षा अधिकारी को उपरिनिर्दिष्ट कार्यों के अतिरिक्त कोई अन्य कार्य सौंपता है तो उसे उसकी लिखित सूचना ऐसा करने के तीन दिन के भीतर, क्षेत्रीय निरीक्षक को भेजनी होगी ।

(3) सुरक्षा अधिकारी एक सजिल्द पुस्तिका में अपने दैनिक कार्य का विस्तृत ब्यौरा दर्ज करेगा ।

2. श्री आर० के० दुबे को सितम्बर, 1974 में खान सुरक्षा अधिकारी के रूप में अधिसूचित किया गया था। जुलाई, 1975 से लेकर वे सेक्टर भी का काम देखते रहे। 30-9-1975 से उन्हें 3-डिप डिस्ट्रिक्ट का कार्यभार भी सौंप दिया गया, अर्थात् उन्हें उक्त क्षेत्र के उत्पादन का प्रभारी सहायक प्रबंधक बना दिया गया, यद्यपि इसके लिए कोई लिखित आदेश जारी नहीं किया गया। दुर्घटना के दिन तक उनके पास दोहरा चार्ज रहा हालांकि यह स्पष्ट है कि खान में एक पूर्णकालिक सुरक्षा अधिकारी के बने रहने के लिए वहां पर्याप्त संख्या में प्रबंधक कर्मचारी थे। पिट सुरक्षा समिति की मासिक बैठकें बुलाने के अलावा, उन्होंने ऊपर विनियम 41-ए में उल्लिखित सुरक्षा अधिकारी के बहुत ही कम उत्तरदायित्वों का निर्वाह किया। जिरह के दौरान श्री दुबे ने जो बातें कबूल की हैं, उनसे यह स्पष्ट हो जाता है कि खान में सुरक्षा अधिकारी के कर्तव्यपालन में गंभीर लापरवाही की गई है:

प्रश्न: क्या यह सही नहीं है कि पूर्णकालिक सुरक्षा अधिकारी के होने के नाते आप विनियम 41-ए के अधीन विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण नियमित रूप से तथा प्रायः कर सकते थे ?

उत्तर: मैं आप से सहमत हूं। मैं सुरक्षा अधिकारी के अनेक सांविधिक उत्तरदायित्वों का परिपालन नहीं कर पा रहा था। मुझे याद नहीं है कि 1974 या 75 के दौरान कितनी गंभीर दुर्घटनाएं हुई।

प्रश्न: क्या आप समझते हैं कि सुरक्षा अधिकारी के रूप में विधितः अपेक्षित कर्तव्यों का आप सम्यक् रूप से परिपालन कर रहे थे ?

उत्तर: नहीं। मैं सुरक्षा अधिकारी के केवल कुछ ही कामों को देख रहा था और मुझसे केवल उन्हीं कामों को करने के लिए कहा गया था।

प्रश्न: क्या यह सच नहीं है कि यदि आपको सहायक प्रबंधक के दायित्व न सौंपे जाते तो आप सुरक्षा अधिकारी के सभी कार्य करते ?

उत्तर: हां। यह सच है।

3. कोयला खान के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस प्रकार के तर्क देकर कि 3-डिप डिस्ट्रिक्ट बिना उलझन वाला एक साधारण तथा सुव्यवस्थित क्षेत्र था और उत्पादन के काम पर ध्यान देने के बाद भी श्री दुबे के पास सुरक्षा अधिकारी का काम देखने के लिए बहुत समय था, अनेक आधारों पर, उन्हें उत्पादन कार्यों का दायित्व सौंपे जाने का औचित्य सिद्ध करने की चेष्टा की है। इस तरह की दलीलों में कोई जान नहीं है। उक्त चूक उस समय और भी गंभीर हो जाती है जब हमारा ध्यान, खान सुरक्षा महानिदेशक के द्वारा, प्रबंध निदेशक को विशेष रूप से जारी की गई इस सूचना की ओर जाता है कि सुरक्षा अधिकारियों को उत्पादन संबंधी दायित्व न सौंपे जाएं। यदि किसी अधिकारी पर अन्य उत्तरदायित्वों का भार डाले बिना, उसे पूर्णतः सुरक्षा अधिकारी के रूप में काम करने दिया जाता तो वह निश्चित ही 2 क्राम कट क्षेत्र में पानी जमा हो जाने के बारे में कुछ ठोस काम करता और उस दुर्घटना को रोकने में भी संभवतः योगदान दे पाता जिसके बारे में जांच की जा रही है।

4. सुरक्षा अधिकारियों तथा संचालन अधिकारियों का, उत्पादन के लिए दुरुपयोग करने की बात खान सुरक्षा महानिदेशालय के अधिकारियों के समक्ष नागपुर में आई थी और तदनुसार 27-10-1975 की बैठक में वे० को० लि० के प्रतिनिधियों तथा खान सुरक्षा महानिदेशालय के अधिकारियों, (जिनके अध्यक्ष क्रमशः प्रबंध निदेशक तथा खान सुरक्षा निदेशक, नागपुर थे) के बीच जिन विषयों पर चर्चा हुई थी, उनमें से एक यह भी था:—

"कोयलाखान प्राधिकरण (अर्थात् वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड) के अधिकारियों को यह बता दिया गया था कि सहायक प्रबंधकों, सुरक्षा अधिकारियों, संचालन अधिकारियों आदि में प्रायः यह प्रवृत्ति पाई जाती है कि वे खान अधिनियम के अधीन अपने उत्तरदायित्व के निर्वहन में ढील दिखाते हैं। सुरक्षा अधिकारियों तथा संचालन अधिकारियों द्वारा अपने काम के प्रति अरुचि दिखाने का एक कारण यह भी है कि इन कामों को उत्पादन संबंधी कामों के अपेक्षाकृत देय समझा जाता है। इस बात का भी विशेष रूप से उल्लेख किया गया कि अनेक स्थानों पर यह भी कहा गया है कि संचालन अधिकारियों तथा सुरक्षा अधिकारियों से उत्पादन कार्य करवाए जा रहे थे। इस संबंध में यह सुझाव भी दिया गया कि उक्त असंगति को दूर करने के लिए कोयला खान प्राधिकरण (सी० एम० ए०) को उत्पादन तथा उत्पादनेतर अधिकारियों को बारी-बारी से एक-दूसरे के काम पर लगाए जाने पर भी विचार करना चाहिए। ऐसा प्रतीत होता है कि कोयला खान प्रशासन को उक्त पहलू का सम्यक् आभास था और वे इस बात पर सहमत थे कि काम को बारी-बारी से कराना सिद्धान्तः ठीक था और इस समस्या पर आगे फिर विचार किया जाएगा।

प्रबंध निदेशक, कोयलाखान प्राधिकरण ने यह बताया कि देश में खान इंजीनियरों की आमतौर पर कमी होने के कारण एक व्यक्ति को, एक से अधिक हैसियत से काम करने के लिए प्राधिकृत करने से संबंधित प्रस्तावों का अनुमोदन किया जाना चाहिए। उन्हें यह बताया गया कि प्रत्येक मामले के गुणावगुण के आधार पर इस प्रकार के प्राधिकार दिए जाते हैं। कोयलाखान प्रशासन भविष्य में छूट के लिए लिख सकता है और उस पर गुणावगुण के आधार पर विचार किया जाएगा।"

5. जहां तक उक्त प्रकार की छूट का प्रश्न है कोयलाखान विनियमावली 41(2) को विनियम 31(ए) के साथ पढ़े जाने पर मैं समझता हूं कि उक्त अर्थ में छूट दिए जाने की कोई व्यवस्था नहीं है, दूसरी ओर विनियम 41(2) के अधीन केवल इतना करना ही आवश्यक है कि जब उन्हें सुरक्षा के लिए निर्दिष्ट ड्यूटियों के अलावा अन्य ड्यूटियां भी सौंपी जाएं तो इसकी सूचना खा० सु० म० नि० के प्राधिकारियों को दी जाए। मैं यह सिफारिश करना चाहूंगा कि यदि सुरक्षा अधिकारी को इस प्रकार का कोई अतिरिक्त काम सौंपा जाए तो उसका अनुमोदन खान सुरक्षा महानिदेशालय के प्राधिकारियों से लिखित रूप में ले लेना चाहिए जिसमें वे ऐसा करने के कारणों का उल्लेख भी करें।

अध्याय 11

डायरी रखना

1. जांच के दौरान एक और महत्वपूर्ण जो तथ्य सामने आया उसका संबंध "प्रबंधक के कर्तव्य और उत्तरदायित्व" शीर्षक के अधीन उल्लिखित विनियम 41 के महत्वपूर्ण उपबंधों से है, जो नीचे दिए जा रहे हैं:—

विनियम 41: प्रबंधकों के कर्तव्य और उत्तरदायित्व

(1) (क) प्रबंधक प्रत्येक खान का स्वयं पर्यवेक्षण करेगा और भूगत कार्यस्थलों के मामले में, वह सप्ताह में कम से कम चार दिन उनका दौरा तथा निरीक्षण यह सुनिश्चित करने के लिए करेगा कि वहां सभी दृष्टियों से सुरक्षा की स्थिति ठीक है। इस प्रकार का निरीक्षण प्रत्येक

पखवाड़े में कम से कम एक बार खान की पारी मे अवश्य किया जाएगा । लेकिन यदि किसी अपरिहार्य कारण से वह उक्त कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों का पालन करने या निरीक्षण करने में असमर्थ होता है तो वह खण्ड (ख) के अधीन रखी गई पुस्तिका मे ऐसा न कर पाने के कारण दर्ज करेगा ।

(ख) प्रबंधक, अवर प्रबंधक तथा यदि कोई सहायक प्रबंधक हो तो वह भी, सजिल्द पुस्तिका में एक डायरी उक्त प्रयोजन से अपने पास रखेगा जिसमें वह अपने प्रत्येक निरीक्षण के निष्कर्षों को दर्ज करेगा और यदि कोई दोष उसके देखने में आए हों तो उनके निराकरणार्थ उसके द्वारा की गई कार्रवाई का भी उसमें उल्लेख करेगा ।

(2) प्रबंधक, यह व्यवस्था करेगा कि सभी ओवरमैन तथा अन्य कर्मचारी अपने कामों के संबंध में चर्चा करने के प्रयोजन से उससे या अवर प्रबंधक से सप्ताह में कम से कम एक बार अवश्य मिल सकें ।

(3) प्रबंधक, अधिनियम या विनियमावली के अनुसार या उनके अधीन जारी किए गए आदेशों के अनुसार तैयार की गई रिपोर्टों अथवा उनमें विहित किए गए तरीके से रखे गए रजिस्टरों तथा अन्य अभिलेखों की जांच करेगा और उनपर तारीख सहित अपने प्रतिहस्ताक्षर करेगा । वह इस काम को लिखित रूप में किसी अवर प्रबंधक या सहायक प्रबंधक को भी सौंप सकता है किन्तु उन मामलों में ऐसा नहीं किया जाएगा जहां विशेष रूप से यह व्यवस्था की गई है कि प्रबंधक ही किसी रिपोर्ट अथवा रजिस्टर विशेष पर अपने प्रतिहस्ताक्षर करे ।"

2 यह समझ लेना सरल ही है कि उक्त उप-विनियम किस लिए बनाए गए । निःसन्देह इसका मुख्य प्रयोजन यह सुनिश्चित करना था कि भूगत निरीक्षण नियमित रूप से किए जा सकें और उक्त प्रकार के निरीक्षणों के अभिलेख कार्यालय के भावी कर्मचारियों तथा संगठन के अन्य उच्च अधिकारियों के लाभार्थ तथा अंततः यह सुनिश्चित करने के लिए उपलब्ध हो सकें कि निरीक्षणों के निष्कर्षानुसार, जहां आवश्यक है, शीघ्र उपयुक्त कार्रवाई की जाती है । प्रबंधक को प्रतिदिन अपनी डायरी में कार्यस्थलों के निरीक्षण के बारे में रिपोर्ट लिखनी चाहिए और उस पर तारीख सहित हस्ताक्षर भी करने चाहिए । उसे सहायक प्रबंधक तथा अन्य अधीनस्थ अधिकारियों की डायरियां भी देखनी चाहिएं और उनपर प्रतिहस्ताक्षर करने चाहिए । सहायक प्रबंधक तथा अन्य अधीनस्थ अधिकारियों को भी निरीक्षण के प्रत्येक दिन अपनी डायरियां भरनी चाहिए तथा उनपर हस्ताक्षर भी करने चाहिए (हालांकि इन प्रविष्टियों पर तारीख देना आवश्यक नहीं होता) । प्रबंधक, श्री ग्रोवर तथा सहायक प्रबंधक श्री दुबे ने भी उक्त अपेक्षाओं की पूर्ण अवहेलना की है । प्रदर्श सी 16 कार्यकारी प्रबंधक, श्री वाई० के० सिंह की उस समय की डायरी है जब वे श्री ग्रोवर के छुट्टी पर जाने पर प्रबंधक के रूप में काम कर रहे थे । डायरी के फार्म में, जो मुद्रित है, निम्नलिखित खड़े कालम है :

तारीख निरीक्षित क्षेत्र निरीक्षण का की गई कार्रवाई कैफियत परिणाम

श्री वाई० के० सिंह की डायरी काफी हद तक विनियम 41 की अपेक्षाओं के अनुकूल रखी गई है किन्तु दैनिक प्रविष्टियां विभिन्न खानों में न भरी जा कर लगातार एक ही पैरे में लिखी गई हैं । श्री ग्रोवर की डायरी केवल 1-9-1975 से शुरू होती है, हालांकि 9-9-1975 की सभी प्रविष्टियां निरीक्षण की तारीख से संबंधित हैं । तत्पश्चात् 23-9-75 तक की प्रविष्टियों में, निरीक्षित क्षेत्र का भी उल्लेख है किन्तु इससे अधिक और कुछ भी नहीं है । अन्य सभी खाने 25-9-75 को भरे गए हैं । इसके बाद 4-10-75 तक पहले की भांति केवल प्रथम दो खाने ही भरे गए है । 6-10-75 के बाद से शेष खानों को भरने की भी कोशिश की गई है । 9वें पूर्वी लेवल में पानी रिसने का उल्लेख केवल 12-11-1975 की प्रविष्टि में किया गया है । 'निरीक्षण के परिणाम पर कैफियत' वाले खाने में इस प्रकार लिखा है :—

"9वें लेवल से पानी दाईं ओर से रिस रहा था । सुरक्षा अधिकारी ने मुझे बताया कि उसका मुखाग्र एक सप्ताह पूर्व बंद कर दिया गया है ।"

"की गई कार्रवाई" वाले खाने की प्रविष्टि इस प्रकार है :—

"उसे यह सुनिश्चित करने के लिए अनुदेश दिया कि कोई भी इस मुखाग्र को न खोले ।'

3. डायरी में दर्ज 6-10-75 से आगे की सभी प्रविष्टियों पर विहंगम दृष्टि डालने मात्र से किसी के भी मन में यह संदेह उत्पन्न हो सकता है कि क्या 17-11-1975 तक की प्रविष्टियां प्रतिदिन लिखी गईं अथवा वे सभी एक ही साथ लिखी गईं । कहीं भी हस्ताक्षरों पर तारीखें अंकित नहीं है ।

4. श्री ग्रोवर यह स्वीकार करते हैं कि हालांकि उन्होंने प्रबंधक के रूप में सन् 1974 में कार्यभार संभाला किन्तु सितम्बर 1975 तक उन्होंने कोई डायरी नहीं रखी । उन्होंने सितम्बर, 1975 के प्रथम सप्ताह में डायरी रखने का निश्चय किया । वस्तुतः ऊपर बताए अनुसार निरीक्षित क्षेत्र तथा तारीख का उल्लेख करना तो दूर, डायरी ही 23-9-75 से भरनी शुरू की गई ।

5. सहायक प्रबंधक, श्री आर० के० दुबे की डायरी में प्रत्येक दिन की प्रविष्टियां होनी चाहिएं किन्तु उन्होंने भूगत कार्यस्थलों की केवल तीन चीजों, अर्थात् टेक, संवातन तथा गैसों का ही रिकार्ड रखा है । साक्ष्य के दौरान उन्होंने ईमानदारी के साथ यह स्वीकार किया उन्हें कार्यस्थल आदि के अन्य अनेक पहलुओं पर भी ध्यान देना चाहिए था किन्तु किसी भी वरिष्ठ अधिकारी ने उनसे ऐसा करने के लिए नहीं कहा । प्रविष्टियां बहुत कुछ एक दूसरे से मिलती-जुलती तथा घिसी-पिटी हैं, जो निम्न प्रकार हैं :—

"छत-पर्याप्त, संवातन-पर्याप्त ; जैसे नहीं है ।"

बहुत ही कम मामलों में टिप्पणी दी गई है कि संवातन खराब है । यहां भी मुझे संदेह है कि ये प्रविष्टियां प्रतिदिन की हैं या सभी की सभी एक ही दिन में अंकित कर दी गई हैं । प्रबंधक श्री ग्रोवर ने, श्री दुबे की डायरी को 17-7-75 से देखा है तथा तभी से उसपर उनके प्रतिहस्ताक्षर भी है । किन्तु मेरा इस निष्कर्ष पर पहुंचना संभवतः गलत नहीं होगा कि उन्होंने सभी हस्ताक्षर एक ही बार में कर डाले हैं (क्योंकि उनमें से किसी पर भी तारीख नहीं पड़ी है) । 5-10-1975 को पानी रिसने का पता चलने की बात का कोई उल्लेख श्री दुबे की डायरी में नहीं है । वस्तुतः इस तारीख की कोई प्रविष्टि है ही नहीं और न ही पानी रिसने का पता चलने पर की गई कार्रवाई से संबंधित कोई प्रविष्टि डायरी में है ।

6. यह स्पष्ट है कि इस मामले में श्री ग्रोवर तथा श्री दुबे दोनों ने ही, बहुत अधिक लापरवाही और अकर्मण्यता दिखाई है । निश्चित ही श्री ग्रोवर ने बहुत समय तक कोई डायरी नहीं रखी और उन्होंने बहुत समय तक श्री दुबे की डायरी को भी नहीं देखा । इस तरह की दुर्घटनाओं की कार्योत्तर जांच पड़ताल के मामले में समकालीन अभिलेख बहुत उपयोगी होते हैं, जो मुझे उपलब्ध नहीं हैं ।

7. यह भी द्रष्टव्य है कि संगठन के किसी भी वरिष्ठ अधिकारी यथा, महाप्रबंधक, उपक्षेत्र प्रबंधक तथा एजेंट ने खान का दौरा करते

समय इन डायरियों पर दृष्टिपात नहीं किया । भले ही, साविधिक रूप से वे ऐसा करने के लिए बाध्य न हो तब भी इससे किसी हद तक पर्यवेक्षण तथा प्रशासनिक ढील का पता चलता है । मेरी यह सिफारिश है कि जब भी संगठन का कोई अधिकारी (यथा एजेंट या महाप्रबंधक) किसी कोयलाखान के दौरे पर जाएं तो उसे साविधिक रूप से प्रबंधक की डायरी देखनी चाहिए और उसपर अपने प्रतिहस्ताक्षर करने चाहिए ।

अध्याय 12

2 कास-कट क्षेत्र के पानी का परिकलन

1 वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने, 3 डिपडिस्ट्रिक्ट के अनेक भागो तथा अन्य निकटस्थ क्षेत्रों में भरे पानी की मात्रा तथा उस पानी की मात्रा के आधार पर जो संभवतः 7वीं और 8वी गैलरियो की छतो और रेत के ढेर की ऊपरी सतह के बीच तथा भरी हुई और खाली गैलरियो के रिक्त स्थानो में भर गया हो, के आधार पर "अचानक पानी घुस आने" के अपने सिद्धात को पुष्ट करने का प्रयास किया है निम्नलिखित बयान में जो तर्क प्रस्तुत किया गया है वह इस प्रकार है:—

"परिस्थियों को देखते हुए यह जान पड़ता है कि बड़ी मात्रा में पानी हाल ही में और तेजी से इकट्ठा हुआ था ; अन्यथा चूंकि 4 तल के खाली क्षत्र में अधिक से अधिक 12 लाख गैलन भर सकता है और वहां यदि 18 लाख गैलन पानी इकट्ठा हो गया तो निश्चित ही वहां छठे लेबल की गलरी मे पर्याप्त मात्रा में पानी रहा होगा जो 3 डिप क्षेत्र के नए कायस्थलों में भर गया ।"

2. मुझे उक्त आंकड़ो के बारे में बहुत शक है जो निश्चित ही बहुत सटीक न होने के साथ-साथ जल्दी मे जुटाए गए जान पड़ते हैं । जहां तक बाढ़ के पानी का प्रश्न है जो पेट हुए स्थल से होकर वहा, उसके विषय मे श्री ए० बी० सिंह का कथन इस प्रकार है —

"मेरा विचार है कि कटन विशेष से आने वाले पानी का लेखा-जोखा 30/11 से रखा गया था । 30 से पहले की गणना अनुमान मात्र है और उसके विषय में सही जानकारी कोयला खान में उपलब्ध पप द्वारा निकाले गए पानी के रिकार्ड से की जा सकती है ।"

3. उक्त पम्पन अभिलेख भी अदालत के समक्ष प्रस्तुत नहीं किए गए, हालांकि इनकी माग की गई थी ।

4. कोयला खान प्रबंधक, श्री ग्रोवर से भी सिन्हा-अहलूवालिया समिति के अनुबंध-8 मे दी गई मगणना (जो वैस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के प्रबंधक वर्ग द्वारा दिए गए आंकडो पर पूर्णत आधारित थी) के बारे में पूछताछ की गई ।

प्रश्न. क्या सिन्हा/अहलुवालिया समिति की रिपोर्ट के अनुबन्ध-8 में दी गई संगणना सही है ?

उत्तर. नहीं । उसमें अनेक गलतियां हैं ।

प्रश्न यदि बाढ़ लेवल का माप खान सुरक्षा महानिदेशालय की रिपोर्ट में दर्ज आंकड़ो के आधार पर लघुकृतस्तर 212.5 मीटर मान लिया जाए तो इन कार्यस्थला में कुल कितना पानी भर सकता था ?

उत्तर. लघुकृतस्तर (आर० एल०) 217 7 के आधार पर, संबद्ध स्तर तक पानी की मात्रा लगभग 8.96 गैलन होनी चाहिए थी ।

लघुकृतस्तर 215.6 पर पानी की मात्रा, जैसा कि लघुकृतस्तर सिन्हा-अहलूवालिया समिति को बताया गया है 13 6 लाख गैलन है । अदालत के सामने अब यह मात्रा 11 50 लाख बताई जा रही है । आर० एल० 211, पर पानी की मात्रा, जैसाकि सिन्हा-अहलूवालिया समिति को बताया गया, लगभग 11 लाख होगी; अदालत के समक्ष अब प्रस्तुत किए गए आंकड़ों के अनुसार उक्त मात्रा 6.77 लाख गैलन बताई गई है ।

5 श्री ग्रोवर ने अपनी मुख्य जिरह में किंचित चौंका देने वाला बयान देते हुए बताया कि 19-11-75 को उन्होंने लगभग 3 बजे रात में, दुर्घटना के तुरन्त पश्चात, कुछ नक्शों के आधार पर पानी की मात्रा से संबंधित ये गणनाएं की । जिरह के दौरान उन्होंने अपने बयान की व्याख्या करते हुए उसमें यह संशोधन किया कि उनकी गणना, भूगत कार्यस्थलो में तारीख 19-11-75 को रात्रि को 3 बजे जितना पानी था उसके आधार पर की गई थी और यह गणना तो वस्तुतः दिसम्बर, 1976 में किसी समय, अर्थात् मामले की जांच शुरु होने की तारीख से लगभग छः महीने बाद की गई थी । इस प्रकार के परिकलन से कोई उपयोगी निष्कर्ष नही निकाला जा सकता और मैं इनपर आगे भी कोई ध्यान नही दूंगा ।

अध्याय 13

सर्वेक्षक का कार्यभार

1. सर्वेक्षक श्री आर० के० जोशी ने अपने बचाव का दूसरा पक्ष, जो महत्वपूर्ण भी है, यह प्रस्तुत किया है कि उनको जितना काम सौंपा गया था वह वस्तुतः बहुत ज्यादा था और वह ऐसा था कि जिसकी वजह से वे भगत कार्यस्थलों के सर्वेक्षण से सम्बद्ध अपने सामान्य साविधिक कामो को भी संतोषजनक ढंग से निष्पादित करने में असमर्थ थे । इस मुद्दे पर बहस करते हुए वैस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने सर्वप्रथम यह कबूल किया कि दो अर्हता प्राप्त सर्वेक्षकों की साविधिक व्यवस्था होने के बावजूद सिलवाड़ा में श्री जोशी ही एकमात्र अर्हता प्राप्त सर्वेक्षक थे किन्तु उन्होने यह भी कहा है कि उन्हें अपने साविधिक कामो के निष्पादन के लिए पर्याप्त सहायता दी गई थी । उनके द्वारा दी गई दलील इस प्रकार है :

"सारांश में यह कहा जा सकता है कि श्री जोशी को जो सहायता दी गई थी वह पर्याप्त थी और सभी नेमी प्रकृति के तथा छोटे-मोटे काम उनके सहायक करते थे । फलतः श्री जोशी के पास अपने साविधिक कामो को देखने के लिए पर्याप्त समय था । यदि उन्होंने अपने साविधिक उत्तरदायित्वो की अपेक्षा की है तो वे स्वयं ही इसके जिम्मेदार हैं और वस्तुतः परिस्थितियां ऐसी नहीं थीं जो उनके साविधिक उत्तरदायित्वो के पालन में बाधक बनती ।"

2. सर्वेक्षक के प्रमुख कार्य एवं उत्तरदायित्व कोयलाखान विनियमावली, 1957 के विनियम 49 में विहित किए गए हैं, जो इस प्रकार हैं :

"सर्वेक्षक :

(क) सही सर्वेक्षण तथा स्तरण (लेवेलिंग) करेगा और प्रबंधक के कहने अथवा अधिनियम की अपेक्षाओ के अनुसार नक्शे तथा सेक्शन बनाएगा और उनके अक्स भी तैयार करेगा । यह नक्शो, सेक्शनो तथा अक्सों पर अपने हस्ताक्षर भी करेगा ; तथा

(ख) जिन नक्शों तथा सेक्शन या उनके अक्सों पर उसके हस्ताक्षर होंगे, वह उनकी यथार्थता के लिए भी जिम्मेदार होगा ।

(2) सर्वेक्षक अपनी सजिल्द पुस्तिका में निम्नलिखित का रिकार्ड रखेगा :—

(क) जब खान के कार्यस्थल, सीमा से अथवा काम में न आ रहे जलग्रस्त कार्यस्थलो से 75 मीटर दूर रह गए हो तो उनके बारे मे संपूर्ण तथ्य ,

(ख) उक्त विनियमो के अधीन तैयार किए गए नक्शों तथा सेक्शनों के सही होने के बारे में पैदा हुए संदेह , तथा

(ग) नक्शों और सेक्शनों के बनाने से संबंधित कोई भी अन्य मामला जिसे वह प्रबंधक के ध्यान में लाना चाहेगा। पुस्तक की प्रत्येक प्रविष्टि पर सर्वेक्षक के तारीख सहित हस्ताक्षर होंगे और प्रबंधक उस पर तारीख सहित प्रतिहस्ताक्षर करेंगे।

(परन्तु यदि किसी खान में दो या दो से अधिक सर्वेक्षक होंगे तो प्रत्येक सर्वेक्षक अपने क्षेत्राधिकार के कार्य से संबंधित या अपने प्रभार वाले नक्शों और सेक्शनों से संबंधित प्रविष्टियों को करेगा)।

(3) उपविनियम (2) में उल्लिखित किसी भी बात के कारण मालिक, एजेंट या प्रबंधक इस अधिनियम और इन विनियमों या इनके अंतर्गत दिए गए आदेशों के अधीन अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं होगा।"

3. वैस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड के अनुसार श्री जोशी को निम्नलिखित व्यक्तियों की सहायता प्राप्त थी:—

1. श्री बी० झा
2. श्री वामन गाडलू
3. श्री विठ्ठू सालामे
4. श्री रामकृष्ण येग्रोले
5. श्री गुलाब कोटेराव
6. श्री रामभान तुकाराम
7. श्री गुलाब छेदीलाल
8. श्री रामभान नारायण
9. श्री देवमन अमाडारे

} चेनमैन

4. श्री बी० झा नक्शानवीस सर्वेक्षक है। चेनमैन श्री वामन गाडलू को 24-10-75 को सहायक सर्वेक्षक के रूप में पदोन्नति हुई थी। वे एक प्रकार से अपंग थे। वह बाहर तो कुछ काम करते थे, लेकिन खदान में कभी नहीं जाते थे। उनकी पदोन्नति के कारण चेनमैन के रिक्त स्थान को 18-11-75 तक नहीं भरा गया। श्री विठ्ठू सालामे अनुरेखक हैं और पे० बी० लि० के अनुसार श्री जोशी को पर्याप्त सहायता देता होगा। परन्तु इस बात का प्रमाण मिलता है कि उक्त कामगार को कई बार अन्य कामगारों के साथ अन्य कोयला खानों में भेज दिया जाता था और उसे ऐसा काम करना पड़ता था जो सर्वेक्षण की परिधि में वस्तुतः नहीं आता। मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि यह नहीं कहा जा सकता कि श्री जोशी को अपने सहायकों से सहायता नहीं मिली। श्री जोशी ने यह कहा है कि सौंपे गए सांविधिक कर्तव्यों के अतिरिक्त उन्हें कुछ असांविधिक प्रकार के काम भी दिए गए थे। परन्तु वे० को० लि० का कहना है कि तथाकथित अधिकांश असांविधिक काम सर्वेक्षक के कर्तव्यों की क्षेत्र परिधि में आते हैं। इस संदर्भ में मुझे श्री जोशी के तर्कों को मानने में कठिनाई हो रही है। परन्तु सुस्पष्ट तथ्य यह है कि कोयला खान में सांविधिक अपेक्षा के अनुसार एक अन्य सर्वेक्षक की कमी थी।

5. सर्वेक्षण उपस्कर के पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने की बात श्री जोशी के पक्ष में है। उसने प्रबंधक को अधिक सर्वेक्षण उपकरणों और अपेक्षाकृत अधिक सही उपकरणों के जुटाने के लिए बार-बार लिखित प्रार्थना की थी, परन्तु इसका कोई परिणाम नहीं निकला। तीन सीमों और पांच सेलों वाली खान में केवल एक थियोडोलाइट थी। पोलैंड की अन्य थियोडोलाइट भी थी परन्तु यह कमी भी चालू हालत में नहीं थी। मरम्मत के लिए इसे कलकत्ता भेजा गया था। परन्तु मरम्मत के बाद भी यह अधिक समय तक नहीं चली। इसके अतिरिक्त एक समतलन उपकरण और डायल था जो चालू हालत में नहीं था। इसके विपरीत श्री झा ने कहा है कि दुर्घटना के तुरन्त बाद कोयला खान को एक थियोडोलाइट और एक नया डायल दिया गया था। अतः सही सर्वेक्षण उपकरण के जिस अभाव को स्वीकार किया गया है उससे इस मामले में सर्वेक्षक की जिम्मेदारी अधिक प्रभावित नहीं होती, क्योंकि यदि उपयोग के लिए अधिक उपकरण उपलब्ध भी होते तो उन्हें काम में लाने वाले सक्षम व्यक्ति पदासीन नहीं थे।

6. 16-2-74 को श्री जोशी ने खान प्रबंधक को एक नोट प्रस्तुत किया था (प्रदर्शन जे-7)। इसमें पहले की बनी हुई कुछ गैलरियों को चौड़ा करने को कहा गया था और अन्य बातों के साथ-साथ इसमें कहा गया था:

"यह बात आपके ध्यान में लाई जा चुकी है कि खान की क्षमता एक खान सर्वेक्षक की क्षमता से बढ़ गई है और खान के उत्पादन के अनुरूप विनियम के अनुसार एक अन्य सर्वेक्षक की आवश्यकता है।"

7. तीन महीने बाद श्री जोशी ने सर्वेक्षण उपस्कर और सर्वेक्षण कर्मचारियों की कमी के बारे में एक लंबा नोट (प्रदर्श जे-6) प्रस्तुत किया:

"सिलवाड़ा खान में अनेक विकास कार्य चल रहे हैं। इसके अतिरिक्त विकासमान बहुमुखी पक्षों वाली नई सीम सं० 2 भी विकसित की गई है। अतः कार्यभार पर्याप्त मात्रा में बढ़ गया है। उपलब्ध एक ही थियोडोलाइट और सर्वेक्षकों की वर्तमान स्वीकृत संख्या को देखते हुए एक ही सर्वेक्षक द्वारा काम का पूरा किया जाना संभव नहीं है। इसके अतिरिक्त खान विभाग की सांविधिक अपेक्षाओं के अनुसार सिलवाड़ा 1 और 2 खानों में एक अतिरिक्त खान सर्वेक्षक की आवश्यकता है। उपर्युक्त परिस्थितियों में सर्वेक्षण कार्यों और सर्वेक्षण से संबंधित कार्यों को करने में अनेक कठिनाइयां अनुभव कर रहा हूं।

प्रार्थना है कि उपर्युक्त मामले में अपनी सम्मति की शीघ्र सूचना दें।"

8. इन टिप्पणों पर कोई स्पष्ट कार्रवाई नहीं की गई। सिलवाड़ा खान के उप-मुख्य इंजीनियर की ओर से कंपनी के मुख्य व्यक्तिक अधिकारी को लिखे गए तारीख 8-6-1973 के पत्र से ज्ञात होता है कि अतिरिक्त सर्वेक्षण कर्मचारी लेने का पहले का (दुर्घटना के 2 वर्ष से भी अधिक समय पहले) मात्र एक प्रयत्न किया गया जिसमें सुझाव दिया गया था कि कंपनी की अन्य परियोजनाओं के उन व्यक्तियों को सिलवाड़ा खान में स्थानान्तरित करके तैनात किया जाए जिनके पास काम नहीं है। यह पता नहीं चला कि इस पत्र का क्या ठोस परिणाम निकला।

9. वे०को०लि० ने खान के सर्वेक्षण अनुभाग में योग्य सर्वेक्षण कर्मचारियों की मानी हुई कमी को दूर करने के लिए अन्य कार्रवाई क्या की? इसमें कोई सन्देह नहीं कि उन्होंने समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में विज्ञापनों को छपवाया लेकिन उन्होंने अनुवर्ती कार्रवाई निष्ठापूर्वक नहीं की। जिस बात को मैं उपेक्षा नहीं कर सकता वह यह है कि सिलवाड़ा में होने वाले उत्पादन की तुलना में कम मासिक उत्पादन वाले वर्ग की अन्य कोयला खानों में सिलवाड़ा की तुलना में अधिक सर्वेक्षण कर्मचारी हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि दुर्घटना के तुरन्त बाद दो सर्वेक्षकों और एक सहायक सर्वेक्षक को सिलवाड़ा में नियुक्ति की गई।

10. इस बात को मानते हुए कि संबंधित कालावधि में सिलवाड़ा में सर्वेक्षण कर्मचारी कम थे, मैं यह मानने को तैयार नहीं हूं कि सर्वेक्षक के रूप में अपने कर्तव्यों में से अधिक आवश्यक कर्तव्यों को करने में और उन्हें पूरा करने में श्री जोशी को इससे बाधा हुई। रिपोर्ट में अन्य स्थान पर मैंने इस बात पर विचार किया है और अपने निष्कर्ष निकाले हैं।

अध्याय 14

सर्वेक्षक का उत्तरदायित्व

1 अब मैं इस मामले मे सर्वेक्षक श्री आर० के० जोशी की भूमिका पर और इस दुर्घटना के सबध मे उस पर डाली जाने वाली जिम्मेवारी पर, यदि कोई हो, विचार करूगा। अध्याय 13 के पैरा 2 मे मैं पहले ही विनियम 49 को उद्धृत कर चुका हू जिसमे सर्वेक्षक के कर्तव्यो और जिम्मेदारियो का उल्लेख है। जिन अन्य विनियमो की ओर ध्यान आकर्षित किया जा सकता है वे इस प्रकार हैं: विनियम 58, 59, 60, 63 और 64। अब मैं इन विनियमो को उद्धृत करता हू

2 "58. खानो के नक्शो के बारे मे सामान्य अपेक्षाएं

(1) विनियमो के उपबंधो के अनुसार बनाये गये या प्रस्तुत किये गये प्रत्येक नक्शे और सेक्शन मे निम्नलिखित बताना आवश्यक होगा

(क) खान का तथा उसके मालिक का नाम तथा नक्शा किस प्रयोजन के लिए बनाया गया है,

(ख) भौगोलिक उत्तर या चुम्बकीय याम्योत्तर तथा उसकी तिथि,

(ग) नक्शे का पैमाना जो कम से कम 25 सेंटीमीटर का होगा और जिसका उपयुक्त रूप से उपविभाजन किया गया होगा,

(घ) अन्यथा विहित न होने पर पैमाना 1200 : 1 का निरूपक होगा,

लेकिन मुख्य निरीक्षक लिखित आदेश द्वारा और उसमे निर्दिष्ट शर्तों के अधीन अन्य उपयुक्त पैमाने के अनुसार नक्शे बनाने की अनुमति दे सकता है या वैसे नक्शे बनवा सकता है; और

(ङ) नक्शा ठीक ढग से टिकाऊ कागज पर या अच्छे कपडे पर स्याही से बनाया जाएगा और अच्छी हालत में रखा जाएगा।

(2) विनियमो के अनुसार नक्शे और सेक्शन बनाने मे द्वितीय अनुसूची में बताई गई परिपाटियो का प्रयोग किया जाएगा।

(3) विनियमो के अनुसार बनाए गए नक्शे और सेक्शन सही होगे और अद्यतन रूप मे रखे जायेंगे अर्थात् वे तीन महीने से अधिक पुराने नही होगे:

परन्तु जहा किसी खान, सीम या सेक्शन को छोड़ने या उसके काम को बंद करने या उसे अगम्य बनाने का प्रस्ताव हो तो उसे छोड़ने से पहले या काम बन्द करने के समय, यथास्थिति, नक्शे और सेक्शन को अद्यतन किया जाए। परन्तु यदि इस प्रकार से छोड़ने या काम बन्द करने की परिस्थितियां मालिक, ऐजेंट या प्रबन्धक के नियंत्रण से परे हो तो उस हालत मे नक्शे या सेक्शन के ऊपर लिखा जाएगा कि वह अद्यतन नही है।

(4) विनियमो के अधीन बनाए और रखे जाने वाले नक्शे और सेक्शन खान मे निरीक्षण के लिए रहेंगे और क्षेत्रीय निरीक्षक की लिखित स्वीकृति के बिना वहां से तब तक नही हटाए जायेंगे जब तक कि वहां उनकी एक सत्यापित प्रति न रख दी जाए।"

3. "59. नक्शो के प्रकार

(1) प्रत्येक खान का मालिक, ऐजेंट या प्रबन्धक निम्नलिखित नक्शे और सेक्शन रखेगा

(क) सीमाओ के अन्दर तल पर टेलीफोन, तार या बिजली संप्रेषण की लाइन, जल प्रणाल, ट्रामलाइन, रेल मार्ग, सड़क, नदी, जलमार्ग जलाशय, तालाब, बोर-होल, शैफ्ट और इनलाइन ढाल, खुले खनि कार्यस्थल, उतार और इमारत जैसी सतही वस्तुओ को धरातल नक्शे पर दिखाया जाएगा।

(ख) भूमिगत नक्शे मे निम्नलिखित दिखाया जाएगा:

(1) जमीन के नीचे खान में कार्यस्थलो की अवस्थिति;

(2) गहराई के साथ प्रत्येक बोर-होल और शैफ्ट, इनलाइन ढाल, क्रास माप शिफ्ट, गोफ, अग्नि अवरोध या सील जलबंध (आयामों और निर्माण के अन्य ब्यौरो के साथ) पंपन केन्द्र और कर्षण मार्ग;

(3) सीमाओ के अंतर्गत रेलवे, सड़क, नदी, सरिता, जलमार्ग, तालाब जलाशय, खुला खनि कार्यस्थल और कार्यस्थलो के किसी भाग की 200 मीटर की परिधि मे कोई भवन जैसी प्रत्येक महत्वपूर्ण सतही वस्तुओ जो अनुप्रस्थ धरातल पर मापी गई हों,

(4) स्तर के डिप की वर्तमान दिशा और गति,

(5) सीम के वे सेक्शन जिनकी मोटाई या जिनके स्वरूप के तात्विक अंतर को दिखाना अपेक्षित हो, वह सेक्शन जो कार्यकर हो और वे स्तरी सेक्शन जो खान मे डूब गए या सिरक गए हों या बोरिंग से स्पष्ट दिखाई दे रहे हो;

(6) प्रत्येक रोल, प्रक्षाल वाहिका, डाइक की अवस्थिति और प्रत्येक क्षेप की मात्रा तथा उसके पात (थ्रो) की दिशा; और

(7) किसी विशिष्ट कार्यस्थल के बारे मे लगाए गए सांविधिक प्रतिबंधो का सार तथा उनको लागू करने वाले आदेश का संदर्भ।

जब कभी इस नक्शे को अद्यतन किया जाए तब कार्यस्थलो की तत्कालीन अवस्थिति को कार्यस्थलो के समापन्न स्थलो से गुजरती बिन्दु रेखा से दिखाया जाएगा और इस बिन्दु रेखा पर विगत सर्वेक्षण की तारीख लिख दी जाएगी।

(ग) जहा सीम की औसत आनति क्षितिज से 30 अंश अधिक हो वहा क्षेत्रीय निरीक्षक के निर्देशानुसार खनि कार्यस्थल के ऊर्ध्वाधर प्रक्षेप को दिखाते हुए एक या एक से अधिक ऊर्ध्वाधर खान सेक्शन दिखाए जाएं;

(घ) सवातन नक्शा और सेक्शन जिसमे जहां आवश्यक हो खान मे वायुसचरण की विधि को और विशेष रूप से निम्नलिखित को दिखाया जाए

(1) वायुधारा की सामान्य दिशा,

(2) प्रत्येक स्थान जहा हवा की मात्रा मापी जाती है;

(3) हवादारी का प्रत्येक स्थान, इस प्रकार का कोई दरवाजा, हवा के नियमन, वितरण तथा अवरोधन का प्रत्येक मुख्य साधन,

(4) प्रत्येक अग्नि अवरोधक तथा उसकी क्रम संख्या,

(5) ज्वलनशील सामग्री रखने वाला प्रत्येक कमरा,

(6) अग्नि-शमन उपस्कर की अवस्थिति,

(7) अपने आयामो और निर्माण के अन्य विवरणो के साथ प्रत्येक जलबांध,

(8) प्रत्येक पंपन, टेलीफोन तथा एम्बुलेन्स केन्द्र,

(9) प्रत्येक कर्षण और यात्रा मार्ग।

(ङ) उपर्युक्त पैमाने पर पट्टे वाले क्षेत्र का भूवैज्ञानिक नक्शा।

(2) उपनियम (1) के (ख), (ग) और (घ) खंडों के संदर्भ में प्रत्येक सीम के कार्यस्थलों या प्रत्येक सीम के अलग-अलग सेक्शन के लिए अलग-अलग नक्शे और सेक्शन रखे जाएंगे।

लेकिन उपनियम (1) की धारा (ख) के अंतर्गत बनाए तथा रखे गए नक्शों के अतिरिक्त उन सभी सीमों के, जो नौ मीटर के क्षेत्र में एक दूसरे के आसपास हैं और खान के अंतर्गत जिनमें काम हो रहा है, शामिल नक्शे भी बनाए जाएंगे। शामिल नक्शों में विभिन्न सीमों के कार्यस्थलों के अलग-अलग रंगों से दिखाया जाएगा।

(3) (क) उपविनियम (1) की धारा (क) और (ग) के अधीन बनाए तथा रखे गए नक्शों में पांच मीटर तक के ऊर्ध्वाधार अंतरालों पर सतही समोच्च रेखाएं बनाई जाएंगी।

(ख) उपविनियम (1) की धारा (ख) के अंतर्गत बनाए गए तथा रखे गये नक्शों में खनि कार्यस्थलों के नक्शों पर स्पाट लेवलों को इस प्रकार दिखाया जाएगा ;

(1) कर्षण मार्गों पर प्रत्येक मार्ग के संधि स्थल पर। परन्तु जहां ड्रमिंग श्रमिकों द्वारा किया जाता है वे स्थल इसके अपवाद होंगे। वहां स्पाट लेवलों को 150 मीटर की दूरी तक दिखाया जाएगा, और

(2) जो समासंधियां थोड़े समय के लिए या स्थायी रूप से विच्छिन्न कर दी गई हैं वहां इन समासंधियों के अंत में स्पाट लेवलों को दिखाया जाएगा।

यदि पत्थर में दो ड्रिफ्ट और कोयले में दो गैलरियां एक दूसरे के ऊपर पड़ती हों तो नक्शे में इस बात का स्पष्ट संकेत किया जाएगा और यदि आवश्यक हुआ तो समुचित टिप्पण भी दिया जाएगा।

(ग) सतह पर एक स्थायी बेंचमार्क लगाया जाएगा और जमीन के ऊपर और नीचे निर्धारित किए गए लेवलों का एक धरातल के साथ इस बेंचमार्क के संदर्भ में उल्लेख किया जाएगा। औसत सतह समुद्र से इस बेंचमार्क की ऊंचाई तथा अन्य विवरण इन विनियमों के अधीन रखे जाने वाले नक्शों पर दिखाए जाएंगे।

(4) (क) (1) उपनियम (1) की धारा (क) और (ख) के अंतर्गत नक्शों में खान की निर्धारित सीमा को दिखाया जाएगा और जहां सीमा विवादास्पद हो वहां वे सीमाएं दिखाई जाएंगी जिनका दावा संबंधित खान के मालिक और विवादास्पद सीमा के साथ वाली खान के मालिकों ने किया है। परन्तु जहां पट्टाधृति की संपूर्ण सीमा को एक ही नक्शे पर दिखाना संभव न हो वहां किसी अन्य उपयुक्त पैमाने पर एक अतिरिक्त निर्देश नक्शा बना कर रखा जाएगा और उसमें ऐसी सीमाओं को और खनि कार्य स्थल की रूपरेखा को दिखाया जाएगा।

(2) उपविनियम (1) की धारा (ख) के अनुसार रखे जाने वाले नक्शों में कार्यस्थलों के अतिरिक्त उस खंड में उल्लिखित उन सभी चीजों—जमीन के ऊपर और नीचे दोनों को दिखाया जाएगा जो 60 मीटर की परिधि में पड़ोसी खानों में हैं। ये चीजें सीमा के उसी धरातल पर दिखाई जाएंगी जिस पर उन खानों के मालिकों ने, उनके होने का दावा किया है।

(ख) ज्यों ही खान के कार्यस्थलों का क्षेत्र साथ वाली खान के साथ निर्धारित सीमा के अन्दर 60 मीटर तक (या उस सीमा से यह विवादास्पद सीमा 60 मीटर के अंदर है जिसका पड़ोसी खान के मालिक ने दावा किया है) फैल जाए तो प्रत्येक मालिक, ऐजेंट या प्रबन्धक पड़ोसी खान के मालिक, ऐजेंट या प्रबन्धक को इस विस्तार संबंधी तथ्य की सूचना देगा और पड़ोसी खानों के सर्वेक्षकों को इस उपनियम के अंतर्गत सर्वेक्षण और तलमापन करने की समुचित सुविधाएं देगा।

(5) (क) क्षेत्रीय निरीक्षक एक लिखित आदेश द्वारा इन विनियमों के अंतर्गत रखे जाने वाले नक्शों और सेक्शनों पर अतिरिक्त ब्यौरे देने तथा ऐसे अन्य नक्शे और सेक्शनों को तैयार करने तथा रखने के लिए कह सकता है जिनमें उन ब्यौरों, पैमाने तथा अवधि का उल्लेख हो जो वह अपने आदेश में विहित करे।

(ख) क्षेत्रीय निरीक्षक लिखित आदेश द्वारा मालिक, एजेंट या प्रबन्धक को निश्चित समय में ऐसे नक्शे और सेक्शन या उनके अनुरेखण अपने पास मंगवा सकता है जिन्हें वह अपने आदेश में विहित करे।

(ग) यदि क्षेत्रीय निरीक्षक चाहे तो मालिक, ऐजेंट या प्रबंधक को किसी भी समय नक्शे या सेक्शन पर खान के कार्यस्थलों की तत्कालीन अवस्थिति दिखानी होगी।"

4. "60. नक्शों और सेक्शनों की प्रस्तुत की जाने वाली प्रतियां, मालिक, ऐजेंट या प्रबंधक प्रत्येक वर्ष 31 अक्तूबर को या उससे पहले विनियम 59(1) को खंड (ख) और (ग) के अधीन रखे जाने वाले नक्शों और सेक्शनों की अद्यतन प्रतियां मुख्य निरीक्षक के पास भेजेगा। इस विनियम के उपबंधों का अनुपालन तब माना जाएगा जब मालिक, ऐजेंट या प्रबन्धक पिछले साल प्रस्तुत की गई प्रतियों को अपने खर्च पर अद्यतन करवा देगा।

5. "63 नक्शों, सेक्शनों और उपकरणों की सूचियां और उनका रख-रखाव :

(1) खान में रखे गए सभी नक्शों और सेक्शनों और अनुरेखणों पर क्रमसंख्या डाली जाएगी।

(2) प्रत्येक खान में प्रत्येक नक्शे, सेक्शन, सभी उपकरणों और सारी सामग्री को भंडार में रखने की समुचित व्यवस्था की जाएगी। इस व्यवस्था के अनुसार विनियम 59(1) के खंड (ख) और (ग) के अंतर्गत रखे गए प्रत्येक नक्शे और सेक्शन को बिना मोड़े रखा जाएगा।

(3) नक्शों और सेक्शनों के बनाने में काम में लाई गई प्रत्येक क्षेत्र पुस्तिका और अन्य टिप्पणों का विधिवत क्रमांकन किया जाएगा और उन्हें खान के कार्यालय में रखा जाएगा।

(4) इन विनियमों या उनके अधीन दिए गए आदेशों के अनुसार बनाए गए और रखे गए सभी नक्शों और सेक्शनों और उनके अनुरेखणों या उनकी प्रतियों तथा विनियमों 62 के अंतर्गत जिन सर्वेक्षण उपकरणों की व्यवस्था की गई है

उनके प्ररूपों, विशिष्टियों तथा पहचान संख्या तथा उपविनियम (3) के अंतर्गत रखी गई सभी क्षेत्र पुस्तिकाओं तथा अन्य टिप्पणों की सूची इस प्रयोजन के लिए बनाई गई पृष्ठ संख्या वाली सजिल्द पुस्तक में रखी जाएगी और उसे आवश्यकतानुसार अद्यतन किया जाएगा। पुस्तक की प्रत्येक प्रविष्टि पर सर्वेक्षक तारीख सहित हस्ताक्षर करेगा और प्रबंधक उस पर तारीख सहित प्रतिहस्ताक्षर करेगा।

6. "64. सर्वेक्षकों द्वारा नक्शे तैयार करना :

(1) इन विनियमों के अंतर्गत तैयार किया जाने वाला प्रत्येक नक्शा तथा सेक्शन और अनुरेखण या तो सर्वेक्षक द्वारा या उसका निजी देख-रेख में तैयार किया जाएगा।

(2) सर्वेक्षक द्वारा या उसकी देख-रेख में बनाये गए प्रत्येक नक्शे, सेक्शन या उसके किसी भाग पर सर्वेक्षक का प्रमाण-पत्र होगा कि नक्शा, सेक्शन या उसका कोई भाग सही है। और प्रत्येक अवसर पर प्रबंधक उस पर इसलिए तारीख सहित हस्ताक्षर करेगा कि नक्शा या सेक्शन अद्यतन कर लिया गया है।

(3) नक्शे या सेक्शन या उसके किसी भाग के प्रत्येक अनुरेखण पर उस मूल नक्शे या सेक्शन का संदर्भ दिया जाएगा जिससे इसकी नकल की गई है तथा उसे सर्वेक्षक द्वारा प्रमाणित किया जाएगा कि यह मूल नक्शे या सेक्शन की यथार्थ प्रति है। सर्वेक्षक प्रमाणपत्र पर तारीख सहित हस्ताक्षर करेगा।

(4) यदि सर्वेक्षक नक्शे आदि में खनि कार्यस्थल के किसी भाग को नहीं दिखाता है या दिखाने में छूट जाता है या उसके नक्शे या सेक्शन सही नहीं हैं तो वह इन विनियमों के अनुपालन न करने का दोषी है। इस उपविनियम की कोई बात मालिक, एजेंट या प्रबंधक को इस उत्तरदायित्व से मुक्त नहीं करेगी कि इन विनियमों या उनके अधीन दिए गए किसी आदेश के अंतर्गत तैयार किया गया, रखा गया, या प्रस्तुत किया गया प्रत्येक नक्शा या सेक्शन सही है और इन विनियमों की अपेक्षाओं के अनुसार अद्यतन रखा जाता है।"

7. श्री जोशी के तर्क का सबसे बड़ा जोर इस पर था कि उसने स्वयं 2 क्रास कट क्षेत्र का सर्वेक्षण नहीं किया था। इस क्षेत्र का सर्वेक्षण 31-3-69 को हुआ था (जब वे नहीं थे) इसलिए इन खनि कार्यस्थलों के नक्शों की किसी भी गलती के लिए उन्हें जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। अध्याय 7 में कहा गया है कि पुराने नक्शे प्रायः सही थे और त्रुटि यह रही कि 3-डिप डिस्ट्रिक्ट के खनि कार्यस्थलों का उनके बढ़ते हुए रूप को ध्यान में रखते हुए सर्वेक्षण नहीं किया गया। इसकी मुख्य जिम्मेदारी सर्वेक्षक की है। इन खनि कार्यस्थलों की अवस्थिति को प्रबंधक के कमरे में टंगे नक्शे में 1 : 2400 पैमाने के अनुसार दिखाया गया था और वह भी गलत अनुस्थापन पर।

8. वै० को० लि० ने अपने लिखित बयान में विगत सर्वेक्षण की तिथि 31-3-69 बताई है। इसमें बाद में संशोधन किया गया और इसे 30-6-72 कर दिया गया। उक्त तारीख श्री जोशी से की गई जिरह के दौरान प्रस्तुत किए नक्शों और मानचित्रों के प्रकाश में बदली गई। यद्यपि इनके प्रस्तुत किए जाने का विरोध श्री जोशी की ओर से किया गया, फिर भी मैंने इन्हें इसलिए स्वीकार कर लिया कि इनकी स्वीकार्यता बाद में उस समय देख ली जाएगी जब वे इस जांच के विवादास्पद मुख्य विषय पर कुछ जानकारी या अन्य संकेतसूत्र देंगे अर्थात् वे उन परिस्थितियों को बताएंगे जिनमें उक्त दुर्घटना हुई। मैंने इन्हें इसी तरह स्वीकार किया जिस प्रकार मैंने श्री जोशी द्वारा प्रस्तुत किए गए उस दस्तावेज (प्रदर्श जे०-41) को उनकी जिरह के दौरान स्वीकार किया जिसकी जानकारी उन्हें उनके बयान के केवल दो दिन पहले मिली थी। वै० को० लि० द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों का उद्देश्य यह दिखाना था कि प्रदर्श सी-2 और सी-3 दोनों में बहुत ज्यादा फेर-बदल और पीट हुई है। यह काम केवल श्री जोशी ही कर सकते थे। अध्याय 7 के पैरा 5-1 में मैं पहले ही इन दो दस्तावेजों का उल्लेख कर चुका हूं। वै० को० लि० का दावा था कि प्रदर्श, सी-3 कोयला-खान का मास्टर नक्शा है, जबकि खा० सु० म० लि० और श्री जोशी का कथन है कि प्रदर्श सी०-2 मास्टर नक्शा है। इन दस्तावेजों में फेरबदल के स्पष्ट संकेत मिलने के कारण यह विवादास्पद प्रश्न संदेहास्पद बन गया था कि क्षेत्र का सर्वेक्षण 31-3-69 को हुआ था या 30-6-72 को (श्री जोशी खान में 1967 से अप्रैल 1969 तक सहायक सर्वेक्षक थे; कोयला खान से दो वर्ष की अनुपस्थिति के बाद वे अप्रैल 1972 में सर्वेक्षक के रूप में आए और वे नवम्बर 1975 की दुर्घटना तक इसी पद पर काम करते रहे थे)। वै० को० लि० के इस तर्क को मानना और उनके साथ यह निष्कर्ष निकालना मेरे लिए कठिन है कि श्री जोशी ने दुर्घटना के एकदम बाद कागजों में फेर-बदल और काट-पीट की। मैंने इस प्रश्न पर रिपोर्ट में अन्यत्र (अध्याय 7) में विस्तारपूर्वक चर्चा की है। मेरा विचार है कि श्री जोशी से हो रही जिरह के दौरान वै० को० लि० द्वारा प्रस्तुत किए गए उक्त दस्तावेजों से उनके द्वारा निकाले गए निष्कर्ष को संतोषप्रद आधार नहीं मिलता।

9. अब मैं इस विषय पर अपने विचार प्रकट करता हूं कि क्या श्री जोशी ने कोयला खान विनियम की अपेक्षा के अन्तर्गत कोई गलती की है। यदि हां तो क्या उनके स्पष्टीकरण का कोई पर्याप्त आधार है। अब मैं यहां श्री जोशी से की गई जिरह के दौरान वै० को० लि० द्वारा किए प्रश्नों तथा संबंधित उत्तरों को उद्धृत कर रहा हूं।

10. श्री जोशी द्वारा अपनी डायरी से ता० 20-10-75 को की गई प्रविष्टि (मैंने इसे अपर्याप्त प्रमाणिक नहीं माना है, बल्कि दुर्घटना के बाद का क्षेपक माना है) तथा विनियम 49(2), (ख) और (ग) के लागू होने के संदर्भ में ;

प्रश्न : जब आपने 20-10-75 को प्रविष्टि की थी तब आप जानते थे कि 30-9-75 को समाप्त होने वाली तिमाही के लिए उस क्षेत्र का त्रैमासिक सर्वेक्षण नहीं किया गया था। क्या विनियम 49(2) (ख) और (ग) के अन्तर्गत "पूरे तथ्य" शब्द के विनियमन के अनुसार यह एक महत्वपूर्ण तथ्य नहीं था?

उत्तर : मैं विनियम को पूरी तरह जानता था। मैं कार्यभार से अत्यधिक दबा हुआ था। इसके अतिरिक्त मैं पूरे महीने छुट्टी पर था। मुझे दूसरे काम की भी देखभाल करनी पड़ती थी। जहां तक संभव हो सका मैंने काम किया।

11. जल खतरा नक्शे के बारे में :

प्रश्न : यदि जल खतरा नक्शा अद्यतन नहीं किया गया था तो यह किस का दोष था?

उत्तर : पर्याप्त संख्या में सर्वेक्षक न देने से यह प्रबंधकों का दोष था।

12. प्रति दिन सर्वेक्षण माप लेने के विषय में :

प्रश्न : प्रति दिन माप न लेने के लिए दोषी कौन है?

उत्तर : चूंकि मैं अकेला ही सर्वेक्षक था, अतः मैं यथा संभव कार्य कर रहा था और मेरे पास काम बहुत अधिक था।

13. श्री जोशी अपनी गलती मानते हैं और उन्होंने अपने बचाव में दो तर्क दिए हैं :

एक तो यह कि उन्हें पर्याप्त स्टाफ नहीं दिया गया था और इससे कहीं अधिक खराब स्थिति वह थी कि उन्हें पर्याप्त तथा सही उपकरण नहीं दिए गए थे। दूसरे, प्रबंधक वर्ग ने उन पर बहुत ज्यादा दबाव डाला और उन्हें फंसाने की कोशिश की। मैंने पहले तर्क पर अलग से विचार किया है और मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि इस में कुछ सार है।

14. मेरे विचार में श्री जोशी ने विनियम 58 (3) का (परन्तुक की अपेक्षाओं के अनुसार उपयुक्त नोट न बनाकर), विनियम 49 (2) का (चूंकि उनका कहना है कि उन्हें बाढ़ की जानकारी थी किन्तु वे "पूरे तथ्यों" का उल्लेख न कर सके; सर्वेक्षक की डायरी में उनकी प्रविष्टि, किसी भी रूप में मौलिक नहीं है), विनियम 58 (3) के साथ पढ़े जाने पर विनियम 64 (4) (चूंकि प्रदर्श-सी-2 को, जिसे सर्वेक्षक डोयला खान का मास्टर प्लान मानते हैं, 30-9-74 के बाद प्रत्येक तिमाही के लिए अद्यतन नहीं बनाया गया) का उल्लंघन किया है। स्वयं श्री जोशी ने यह भी स्वीकार किया है कि उन्होंने 3-डिप डिस्ट्रिक्ट का सर्वेक्षण नहीं किया था; यह डिस्ट्रिक्ट जून, 1975 में शुरू किया गया था।

15. क्या किन्हीं कारणों से उक्त प्रकार के उल्लंघनों की गंभीरता को कम किया जा सकता है, इस विषय पर मैं पृथक से विचार करूंगा।

अध्याय 15

विनियम 127 का लागू होना

1. अब मैं इस बात पर विचार करूंगा कि विनियम 127 का कौन-सा उप-विनियम इस मामले में लागू होता है। खान सुरक्षा निदेशक, नागपुर ने अपनी जांच-रिपोर्ट में यह माना है कि दुर्घटना प्रबंधक-वर्ग द्वारा विनियम 127 (1), (3) तथा (5) का पालन न किए जाने के कारण हुई। मैं विनियम 127 के छह उप-विनियम नीचे उद्धृत कर रहा हूं :

2. भूमिगत बाढ़ से खतरा :

(1) प्रत्येक खान में इस बात की समुचित व्यवस्था की जाएगी कि, संबद्ध खान अथवा पड़ोस वाली खान के कार्यस्थलों से पानी अथवा कोई अन्य तरल पदार्थ फूट कर न बह निकले।

(2) जहां काम :

(1) किसी अन्य सीम या सेक्शन के नीचे की किसी सीम या सेक्शन में किया जा रहा हो, या

(2) सीम या सेक्शन के किसी ऐसे स्थान पर किया जा रहा हो जो निचली सीम या सेक्शन में किसी अन्य स्थान से भी नीचे हो; या

(3) किसी ऊपरी सीम या सेक्शन के बीच वाले स्थान तक फैलने वाली किसी सीम में किया जा रहा हो और जिसमें पानी अथवा कोई अन्य तरल पदार्थ भरा हो या भर सकता हो; वहां कार्यस्थलों में पानी अथवा तरल पदार्थ को फूट निकलने से रोकने के लिए पर्याप्त पूर्वोपाय किए जाएंगे।

(3) किसी ऐसे कार्यस्थल को, जो उसी खान अथवा किसी अन्य पड़ोस वाली खान के अप्रचलित बेकार अथवा परित्यक्त कार्यस्थल से 60 किलोमीटर दूर रह गया हो (उन कार्यस्थलों को छोड़कर जिनकी जांच कर ली गई है और जिनमें किसी प्रकार का पानी या तरल पदार्थ एकत्र नहीं है), मुख्य निरीक्षक की लिखित रूप में पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना और आगे नहीं बढ़ाया जाएगा और उसका विस्तार भी उक्त अनुमति में मुख्य निरीक्षक द्वारा विहित शर्तों के अधीन ही किया जाएगा :

लेकिन यदि पास पहुंचने वाले कार्यस्थल में असामान्य रूप से भारी रिसन देखने में आए और वह उपरोक्त प्रकार के अप्रचलित अथवा परित्यक्त कार्यस्थल से 60 मीटर की दूरी के भीतर न हो तो उक्त कार्यस्थल में चल रहे खनिकार्य को तुरन्त रोक दिया जाएगा और उसकी सूचना प्रमुख निरीक्षक तथा क्षेत्रीय निरीक्षक को तत्काल दी जाएगी। खनिकार्य को मुख्य निरीक्षक की लिखित रूप में अनुमति प्राप्त किए बिना और आगे नहीं बढ़ाया जाएगा और उसका विस्तार उक्त अनुमति में मुख्य निरीक्षक द्वारा विहित शर्तों के अधीन किया जाएगा।

व्याख्या : इस उप-विनियम के प्रयोजन से उक्त कार्यस्थलों के बीच की दूरी का आशय, यथास्थिति उसी सीम या किन्हीं दो सीमों या सेक्शनों के बीच की न्यूनतम दूरी से होगा जो क्षैतिज, ऊर्ध्वाधर या तिर्यक-किसी भी दिशा में मापी गई हो।

(4) उप-विनियम (3) के अधीन अनुमति प्राप्त करने के प्रत्येक आवेदन के साथ उक्त अप्रचलित अथवा परित्यक्त कार्यस्थलों की, उन कार्यस्थलों को ध्यान में रखते हुए जो संबद्ध कार्यस्थलों के निकट पहुंच रहे हैं, रूपरेखा दर्शाने वाले एक नक्शे तथा सेक्शन की दो प्रतियां भी भेजी जाएंगी। साथ ही उक्त कार्यस्थलों के बारे में उपलब्ध अन्य सूचना भी आवेदन के साथ भेजी जाएगी।

(5) उक्त प्रकार का कोई भी कार्यस्थल चौड़ाई अथवा ऊंचाई में 2.4 मीटर से अधिक नहीं होगा और कार्यस्थल पलक के बीचों-बीच से कम एक बोर होल अवश्य रखा जाएगा तथा उसके प्रत्येक पलक में पर्याप्त पार्श्व छिद्र (फ्लैंक होल) रखे जाएंगे और, जहां आवश्यक होगा, कार्यस्थलों के ऊपर नीचे बोर होल भी कर लिए जाएंगे किन्तु वे एक दूसरे से 5 मीटर से अधिक दूरी पर नहीं होंगे। ऐसे सभी बोर होल कार्यस्थलों में पहले से ही काफी दूरी पर बना दिए जाएंगे और उन्हें बराबर बनाए रखा जाएगा; इनके बीच की दूरी किसी भी स्थिति में 3 मीटर से कम नहीं होगी। इन पूर्वोपायों को, उक्त प्रयोजन के लिए विशेष रूप से प्राधिकृत सक्षम व्यक्ति के सीधे पर्यवेक्षण में क्रियान्वित किया जाएगा।

(6) उपविनियम (5) में विहित किए गए पूर्वोपायों को उन अन्य कार्यस्थलों में भी लागू किया जाएगा जहां पानी भारी मात्रा में रिसता हुआ पाया जाए, भले ही वह किसी अप्रचलित या या परित्यक्त कार्यस्थल तक पहुंच रहा हो अथवा नहीं।

3. मै० को० लि० अपनी दी दलीलों में यह बताने का प्रयास किया है कि विनियम 127 के विभिन्न उपविनियमों का विकास किस प्रकार हुआ। एक ओर साधारण जलग्रस्त कार्यस्थलों, तथा दूसरी ओर अप्रचलित अथवा परित्यक्त कार्यस्थलों में अंतर करने के पश्चात् उन्होंने यह तर्क दिया है कि उपविनियम (2) तथा (6) साधारण जलग्रस्त के कार्यस्थलों के मामले में लागू होते हैं, जबकि उपविनियम (3), (4) और (5) जलग्रस्त अप्रचलित या परित्यक्त कार्यस्थलों के मामलों में लागू होते हैं। उक्त स्थिति से यह तर्क पेश किया गया है कि चूंकि 2 क्रास कट डिप के कार्यस्थल न तो अप्रचलित थे और न ही वे परित्यक्त थे, अतः उप-विनियम (2) तथा (6) इस विषय में लागू नहीं होते और साधारण जलग्रस्त कार्यस्थलों के मामले में लागू होने वाले उपविनियम (2) और (6) भी यहां लागू नहीं होंगे क्योंकि संबद्ध कार्यस्थल पूर्णतः सूखे थे और इनके मामले में जो उपविनियम लागू हो सकता है वह है केवल उपविनियम (1)। आगे की दलील इस प्रकार है :

> "निवेदन है कि उपविनियम के सभी उपबन्धों का समय पर पूरी तरह से पालन किया गया था क्योंकि कम से कम 5 मीटर मोटी रोक वहां थी, जैसा कि नक्शे में 8 वें लेवल के नीचे 2 क्रास कट टिप तथा 3 डिप डिस्ट्रिक्ट के 9वें पूर्वी लेवल के बीच दिखाया गया है। इसके अतिरिक्त, रिसन का पता लगने पर समुचित पूर्वोपाय भी किए गए जिनका विशद उल्लेख इस लिखित दलील में अन्यत्र किया गया है।"

4. सारांश रूप से ऊपर प्रस्तुत किए गए तर्कों को मैं काफी हद तक स्वीकार करता हूं, विशेषतः उस अंश, को जिसमें यह कहा गया है कि विनियम 127(2) पूर्णतः जलग्रस्त कार्यस्थलों के मामले में लागू होता है। इस तर्क की पुष्टि, मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालय द्वारा जबलपुर में 1965 की दण्डिक अपील संख्या 222 में भी की गई है। अब यह जानना

आवश्यक है कि इस विनियम में प्रयुक्त अप्रचलित अथवा परित्यक्त कार्यस्थल शब्दों का प्रयोग किन अर्थों में हुआ है।

5. सर्वेक्षक श्री जोशी की ओर से यह दलील दी गई है कि विनियम 127(3) तथा (5) इस मामले में प्रत्यक्षत. लागू होते हैं, अतः विनियम 149 (2) के लागू होने का प्रश्न ही समाप्त हो जाता है और ऐसी स्थिति में बाद के उपविनियम के अधीन सर्वेक्षक का जो भी दायित्व बनता, वह भी स्वतः समाप्त हो जाता है क्योंकि 3 डिप डिस्ट्रिक्ट शुरु से ही भरे गए क्षेत्र (अप्रचलित कार्यस्थलों) से 50 मीटर के अन्दर था और प्रबन्धक वर्ग द्वारा विनियम 127 (3) तथा (5) के उपबन्धों का पालन न किए जाने के कारण सर्वेक्षक, संपूर्ण उत्तदायित्व से मुक्त हो जाता है। खानों में भूमिगत कार्यस्थलों में सिरदारों द्वारा की जाने वाली जांच तथा निरीक्षण से संबंधित विनियम 113 के मूलपाठ तथा उसकी व्याख्या के आधार पर यह तर्क दिया जाता है कि विनियम 127 के उप विनियम (3) तथा (5) इस मामले में लागू नहीं होते :

> "अतः इस विनियम में प्रयुक्त कार्यस्थलों की व्याख्या की गई है। अन्य सभी कार्यस्थलों या तो अप्रयुक्त अथवा अप्रचलित कहे जाएंगे, अन्य अनेक विनियमों में 'अप्रयुक्त' शब्द का भी प्रयोग किया गया है। समान्यतः अप्रयुक्त का अर्थ होगा कि खान में संबंधित स्थान का प्रयोग किसी कारणवश कुछ समय के लिए रोक दिया गया है। फिर भी ऐसे स्थानों का निरीक्षण करना भी आवश्यक होता है। अप्रचलित उस स्थान को कहा जाएगा जहां किसी प्रकार का निरीक्षण संभव भी न हो। उदाहरणार्थ उसी स्थान को, जहां खंभों को गिरा दिया गया है या जहां पूरी या आंशिक भराई कर दी गई है, अप्रचलित कार्यस्थल कहा जाएगा। इस प्रकार छठे स्तर के नीचे 2 क्रास कटडिप को भी, जहा पहुचना छत गिर जाने के कारण संभव नहीं था और जिसका निरीक्षण नही किया गया, अप्रचलित कार्यस्थल ही माना जाएगा। प्रथम क्रास कट टिप के आगे के क्षेत्र को हर स्थिति में अप्रचलित कार्यस्थल ही माना जाएगा क्योंकि उस क्षेत्र में जाना किसी के लिए भी संभव नहीं है।"

6. श्री जोशी की ओर से अप्रचलित या परित्यक्त कार्यस्थल के अर्थ तथा उसकी परिभाषा के संबंध में दिया गया यह तर्क मेरी समझ में नही आता। कोयला खान विनियमो में कहीं भी उक्त दो पदो की कोई निश्चित परिभाषा नही की गई है। मैं अप्रचलित का सामान्य प्रचलित अर्थ लगाता हूं कि यह खान का वह भाग है, जिसे कभी काम मे लाया गया था और जो अब किसी कारणवश काम मे न आ रहा हो, किन्तु पूरी तरह उसका परित्याग भी न किया गया हो। 'परित्यक्त' शब्द का कुछ आभास विनियम 6, में मिलता है, जिसमें किसी कार्यस्थल के परित्याग अथवा उसे चालू न रखने के विषय में दिए जाने वाले नोटिसो का ब्योरा दिया गया है। इस विनियम को बारीकी से पढने तथा वैस्टर्न कोल फिल्डस् लिमिटेड की ओर से प्रस्तुत किए गए तथ्यों पर (यथा, 2 क्रास कट डिप के कार्यस्थलो को भी नही छोड़ा गया और 2 क्रास कट से पानी निकालने का काम दिसंबर, 1974 तक पूरा कर लिया गया था; इसके तुरन्त बाद संबद्ध क्षेत्र में पश्चिम की ओर स्थित कोयले के सुरक्षित भण्डार को निकालने की योजना तैयार कर ली गई और, जहा आवश्यक समझा गया, खान सुरक्षा महानिदेशालय के प्राधिकारियों की अनुमति प्राप्त करने के लिए कार्रवाई भी शुरू कर दी गई थी) समुचित विचार करने के पश्चात् मुझे इस बात में संदेह होता है कि क्या इस क्षेत्र को सही अर्थों मे परित्यक्त कार्यस्थल कहा जा सकता है। उपर्युक्त की दृष्टि से मेरा विचार है कि इसमें जो विनियम लागू होता है वह विनियम 127 का उपविनियम (1) है।

7. ऊपर बताई गई स्थिति कि यहा उप-विनियम (3), (4) और (5) को लागू न होकर केवल उप-विनियम (1) लागू होगा, अधिक संतोषजनक नही है क्योंकि मेरे विचार में उप विनियम (5) मे उल्लिखित पूर्वोपाय पूर्णतः पानी की जमाव की स्थिति में लागू होने चाहिए भले ही पानी का रिसना न देखा गया हो। यदि सरकार इस बात से सहमत है तो वह कोयला खान विनियमावली में समुचित संशोधन करना चाहेगी।

8. जहां तक उप-विनियम (1) का संबंध है मैं वैस्टर्न कोलफील्डस् लि० की इस बात को स्वीकार नहीं कर सकता कि उसने इस उपबंध का पूरी तरह पालन किया है। यह नहीं माना जा सकता कि उसने समुचित पूर्वोपाय किए थे क्योंकि 8वें लेवल के नीचे के 2 क्रास कट पूर्व ओर 3 डीप क्षेत्र के 9वें पूर्वी लेवल के बीच कोई उपयुक्त रोक नही थी। ऐसी किसी रोक की न तो कोई योजना बनाई गई थी और न लगाई गई थी। दूसरे, पानी के रिसने को देखने के बावजूद मेरे द्वारा अध्याय 8 के पैरा 3-7 में बताए गए कारणों से समय पर समुचित पूर्वोपाय नहीं किए गए थे।

अध्याय 16

3 डिप क्षेत्र की योजना और विकास

1. कुछ पार्टियो ने प्रबंधकों के इस निर्णय के औचित्य पर संदेह प्रकट किया है कि 3 डिप क्षेत्र जिसे प्रारंभ में अक्रिय स्थल के रूप में रखने का विचार था वहां बाद में काम क्यों शुरू किया गया। इस क्षेत्र में कार्य करने की योजना संभवतः नं० 4 निम्न तल ईस्ट डिस्ट्रिक में खंभे तोड़ने के बाद जब 2 क्रास कट डिप में से पानी निकाला गया (प्रबंधको के अनुसार दिसंबर, 1974 में) तो उसके तत्काल बाद 1975 को प्रारम्भ में बनाई गई। इस क्षेत्र को तैयार करने की योजना के पीछे जो उद्देश्य थे वे महाप्रबंध श्री० बी० शाह, सब एरिया प्रबंधक श्री एस० राधाकृष्णन, एजेंट श्री बंसल और खान प्रबंधक श्री ग्रोवर के बयानों में स्पष्ट किए गए हैं। श्री शाह के शब्दों में :

> "आग लगने या समय से पहले खान ढह जाने अथवा खान संबंधी अन्य संकटों की दृष्टि से हमने कान्वेयर और सामग्री कर्षण इन्क्लाइनों के नजदीक एक अछूता खंड छोड़ देना सुरक्षित नहीं समझा और यह निश्चय किया गया कि बिना तोड़े छोड़े गए अन्य खंभों (नं० 4 निम्न तल ईस्ट क्षेत्र) के साथ-साथ इस खंड को भी विकसित करके इसके खंभे तोड़ दिए जाएं।
>
> इसका उद्देश्य यह था कि आग से बचने के लिए पूर्वी क्षेत्र को दोनो इन्क्लाइनों से अलग कर दिया जाए। हमारा यह भी इरादा था कि डिप गैलरी, कान्वेयर और कर्षण सप्लाई ड्रिफ्टों को पानी भर जाने से बचाने के लिए एक हौदी बनाई जाए तथा साधारण के पहलू को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित ढग से कोयला निकाला जाए। अंतिम रूप से हौदी केवल तभी बनाई जा सकती थी जब हम निम्न तल के सैक्टर सी में पहुंच जाते। तब तक भूमिगत जल से निपटने के लिए कोई वैकल्पिक उपाय किया जाना था और इसके लिए हौदी की सदैव आवश्यकता बनी रहती और इसी कारण से हमने इस हौदी को बनाने का निश्चय किया।"

खान प्रबंधक श्री ग्रोवर के शब्दो में :

> "3 डिप क्षेत्र को बनाने का उद्देश्य यह था कि अछूते खंड से कोयला निकाला जाए और साथ ही एक हौदी बनाई जाए जो नं० 1 इन्क्लाइन में लगाए गए बेल्ट कान्वेयर के पिछले सिरे को बारबार पानी से डूब जाने से बचाने के लिए आवश्यक था ताकि पानी के रुख को इन्क्लाइन वाले भाग से प्रस्तावित नई हौदी की ओर मोड़ा जा सके। यह हौदी सैक्टर सी के विकास की प्रारंभिक अवधि में भी काम आ सकती थी।"

2. इसका इरादा यह प्रतीत होता है कि 5वें डिप के 9वें लेवल ईस्ट के उपयुक्त स्थलों पर 3 डिप निम्न तलो से छत पर बोर होलो द्वारा शीर्ष हौदी का पानी निकाला जाए और शीर्ष सेक्शन के विकास को आसान बनाया जाए।

3 साधारण और सुरक्षा की दृष्टि से ऐसा करना बहुत आपत्तिजनक नहीं माना जा सकता परन्तु जिस ढग से इसे प्रारम्भ करके कार्यरूप दिया गया उसमे काफी गुंजाइश थी।

4. खान सुरक्षा निदेशक को खंभे तोड़ने की अनुमति का आवेदन (3-डिप क्षेत्र में सीम के निचले और शीर्ष सेक्शन में) देने के बाद जून, 1975 में निम्न तल सेक्शन में विकास कार्य शुरू किया गया। शुरू में जो प्रोजेक्शन बनाए गए थे वे प्रदर्श-डी-9 में दिखाए गए हैं, यह प्रदर्श खंभे तोड़ने के लिए आवेदन पत्र के एक भाग के रूप में निदेशालय को प्रस्तुत किया गया नक्शा है। बैं० को० लि० के अनुसार:

"वास्तविक कार्य के दौरान छतें बहुत खराब हालत में पाई गई जिसके कारण यथासंभव चौमुखे संगमों से बचना पड़ा और तिरछी लेवल गैलरियों से आना जाना पड़ा, मूल प्रोजेक्शनों का अनुसरण न करने का कारण यह था कि डिप साइड की तरफ 7वें लेवल तथा उससे आगे के क्षेत्र में छत की हालत खराब थी"

इसके पश्चात् प्रबन्धक ने सर्वेक्षक को नए सिरे से प्रोजेक्शन बनाने के लिए कहा ताकि नए खंभे विनियम 99 में उल्लिखित सबसे छोटे आकार के अनुसार बनाए जा सकें।

5. बैं० को० लि० के इन सब तर्कों से यह बात स्पष्ट नहीं होती कि कुछ लेवल और उठान गैलरियां बीच में क्यों रोक दिए गए और 7वें लेवल तथा 8वें लेवल ईस्ट को 2 क्रास कट से क्यों नहीं जोड़ा गया? खान सुरक्षा महानिदेशक के अनुसार इसका एक हो सीधा साधा कारण था और वह यह कि कोलियरी अधिकारियों को यह पता था कि 2 क्रास कट डिप में पानी भरा है और यदि इसे जोड़ने का प्रयास किया गया तो जमीन के अन्दर पानी भर जाएगा। मुझे इस बात में काफी तथ्य नजर आता है। 3-डिप क्षेत्र के भूमिगत नक्शे को देखने से पता चलता है कि हर समय काफी किनारे किनारे होकर चलने के कारण काम करना कितना कठिन हो गया था। इसके कारण 9वें ईस्ट की मध्य रेखा में नवम्बर 1975 में लेवल के उठान की और पानी का रिसन नजर आने से तत्काल पहले परिवर्तन करना पड़ा। निस्सन्देह इस क्षेत्र में हवा के आने-जाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। बैं० को० लि० की ओर से इस बात पर काफी बल दिया गया। यद्यपि अदालत ने अपनी जांच के दौरान वास्तविकता को इसके विपरीत ही पाया कि डिस्ट्रिक्ट के कार्यस्थल में कोलियरी अधिकारियों ने छत को बहुत खराब हालत में पाया और यह इस बात से बचने का ही प्रयास था जिसके कारण उन्हें किनारे किनारे होकर चलना पड़ा। जहां तक 2 क्रास कट को जोड़ने में असफलता का प्रश्न है, इसके लिए यह दलील दी गई कि प्रबन्धक सैक्टर-सी को तैयार करने के लिए डिप साइड के विकास पर अधिक ध्यान देना चाहता था क्योंकि सैक्टर सी को ही कोलियरी का भावी आधार समझा जा रहा था। ये सब बातें मुझे बहुत विश्वसनीय नहीं लगतीं। मुझे इस बात पर संदेह नहीं है कि इस क्षेत्र में पानी जमा हो जाने की बात कोलियरी अधिकारियों के दिमाग में थी। 3-डिप निम्न तल क्षेत्र में छोटे (आकार में) खंभे तैयार करवाने से भी कुछ हद इस बात की पुष्टि होती है कि ठोस आधार पर खनन प्रक्रिया नहीं अपनाई गई थी, संभवतः अधिक उत्पादन को ध्यान में रखकर ऐसा किया गया था। मैं जिन बातों का उल्लेख कर रहा हूं, यद्यपि दुर्घटना से उनका कोई सीधा संबंध नहीं है तथापि उनका कुछ महत्व है क्योंकि यदि चालन पथ ((ड्राइवेजेज) को बनाते समय समुचित पूर्वोपाय किए जाते तो इस दुर्घटना से बचा जा सकता था।

अध्याय 17

3 बोर होल

1. 3 बोर होलों के संबंध में काफी बहस हुई जो प्रबन्धकों द्वारा 8वें लेवल पर नं० 4 शीर्ष और नं० 4 निम्न तरल सीम के बीच के स्तर में बनाए गए थे। नं० 4 शीर्ष ईस्ट साइड से पानी निकालने के लिए इन सीमों में 1972 के अन्त में सुराख बनाए जाने थे। उस समय नं० 4 निम्न तल पर एक प्रमुख हौदी थी और इन बरमा सुराखों का उद्देश्य नं० 4 शीर्ष से नं० 4 निम्न तल पर पानी ले आना था, नं० 4 शीर्ष पर केवल एक छोटा पम्प था। नं० 4 शीर्ष के पानी से निपटने के लिए केवल एक सुराख काफी था; यह स्पष्ट नहीं किया गया कि 3 सुराख (चौथा अधूरा था) क्यों बनाए गए?

2. जैसा कि ऊपर बताया गया है, कि बोर होल नं० 4 शीर्ष से नं० 4 निम्न तल पर पानी लाने के लिए बनाए गए थे, परन्तु जब नं० 4 निम्न तल ईस्ट में भरण कार्य चल रहा था तो यह पता चला कि पानी उनमें से होकर नं० 4 शीर्ष तल पर पहुंच रहा है। इस बहाव को रोकने के लिए सन् 1974 के बीचो बीच (जब श्री ग्रोवर प्रबन्धक थे) नं० 4 निम्न तल में भरण को रोक दिया गया। श्री ग्रोवर ने यह निश्चय किया कि इन सूराखों को बन्द करवा दिया जाए। कुछ दिनों के पश्चात बोर होलों के आस-पास के शीर्ष सीम कार्यस्थलों को भर दिया गया।

3. इन सूराखों का व्यास 7.5 मीटर और सीम के तल के साथ नति 34° अथवा क्षैतिज नति 21° थी। सूराखों के संगणित लघुकृत लेवल इस प्रकार थे:—

नं० 4 शीर्ष सीम तल में बोर होल के शीर्ष के लघुकृत लेवल	212.16 मीटर
नं० 4 निचली सीम छत में बोर होल के निम्न तल का लघुकृत लेवल	208.8 मीटर

4. इस प्रकार यदि शीर्ष सीम में जलस्तर 212.6 मीटर से ऊपर होता तो पानी निचली सीम में बहता। इसी प्रकार, यदि निचली सीम में जलस्तर 212.6 मीटर से अधिक होता तो पानी निचली सीम से शीर्ष सीम की ओर बहता।

5. जहां तक सन् 1974 में 3 सूराखों को बन्द करने का प्रश्न है, हमारे पास तत्कालीन सहायक प्रबन्धक श्री आर०सी० गर्ग और राजमिस्त्री श्री नारायण बलीराम के बयान मौजूद हैं जिन्होंने वास्तव में सूराख बन्द किए थे। श्री बलीराम के अनुसार, सुराख बन्द करने का यह काम न तो पूरी तरह से सफल हुआ था और न ही बाद में इन्हें करने का फिर से प्रयास किया गया था।

6. जो बयान दर्ज किए गए उनसे पता चलता है कि दुर्घटना के बाद और नं० 2 क्रास कट क्षेत्र से पानी निकालकर उसे पहुंच योग्य बनाने के बाद भी इन सूराखों के जरिए कुछ पानी नं० 4 निम्न तल 8वें लेवल में टपकता हुआ दिखाई दिया। विशेषज्ञ गवाह डा० बी० सिंह ने, जिन्होंने दुर्घटना के लगभग दो वर्ष बाद उस स्थान का निरीक्षण किया था, वहां पानी टपकते हुए देखा था। उनके अनुसार 2 क्रास कट में जल तल में वृद्धि के कारण तथा उसे परिणामस्वरूप जलस्थैतिक दाब बढ़ जाने से शैल के कुछ कमजोर संस्तरण तलों में छोटा सा छेद बन गया होगा जिसमें से पानी निकलने में आसानी हुई। मेरे विचार से, यदि दुर्घटना के बाद ऐसा हो सकता है तो दुर्घटना से पहले भी ऐसा हो सकता था क्योंकि अन्तिम पम्प को हटाने के बाद से 2 क्रास कट में काफी समय से जल का निरन्तर अन्तर्वाह रहा है।

7. कामगार गवाहों के बयानों के अनुसार 2 क्रास कट डिप में से दूसरा पम्प जून 1974 की मध्यावधि में हटाया गया जबकि बी० को० लि० तर्क है कि पम्प हटाने की सही तारीख नवम्बर, 1974 थी।

8. तारीखों की यह असंगति हमारा विचारणीय विषय नहीं है। संभवतः दुर्घटना से पहले ऐसा हुआ होगा कि निचली सीम में लघुकृत लेवल 212.6 मीटर से फालतू पानी बोर होलों (बयानों के आधार पर यह मानते हुए कि सुराख ठीक तरह से बन्द नहीं किए जा सके थे) शीर्ष सीम में प्रवेश कर रहा होगा। अतः जैसा कि मैंने ऊपर बताया है विभिन्न घटकों से इस क्षेत्र में पानी के निरन्तर रिसन के बावजूद निचली सीम का पानी, छलकना तो दूर रहा, 63 लेवल तक पहुंचा ही नहीं। जो कुछ मैंने ऊपर के पैरा 3-4 में कहा है यह उसी सन्दर्भ में है।

9. इस संबंध में सिन्हा—अहलूवालिया ने कहा है:

"यदि इन बोर होलों को कंक्रीट द्वारा बन्द कर देने के कारण पानी उनमें से होकर निचली सीम से शीर्ष सीम में न जा सका हो तो संभवतः 211 मीटर के लघुकृत लेवल या उससे कुछ नीचे के स्थान के आसपास नं० 4 शीर्ष और निचली सीम के बीच की

विभाजन पट्टी टूट गई होगी जिससे बन्द किए गए भीतरी क्षेत्र से दोनों सीमें जुड़ गई होंगी।"

यह भी संभव है कि बोर होलों के साथ-साथ उत्पन्न दरारों के जरिए अर्थात् नं० 4 शीर्ष और निचली सीम के बीच विभाजन पट्टी में से होकर पानी शीर्ष सीम में पहुंचा, यद्यपि यह मान लिया गया था कि अस्मा सुराख का ऊपरी भाग कंक्रीट से बन्द कर दिया गया है। शाफ्ट नेतन के परे बोर होलों के आस-पास के भागों में एक काफी बड़े क्षेत्रों में भी ऐसी दरारें बन गई होंगी।

अध्याय 18

बै० को० लि० का० खा० सु० म० नि० के प्रति दृष्टिकोण

1. जांच के प्रारम्भ में बै० को० लि० का खान सुरक्षा निदेशालय की ओर रुख यह प्रतीत होता था कि उक्त निदेशालय को प्रबन्धकों द्वारा लिए गए ऐसे सभी निर्णयों अथवा किए गए सभी कार्यों में शामिल किया जाए जिनकी वजह से दुर्घटना हुई थी। इसीलिए, बै० को० लि० के लिखित बयान में कुछ ऐसी बातें शामिल की गई जो यह संकेत देती है कि निदेशालय भी बै० को० लि० के प्रबन्धकों के साथ ही इस बात से संतुष्ट थे कि 2 क्रास कट क्षेत्र जलग्रस्त नहीं था। लेकिन जांच की प्रगति के साथ-साथ और विशेष रूप से बहस के समय प्रबन्धकों के उपर्युक्त रुख में कुछ परिवर्तन आ गया क्योंकि अब इस दुर्घटना का दायित्व निदेशालय पर थोपने का प्रयास किया जाने लगा और तर्क दिया गया कि निदेशालय के अधिकारियों ने अपने कर्तव्यों का ठीक पालन नहीं किया ; शायद यह "रक्षा का सर्वोत्तम रूप आक्रमण है" की कहावत पर आधारित था।

2 प्रबन्धकों के बयान के पैरा 36 में यह कहा गया है : "(3 डिप डिस्ट्रिक्ट में खंभे तोड़ने की अनुमति हेतु दिए) आवेदन में कहा गया था कि पुराने कार्यस्थलों से जलमग्न होने का कोई खतरा नहीं है।" किन्तु तथ्य यह है कि आवेदन (प्रदर्श डी-9) को देखने पर मुझे मालूम हुआ कि जलमग्न होने का जो हवाला दिया गया है वह बोर-होलों से संबंधित है, पुराने कार्यस्थलों से नहीं।

3. लिखित बयान के पैरा 46-2 में लिखा है "नं० 3 डिप डिस्ट्रिक्ट में खुदाई की अनुमति संबंधी आवेदन में कहा गया है कि पुराने कार्य स्थलों की वजह से जलमग्न होने का खतरा नहीं है। खा०सु०म०नि० ने इसे स्वीकार कर लिया और बिना शर्त अथवा इस संबंध में कोई पूर्व सावधानी बरतने की जरूरत बिना मंजूरी प्रदान कर दी।"

4 जिरह के दौरान श्री बंसल, जो एजेंट है, ने उनसे पूछे गये प्रश्नों का हां में जवाब दिया :

प्रश्न : क्या यह ठीक है कि डिस्ट्रिक्ट की खुदाई के लिए कोई आवेदन नहीं दिया गया; आवेदन केवल डिस्ट्रिक्ट के खंभे तोड़ने के लिए था और उक्त आवेदन में पुराने कार्यस्थलों का कोई जिक्र नहीं था ? बयान के पैरा 46.6 में कहा गया है .

"इन परिस्थितियों में 3 डिप डिस्ट्रिक्ट में खुदाई को प्रबंधकों तथा खा०सु०म०नि० ने पर्याप्त रूप से सुरक्षित समझा और पुराने कार्यस्थलों से आने वाले पानी में जलमग्न हो जाने के खतरे से मुक्त माना।"

प्रश्न : क्या आपके पास खा० सु०म०नि० का ऐसा कोई पत्र है जिसमें यह कहा गया हो कि 3 डिप डिस्ट्रिक्ट सुरक्षित है और उसके पुराने कार्यस्थलों से जलमग्न होने का खतरा नहीं है ?

उत्तर : नहीं।

जिरह जारी रही

प्रश्न . पृष्ठ 32 पर पैरा 79(5) में कहा गया है :

"नं० 3 डिप डिस्ट्रिक्ट की स्वीकृत प्रक्षेपण नक्शे द्वारा यह अपेक्षित है कि नए कार्यस्थल का आठवें लेवल की पहली डिप गैलरी से संयोजन होगा।" स्वीकृत प्रक्षेपण नक्शा कौन सा है ? "स्वीकृत प्रक्षेपण नक्शा" का क्या अर्थ है और उसे किसने स्वीकृति दी ?

उत्तर . मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है।

प्रश्न . उसी पैरा में कहा गया है "दूसरे शब्दों में नई नौवीं गैलरी के छोर से उठी गैलरी निकालने का प्रस्ताव है।" यह प्रस्ताव किसने किया ?

उत्तर : हमने प्रस्ताव किया।

प्रश्न उसी पैरा में यह कहा गया है कि आठवें लेवल की पहली डिप के ठीक नीचे के स्थान से नौवें लेवल की गैलरी को सामान्य ढंग से बनाया गया और उसी प्रकार से उसे अनुमत कर दिया गया। यह अनुमति किसने दी ?

उत्तर . हमने यह किया।

प्रश्न : उसी पैरे में कहा गया है "खा० सु० म० नि० के संतुष्ट हो जाने के बाद पुराने कार्यस्थलों की वजह से जलमग्न हो जाने का कोई खतरा नहीं है नए कार्यस्थल के लिए अनुमति प्रदान कर दी गई।" तो पुराने कार्यस्थल से जलमग्न हो जाने से संदर्भित नये कार्यस्थल की अनुमति कहां है ?

उत्तर : मुझे कोई अनुमति नहीं मिली।

5. इसलिए खा० सु० म० नि० का यह कथन है : "प्रबंधकों के बयान अथवा प्रत्युत्तर में खा० सु० म० नि० द्वारा दुर्घटना के समय तक किसी नक्शे गैलरी बनाने संयोजन करने अथवा 3 डिप डिस्ट्रिक्ट में कोई कार्यस्थल अथवा उस पर कोई काम अथवा उसके विकास के संबंध में किसी अनुमोदन अनुमति मंजूरी प्रमाणपत्र अनापत्ति की बात करना सही नहीं है।"

6. यह बहुत खेद की बात है कि प्रबंधकों के लिखित बयान में इस तरह की गलत तथा गुमराह करने वाली बातों का समावेश हो। मैं यह मानता हूं कि लिखित बयान को महाप्रबंधक श्री ए० सी० शाह ने और संभवतः प्रबंधनिदेशक ने भी देखा होगा और अनुमोदित किया होगा। यदि ऐसा है तब यह गलती और भी गंभीर हो जाती है। मैं इस मामले पर और अधिक टिप्पणी किए बिना यहीं समाप्त करता हूं।

अध्याय 19

निर्धारण हेतु प्रश्न

1. मैं अब "निर्धारण हेतु प्रश्नों" का उत्तर दूंगा। पहले दो प्रश्नों को एक साथ लिया जा सकता है। यह दुर्घटना 2 क्रास कट डिप को 3 डिप डिस्ट्रिक्ट के नौवें पूर्व लेवल से अलग करने वाली एक पतली पट्टी के फट जाने के कारण हुई। यह पट्टी मुख्यतः इसलिए फट गई क्योंकि 2 क्रास कट क्षेत्र की कार्यस्थल में पानी भरा हुआ था और उस बड़े पानी से बचने के लिए समुचित पूर्वोपाय नहीं किए गए और इस तरह असावधानी तथा लापरवाही बरती गई। दूसरे 3 डिप डिस्ट्रिक्ट की प्रगति का कोई ठीक तथा वास्तविक भूमिगत नक्शा नहीं रखा गया। मैं बी० को० लि० द्वारा प्रतिपादित इस मत को अस्वीकार करता हूं कि दुर्घटना के दिन ऊपर के सीमों से पानी 2 क्रास कट क्षेत्र में एकदम से घुस गया। अपने इस निष्कर्ष के आधार पर मेरा मत है कि दुर्घटना को रोका जा सकता था।

2. तीसरे प्रश्न के संबंध में नौवें पूर्व लेवल को बनाते समय पानी के फट निकलने को रोकने के लिए समुचित पूर्वोपाय न अपनाकर प्रबंधकों ने विनियम 127(1) का पालन नहीं किया तथा समापन का नोटिस जारी न करके विनियम 6 का भी पालन नहीं किया। दो असैसरों, श्री एस० के० सान्याल तथा सी एस० डब्ल्यू घोष के का पृथक नोट देखें। साथ ही उन्होंने बड़ी आसानी से तथा बिना किसी समुचित सर्वेक्षण अथवा सत्यापन, के यह मानकर कि 2 क्रास कट डिप अभी भी थोड़ी दूरी पर है एक

बड़ी गंभीर गलती की है। दुर्घटना के दिन से लगभग 12 सप्ताह पहले से पानी रिसने रहने के बावजूद आगे बोर होल बनाना अथवा आवश्यक पूर्वोपाय ऊपरी लेवलों को पकड़कर पुराने कार्यस्थलों से धीरे-धीरे पानी निकालना जैसे आवश्यक पूर्वोपाय नहीं अपनाए गए। खाने का "मालिक" विनियम 64 (4) विनियम 62 (उपयुक्त सर्वेक्षण उपकरण प्रदान न करना) तथा विनियम 35 (सिलवाड़ा खान पर उपयुक्त सर्वेक्षण कर्मचारी नियुक्त न करना) के उल्लंघन का भी दोषी है।

3. प्रश्न नं० 4 के संबंध में दुर्घटना के लिए जिम्मेदार मुख्य व्यक्ति कोयलाखान मैनेजर, श्री एस० के० ग्रोवर तथा कोयलाखान सर्वेक्षक श्री आर० के० जोशी हैं। "मालिक" के रूप में प्रबंध निदेशक श्री सी० बलराम इसलिए जिम्मेवार हैं कि उन्होंने खान पर उपयुक्त सर्वेक्षक कर्मचारी नियुक्त नहीं किए और सुरक्षा अधिकारी का उत्पादन प्रयोजन के लिए दुरुपयोग किया गया। सिलवाड़ा समूह के महाप्रबंधक, श्री ए०बी० शाह, उप-क्षेत्र प्रबंधक श्री एस० राधाकृष्णन तथा एजेंट श्री बी० पी० बांसा को भी संयुक्त रूप से तथा अलग-अलग अपनी जिम्मेवारी को स्वीकार करना चाहिए क्योंकि ये तीनों मिलकर ऐसे पदाधिकारी माने जा सकते हैं जो खान अधिनियम के अंतर्गत एजेंट की श्रेणी में आते हैं। ये इसलिए भी उत्तरदायी हैं कि इन्होंने प्रबंधक, सहायक प्रबंधक तथा सर्वेक्षक के डायरियां रखने के संबंध में, भूमिगत क्षेत्र का तुरंत तथा ठीक सर्वेक्षण करने के संबंध में, 3 डिप डिस्ट्रिक्ट के अनियमित विकास के संबंध में तथा उपयुक्त पूर्वोपाय अपनाए बिना 3 डिप कार्यस्थल करने के भी संबंध में जो कार्य थे उन पर उपयुक्त नियंत्रण नहीं रखा तथा सही पर्यवेक्षण नहीं किया।

4. प्रबंधक श्री एम० के० ग्रोवर इसलिए उत्तरदायी हैं कि उन्होंने पानी भरे क्षेत्र के आसपास खुदाई के दौरान उपयुक्त पूर्वोपाय नहीं अपनाए। एक लंबे समय तक डायरी न रखने की वजह से उन्होंने विनियम 41(1)(बी) का उल्लंघन किया और दुर्घटना से पहले कुछ अवधि तक जो डायरी रखी भी उन्होंने उसे बड़ी असावधानी के साथ भरा। इसके साथ ही उन्होंने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की डायरियों और रिपोर्टों को नियमित रूप से न देखकर तथा उन पर प्रतिहस्ताक्षर न करके विनियम 41(6) का भी उल्लंघन किया। उन्होंने खान के भूमिगत हिस्से का और विशेष रूप से 3 डिप डिस्ट्रिक्ट की प्रगति का वास्तविक, अद्यतन तथा ठीक नक्शे न रखकर विनियम 58(3) का भी उल्लंघन किया।

5. सहायक मैनेजर श्री आर० के० दुबे अपनी डायरी अधूरी तथा लापरवाही के साथ भरी रखते थे। उन्होंने भी नौवें पूर्व लेवल में पानी का रिसाव दिखाई देने पर भी 2 क्रास कट क्षेत्र में पानी की उपस्थिति का निरीक्षण न करके विनियम 42(3) का उल्लंघन किया है। उनकी यह दलील, कि 2 क्रास कट तथा छठे पूर्व लेवल के जंक्शन के ठीक नीचे छत गिर पड़ने के कारण 2 क्रास कट का मार्ग अवरुद्ध हो गया था, मंजूर नहीं की जाती।

6. सर्वेक्षक श्री एस० के० जोशी ने जो उल्लंघन किये हैं उनके बारे में मैंने अपनी राय अलग से (देखिए पैरा 14 अध्याय-14) लिपिबद्ध कर दी है। मैंने यह भी संकेत दिया है कि कुछ ऐसी अधिकारी परिस्थितियां अवश्य हैं जो उनके द्वारा किए गए उल्लंघनों तथा चूकों को कुछ कम कर देती है। अन्यत्र मैंने अपने इन निष्कर्षों को भी लिपिबद्ध किया है कि प्रबंधकों ने सर्वेक्षक को समुचित स्टाफ तथा सर्वेक्षण उपकरण प्रदान नहीं किए थे। उन्होंने इन कमियों की ओर प्रबंधकों का ध्यान आकृष्ट करने के लिए कई आवेदन/अभिवेदन दिए परन्तु उनसे कोई वास्तविक लाभ नहीं हुआ।

7. इस सबके बावजूद मुझे कहना पड़ेगा कि श्री जोशी को इस दुर्घटना से संबंधित अपनी जिम्मेदारी को स्वीकार करना ही होगा। वे इसके प्रति असावधान नहीं हो सकते कि वे खान में एक "मुख्य" पद पर आरूढ़ हैं और कि यह उनका कानूनी दायित्व है कि वे अनिवार्य भूमिगत नक्शों तथा योजनाओं को तैयार करवाएं और उन्हें आद्यतन तथा सही बनाए रखें। यदि उन पर कार्यभार अधिक था तथा उन्हें सर्वेक्षण के अलावा अन्य कुछ कार्य सौंप दिए गए थे तो उन्हें अपने समय को इस प्रकार बांटना चाहिए था कि खान में सुरक्षा के काम को हानि न पहुंचे और भूमिगत क्षेत्र के अनिवार्य न्यूनतम सर्वेक्षण कार्यों की उपेक्षा न हो जाय अथवा वे बकाया न रह जाएं। इस सीमा तक वे सर्वेक्षक के रूप में अपने कार्यों तथा कर्तव्यों का उपयुक्त तथा समुचित पालन करने में असफल हुए प्रतीत होते हैं।

8. मैंने प्रबंध निदेशक श्री सी० बलराम के व्यवहार पर भी विचार किया है कि क्या उनके व्यवहार को किसी भी आधार पर आलोचना अथवा निंदा का विषय बनाया जा सकता है अथवा नहीं। मेरे समक्ष यह दलील प्रस्तुत की गई है कि दुर्घटना के तत्काल बाद मंत्रालय को लिखे अपने पत्र (जिसकी प्रति खा० सु० म० नि० ने प्रदर्श डी-1523 पर प्रस्तुत की है) को प्रारंभ में ही अदालत के सामने प्रस्तुत न करके और "अकस्मात पानी घुस आने" के मत को प्रतिपादित करके एक ऐसे महत्वपूर्ण तथ्य की उपेक्षा करने अथवा उसे दबाने का प्रयास किया है, जो जांच के लिए सुसंगत हो सकती थी, और अदालत को गुमराह करने का प्रयास किया है तथा जांच को लंबा खींचने की कोशिश की है। यह सच है कि दुर्घटना के शीघ्र बाद उन्होंने महसूस किया कि यह दुर्घटना कोलियरी के प्रधान अधिकारियों की लापरवाही आदि के ही कारण हुई है लेकिन बाद में वे "अकस्मात पानी भर जाने" के मत को प्रस्तुत करने और उसे बी० को० लि० द्वारा पेश लिखित बयान में शामिल करने में जिम्मेवार बन गए हालांकि, तर्क के लिए यह संभव है कि दुर्घटना के उत्तरदायित्व संबंधी उनके प्रारंभिक दृष्टिकोण में तब परिवर्तन हो गया जब उन्होंने इस संबंध में अपनी ओर से जांच की तथा इस प्रश्न पर और आगे विचार किया। यहां यही कहा जा सकता है इस तरह की सार्वजनिक जांच में, जो दुर्घटना की परिस्थितियों को निश्चित करने के लिए की जा रही है, उन्हें एक ईमानदार/लोकसेवक के नाते अदालत के सामने दुर्घटना से संबंधित सभी सामग्री, जो उनके पास है, पेश कर देनी चाहिए थी और उन्हें ऐसा कुछ भी नहीं छिपाना चाहिए था जो उनके लिखित बयान में उनके द्वारा लिए गए पक्ष का समर्थन अथवा परिपुष्टि नहीं करता हो। मुझे यह अभ्युक्ति भी देनी है कि पहले तो प्रबंधक उनसे एक गवाह के रूप में बयान चाहते थे परन्तु बाद में उन्होंने यह प्रस्ताव वापस ले लिया।

9. प्रश्न नं० (5) के बारे में, मेरी सिफारिशें रिपोर्ट में उपयुक्त जगहों पर देखी जा सकती हैं। संदर्भ की सुविधा हेतु मैं उन्हें समूहित रूप में यहां दे रहा हूं:

(क) पिट सुरक्षा समिति के कार्यों का क्षेत्र और व्यापक बनाया जाए और इसमें खान की भूमिगत खुदाई में विद्यमान खतरों से संबंधित मामलों पर विचार तथा चर्चा करना शामिल हो।

(ख) कोयला खान विनियमावली में यह व्यवस्था करना वांछनीय होगा कि किसी बड़ी दुर्घटना के बाद जब खा० सु० म० नि० के अधिकारीगण खान का मुआयना करने जाएं तो उनमें से एक तो दुर्घटना स्थल पर जाए और दूसरा उसी समय सभी प्रासंगिक नक्शों तथा दस्तावेजों को अपने कब्जे में ले ले।

(ग) कोयला खान विनियमावली की प्रथम अनुसूची के फार्म 4-ए (जिसमें घातक दुर्घटना की लिखित सूचना भरी जाती है) में ऐसे उपयुक्त संशोधन किए जाएं जिससे निम्नलिखित के बारे में सूचना दी हो: (1) सूचना का समय; तथा (2) उक्त सूचना के प्रेषण का समय; ऐसा करने से विनियम 9 के वास्तविक आशय को पूरा किया जा सकेगा। उक्त दुर्घटनाओं की सूचना को खा० सु० म० नि० के कार्यालयों में छुट्टी के दिन प्राप्त करने हेतु ड्यूटी आफीसरों को तैनात करने की संभावना पर सरकार को विचार करना चाहिए।

(घ) को० खा० वि० 41(2) के बारे में यह सिफारिश की जाती है कि सुरक्षा अधिकारी को कोई अतिरिक्त काम खा० सु० ग० नि० प्राधिकारियों द्वारा लिखित अनुमोदन के अधीन ही दिया जा सकता है, और उन्हें अपने तर्क लिखना जरूरी होगा।

(ङ) जब भी संगठन का कोई वरिष्ठ अधिकारी (जैसे एजेंट अथवा महाप्रबंधक) खान का निरीक्षण करे उसके लिए यह कानून न जरूरी हो कि वह प्रबंधक की डायरी का मुआयना करे और उस पर अपने प्रति हस्ताक्षर करे। यह सिफारिश अध्याय-2 में मेरे इस निष्कर्ष के कारण की जा रही है कि इस मामले में या तो डायरियां भरी ही नहीं गई या बड़े असंतोषजनक ढंग से भरी गई।

(च) यह वांछनीय है कि विनियम 127 के उप-विनियम (5) में उल्लिखित पूर्वोपाय सर्वथा पानी भरे रहने के मामला पर भी लागू हों फिर चाहे वहां पानी का रिसाव दिखाई देता हो अथवा नहीं; इस प्रयोजन हेतु सरकार को०खा० विनियमावली में उपयुक्त संशोधन करने पर विचार कर सकती है।

10. इनके अतिरिक्त, निम्नलिखित सिफारिशें की जाती है:

जांच में प्रगति के साथ-साथ यह स्पष्ट होता गया कि विभिन्न पक्ष कोयलाखान विनियमावली के कुछ उपबंधों की भिन्न-भिन्न व्याख्याएं दे रहे थे। मुझे भी ऐसा लगता है कि कुछ विनियम पर्याप्त रूप से स्पष्ट नहीं है। उदाहरणार्थ, हमारे सामने यह तर्क प्रस्तुत किया कि विनियम 49(2) के अंतर्गत सर्वेक्षक का यह दायित्व कि वह उन खान कार्यस्थलों के बारे में "सभी तथ्यों" का पुस्तिका में इंदराज करे, जो खान की सीमा अथवा अप्रचलित या त्याग दी गई पानी से भरे कार्यस्थलों से लगभग 75 मीटर दूर से प्रारंभ की गई है, तब समाप्त हो जाता है जब यह दूरी घटाकर 60 मीटर कर दी जाए। यह वांछनीय है कि दोनों विनियमों अर्थात् 49(2) तथा 127 में उपयुक्त संशोधन किया जाए और यह स्पष्ट कर दिया जाए कि उक्त परिस्थितियों में सर्वेक्षक के उत्तरदायित्व किसी भी तरह कम नहीं हो जाते। यह भी आवश्यक प्रतीत होता है कि "अप्रचलित कार्यस्थल" "अप्रयुक्त कार्यस्थल" तथा "परित्यक्त कार्यस्थल" जैसे कुछ शब्दों की स्पष्ट परिभाषा दी जाए।

विनियम 127(3) में प्रयुक्त "Such" शब्द निरर्थक लगता है और भ्रम पैदा करता है।

11 यह भी सिफारिश की जाती है कि सुरक्षा अधिकारी के कर्तव्यों का उल्लेख करने वाले विनियम 41(क) में स्पष्ट रूप से यह निर्दिष्ट होना चाहिए कि सुरक्षा अधिकारी को खान में कोई अन्य काम न सौंपा जाए। इस सिफारिश का कारण "सुरक्षा अधिकारी का दुरुपयोग" वाले अध्याय में पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया गया है। यदि मुझे इस जांच के संकुचित विषय क्षेत्र से बाहर कुछ कहने की अनुमति दी जाए तो मैं यह सुझाव भी दूंगा कि कोयला उद्योग के राष्ट्रीयकरण के संदर्भ में यह जरूरी है कि खान अधिनियम तथा विनियमावली आदि के कुछ उपबंधों की फिर से जांच की जाए और उन्हें कोयला उद्योग के नए संगठन के अधिक अनुरूप बनाया जाए। उद्योग में सुरक्षा के संबंध में, मैं समझता हूं कुछ राष्ट्रीयकृत इकाइयों ने "विभागीय लेखापरीक्षा" के उद्देश्य से अपने सुरक्षा संगठन बना लिए हैं। सरकार संभवतः इन संगठनों के कार्य संचालन की किसी समिति अथवा अन्य किसी उपयुक्त ढंग से समीक्षा करना चाहेगी।

12 प्रश्न (6) के संबंध में मुझे कोई विशिष्ट सिफारिश नहीं करनी है।

13. खर्च संबंधी प्रश्न (7) के संबंध में, मैंने पाया है कि दुर्घटना वै० को० लि० की लापरवाही तथा असावधानी के कारण हुई थी अतः यह उचित ही होगा कि वै० को० लि० खर्च का वहन करे। खर्च में निम्नलिखित मद शामिल होंगे:

(1) सरकार द्वारा जांच अदालत पर किया गया खर्च,

(2) विभिन्न पक्षों (वै० को० लि० तथा श्री जोशी को छोड़कर) द्वारा इस जांच हेतु वकील करने, तथा दिनांक 5-6-78 से 9-6-78 तक बेंगलूर में होने वाली बैठक के लिए श्री जोशी समेत अदालत के नागपुर से बेंगलूर से नागपुर लौटने और बेंगलूर में रहने खाने पर होने वाला खर्च; (अदालत ने पहले ही आदेश दिया था कि बेंगलूर की बैठक का सारा खर्च वै० को० लि० वहन करेगा)।

(3) मजदूर संघ के पदाधिकारियों अथवा श्रमिकों, जो वै० को० लि० के कर्मचारी हैं और जो अदालत में पेश हुए हैं (गवाह के रूप में आने वालों समेत) का यात्रा व्यय तथा उक्त दिन का खाने का सामान्य खर्च वै० को० लि० को देना होगा। लेकिन यह खर्च अदालत में पेश होने वाले प्रत्येक मजदूर संघ के केवल दो कार्यकर्ताओं कर्मचारियों को ही दिया जाएगा। (यह समझा जाता है कि वै० को० लि० ने इस संबंध में कुछ भुगतान कर भी दिए है)।

14. ये खर्च मुख्य श्रम आयुक्त (मध्य) नई दिल्ली द्वारा अभिकलित तथा परिकलित किए जाएंगे और वे वै० को० लि०, नागपुर के अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक को तीन महीने के अन्दर-अन्दर इसकी सूचना भेज देंगे। वै० को० लि० इनका भुगतान रिपोर्ट की तारीख से छह महीने के अन्दर-अन्दर कर देगी।

15. किसी अन्य पार्टी को खर्चा नहीं मिलेगा।

अध्याय 20
निष्कर्ष और आभार प्रदर्शन

1 इस रिपोर्ट के अंत में, मैं सर्वप्रथम उन सभी पक्षों तथा वकीलों का धन्यवाद करूंगा जिन्होंने मेरे सामने पेश होकर जांच कार्य में पर्याप्त सहायता दी है। इसके बाद मैं चार असैसरों का सर्वश्री एस० के० सान्याल, एस० डब्लू० धार्वे, वी०एल० करखंडे तथा प्रो० जी०एस० मरवाहा, जिन्होंने जांच के सभी चरणों में मेरे साथ सौजन्यता तथा सहयोग का व्यवहार किया है, धन्यवाद करता हूं। उनकी सलाह तथा सुझाव मेरे लिए बहुत उपयोगी रहे है। विशेषरूप से मैं दो "तकनीकी" असैसरों प्रो० जी०एस० मरवाहा तथा श्री वी०एल० करखंडे का ऋणी हूं जिन्होंने जांच के बहुत कुछ जटिल तकनीकी प्रश्नों पर अपने विचार प्रकट किए। मुझे प्रसन्नता है कि दो असैसरों के एक टिप्पण को छोड़कर हम एक सर्वसम्मत रिपोर्ट भारत सरकार को पेश कर रहे है।

2 मैं महाराष्ट्र सरकार का भी धन्यवाद करूंगा कि उन्होंने नागपुर स्थित विधायक होस्टल के समिति कक्ष को जांच अदालत की बैठक हेतु प्रदान किया। अदालत की बैठक के लिए नागपुर एक सुविधाजनक स्थान था क्योंकि सिलवाड़ा कोयलाखान यहां से केवल 27 किलो मीटर ही दूर है और अदालत के लगभग सभी सत्र इसी समिति कक्ष में आयोजित हुए।

3 3-डिप डिस्ट्रिक्ट का एक माडल तथा डिस्ट्रिक्ट का एक संबंधित नक्शा तैयार करने के लिए मैं खान सुरक्षा निदेशक, नागपुर का धन्यवाद करना चाहूंगा। यह नक्शा नागपुर स्थित अदालत के कमरे की दीवाल पर टंगा रहता था और उसकी वजह से जांच से संबंधित विभिन्न तथ्यों तथा परिस्थितियों को समझने में पर्याप्त सहायता मिली।

4 अंत में मैं जांच के सभी चरणों में अपनी अमूल्य सहायता देने वाले अदालत के सचिव श्री मोहन लाल के प्रति आभार व्यक्त करना हूं। उनकी साफ सुथरी तथा व्यवस्थित आदतों और उनके मेहनती तथा श्रम साध्य कार्य—ढंग की वजह से इस अपेक्षाकृत अधिक लम्बी जांच में व्यवस्थित रूप से प्रगति संभव हो सकी।

हस्ताक्षर
(पी० एम० नायक)
अध्यक्ष

बेंगलूर
दिनांक 25 सितम्बर, 1978

इस रिपोर्ट में दी गई सभी टिप्पणियों, निष्कर्षों तथा सिफारिशों से जो हमसे पूरे परामर्श के बाद तैयार हुई हैं, हम पूरी तरह सहमत है। हम अपने प्रति ही नहीं अपितु जाच में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ अदालत के सतत भद्र तथा सम्मानजनक व्यवहार के प्रति अवश्य आभार व्यक्त करना चाहेंगे।

यद्यपि जांच के दौरान उनके स्वास्थ्य मे कुछ खराबी आ गई थी किन्तु फिर फिर भी जांच के प्रति उनकी वचनबद्धता में कोई कमी नही आई।

हस्ताक्षर
(पी० एल० करवंडे)
हस्ताक्षर
(जी० एस० मरवाहा)

(एक अलग नोट के साथ) हस्ताक्षर
(एस० डब्लू० क्षावे)
हस्ताक्षर

(संलग्न नोट के साथ) (एस० के० सान्याल)
असैसर

असेसरों का नोट

अध्याय-15 में अदालत के विद्वान् सदस्य ने कहा है कि कोयला खान विनियमावली के विनियम 127(3) तथा (5) इस मामले में लागू नही होगे, जबकि हमारा मत है कि विनियम 127(1) के साथ-साथ उपधारा (3) तथा (5) भी लागू होंगे। तथ्य ये है कि पर्पो को दूसरे X कट डिप से निकाल लिया गया था और अंतिम पंप नवम्बर 1974 में निकाला गया। यह एक स्वीकृत स्थिति भी है कि नवम्बर 1974 के बाद दूसरे X कट डिप में कोई काम नही किया गया। प्रबन्धकों ने दिसम्बर 1974 मे उसमे पानी निकलवाना शुरू किया क्योंकि उसमें पानी भरा हुआ था। प्रबन्धको ने 3-डीप डिस्ट्रिक्ट का विकास भी शुरू करवा दिया जो 60 मीटर की दूरी के अंदर के पानी भरे कार्यस्थल की ओर बढ़ रहा था। वास्तव में तो प्रबंधक 3-डिप डिस्ट्रिक्ट में खंभे तोड़ना चाहते थे और आवेदन खा० सु० म० नि० को भेज भी दिया गया था। इन तथ्यों को देखते हुए यह समझना कठिन है कि वह 'अप्रचलित' अथवा 'परित्यक्त' खुदाई क्यों नही थी। यदि वे इसे फिर से प्रयुक्त करना चाहते थे तब भी यह अस्थायी तौर पर परित्याग ही थी। स्पष्टतः यह कुछ-कुछ समय के लिए काम चालू न रखने का मामला है। विनियम 127(3) में कहा गया है कि यदि 60 मीटर के अन्दर-अन्दर खुदाई करनी है और यह पाया जाता है कि वहां पानी अथवा अन्य कोई द्रव पदार्थ इकट्ठा नही होगा तो खा० सु० म० नि० से पूर्व अनुमति लेना जरूरी नही है। प्रबन्धको का यह वाद कि यह पानी से मुक्त था, हम पहले ही अस्वीकार कर चुके है। वास्तव में, प्रबन्धकों को यह पता था कि यह 60 मीटर के अन्दर-अन्दर है और तब भी विनियम 127(3) के अन्तर्गत कोई आवेदन नही किया गया। इस धारा में "अप्रचलित" अथवा "परित्यक्त" शब्दो का यह अर्थ नही कि वह स्थायी रूप से हो, यह अप्रचलन अथवा परित्याग अस्थायी रूप में भी हो सकता है। इस विनियम का उद्देश्य मुख्य रूप से श्रमिको की सुरक्षा करना है और इसको मद्देनजर रखते हुए हमें इन शब्दों को व्यापक अर्थों में ग्रहण करना होगा। इस तरह के सामाजिक कानूनो/विधानो की इस रूप में व्याख्या करनी होगी जिससे इन कानूनो के उद्देश्यों की पूर्ति हो और अनिष्ट को रोका जाए। आक्सफोर्ड डिक्सनरी—द्वितीय संस्करण 1975 में 'अप्रचलित' का अर्थ है—'विच्छेद, उपयोग की कमी अथवा उपयोग बंद' और—'परित्याग' का अर्थ है 'छोड़ देना अथवा अभ्यर्पण'। इन शब्दों के अर्थ से स्पष्ट है कि ऐसा विच्छेद अथवा परित्याग अस्थायी प्रकार का भी हो सकता है। उपविनियम (3) की हमारी इस व्याख्या को देखते हुए हम महसूस करते हैं कि इस मामले में विनियम 127(1) के साथ-साथ विनियम, (3) तथा (5) भी लागू होते हैं। हमारा यह दृष्टिकोण खा० सु० म० नि० की रिपोर्ट के इस निष्कर्ष से और पक्का हो जाता है कि इस मामले में विनियम 127 के उपविनियम (3) और (5) लागू होते हैं और उनका उल्लंघन किया गया है क्योंकि कोई अनुमति मांगी नही गई। उक्त रिपोर्ट पैरा 23.8 में व्यक्त किए गए प्रासंगिक विचार इस प्रकार है :

"वे (श्री एस० के० ग्रोवर, प्रबंधक) कोयला खान विनियमावली 1957 के विनियम 127 के उपबंधों का पालन करने में असफल रहे। विनियम 127(3) के अन्तर्गत उन्होंने महानिदेशक को कोई आवेदन नही दिया। विनियम 127(1) के अन्तर्गत जलमग्न होने के खतरे से बचने की समुचित व्यवस्था की जानी लाजमी है उन्होंने उक्त व्यवस्था नही की। जल से भरे कार्यस्थल के 60 मीटर के अन्दर खुदाई के मुह के मध्य के समीप बोर होलों तथा किनारो पर प्लैक होल्स नही किए गए, जैसी कि विनियम 127(5) मे व्यवस्था है। उक्त कार्यस्थलों की चौड़ाई तथा ऊंचाई भी 2.4 मीटर से अधिक थी, जो विनियम 127(5) का उल्लंघन है। प्रबंधक की यह दलील, कि 7वें और 8वें पूर्व लेवलों को अप्रचलित कार्यस्थलों के साथ छत की गड़बड़ी के कारण नहीं जोड़ा गया, स्वीकार नही की जा सकती क्योंकि इन लेवलों की छत इतनी बुरी हालत में नही पाई गई कि उक्त को जोड़ा न जा सके" ;

इसीलिए, हमारे मतानुसार विनियम 127(1) के साथ-साथ विनियम 127(3) तथा (5) का भी उल्लंघन किया गया है। इसलिए यह भी जरूरी नही है कि विशेष डिस्ट्रिक्ट का कार्यस्थल पूर्णरूप से इसलिए छोड़ दिया जाए कि यह विनियम उस पर लागू होता है। भविष्य में कुछ समय बाद खुदाई करने की अथवा अन्य कोई मंशा होने की वजह से उक्त स्थिति को विनियम 127(3) के उपबन्धो से अलग नही किया जा सकता।

हम यह भी कहना चाहेंगे कि कोयलाखान की खुदाई अथवा अन्य किसी खतरनाक काम में सुरक्षा का ध्यान रखना सर्वोपरि कर्त्तव्य है। समय आ गया है कि इस तरह के कामों को चलाने में सुरक्षा को सर्वप्रमुख उद्देश्य बनाया जाए और वास्तव में तो इसे उक्त उपक्रम/कंपनी के लक्ष्य तथा उद्देश्यों में ही नहीं अपितु उसकी अन्तर्नियमावली में भी शामिल किया जाए। विशेष रूप से, सार्वजनिक क्षेत्रक में यह अधिक जरूरी है कि खुदाई कार्य मे सुरक्षा सुनिश्चित करने के साधन के रूप में नीचे के स्तर से लेकर उच्चस्तर तक सुरक्षा संगठन स्थापित किया जाए ऐसा करना इसलिए और भी जरूरी है क्योंकि अधिक उत्साही अधिकारियो की यह प्रवृत्ति होती जा रही है कि वे उत्पादन की खातिर सुरक्षा की बलि चढ़ा देते हैं। हम यह भी महसूस करते है कि खा० सु० म० नि० के संगठन को मजबूत बनाया जाए और यह मात्र एक प्रवर्तन प्राधिकरण न बना रहे अथवा इससे भी कम अनुमति देने की मशीन ही न बनी रहे। वास्तव में, ऐसा लगता है कि कोयला खान विनियमों के अधीन अनुमति प्रदान करने की वर्तमान पद्धति कर्मचारियों की अपर्याप्तता के कारण है। बहुतेरे मामलों में तो यह अनुमति प्रबंधकों द्वारा भेजे आंकड़ों अथवा सूचना का प्रत्यक्ष सत्यापन किया गया होता तो ऐसी स्थिति से बचा जा सकता था। इस संस्था (खा० सु० म० नि०) का एक महत्वपूर्ण और विशेषरूप से राष्ट्रीयकृत सार्वजनिक क्षेत्रक की सफलता का साधन बनाने के लिए यह जरूरी है कि खानों में सुरक्षा को एक पावन कर्त्तव्य माना जाए और इस संस्था को सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा जाए जिससे कि सार्वजनिक उपक्रम उत्पादन के उच्चतम शिखर को प्राप्त कर सकें, जीवन को बेहतर सुरक्षा प्रदान कर सकें और इस प्रकार तीव्र गति से आर्थिक विकास में सहायता दे सकें। हमारी दृष्टि से, ऐसा करना बहुत जरूरी है हालांकि खानो में सुरक्षा प्रदान करना हमेशा प्रबंधकों का ही उत्तरदायित्व रहेगा।

हमारे देश के नए परिप्रेक्ष्य तथा आर्थिक आयोजना के समयबद्ध लक्ष्यों के संदर्भ में हम यह सुझाव भी देंगे कि खान अधिनियम, 1952 तथा उसके अधीन बनाए नियमों में यथोचित संशोधन किए जाएं जिससे

परिस्थितियो की नई चुनौतियो का सामना किया जा सके । हम यह भी सिफारिश करते है कि सुरक्षा संगठन के सभी स्तरों पर कामगारो के प्रतिनिधियों को सम्बद्ध किया जाए ।

उपर्युक्त कथन के अधीन हम रिपोर्ट से सहमत हैं ।

हस्ताक्षर

बेंगलूर 1. (एस० डब्लू० धावे)

24 सितम्बर, 1978 हस्ताक्षर

2. (एस० के० सान्याल)

असैसर

परिशिष्ट I

श्रम मन्त्रालय

नई दिल्ली, 9 मार्च, 1976

अधिसूचना

सां० आ०.—चूंकि 16 नवम्बर, 1975 को महाराष्ट्र राज्य के नागपुर जिले में सिलवाड़ा कोलियरी में एक दुर्घटना हुई थी जिसमें व्यक्तियो की मृत्यु हुई थी ;

और चूंकि केन्द्र सरकार की राय है कि दुर्घटना के कारणों और परिस्थितियों की औपचारिक जांच की जाए ;

अत. खान अधिनियम, 1952 (1952 का 35) की धारा 24 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार एतद्द्वारा ऐसी जांच करने के लिए भारत सरकार के सेवानिवृत्त सचिव श्री पी० एम० नायक को नियुक्त करती है और इस जांच के लिए असैसरो के रूप में निम्नलिखित व्यक्तियों को भी नियुक्त करती है :—

(1) श्री पी० एल० करवंडे,
महाप्रबंधक,
सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड,
पो० ओ० कोठागुडियम, आंध्र प्रदेश

(2) प्रो० जी० एम० मरवाहा,
निदेशक,
इंडियन स्कूल आफ माइन्स, धनबाद

(3) श्री एस० डब्लू० धावे, एम० पी०
सदस्य कार्यकारी समिति,
इंडियन नेशनल माइन्स वर्कर्स फेडरेशन,
सर्किल नं० 9, आयाचित रोड, नागपुर

(4) श्री एस० के० सान्याल,
सदस्य, आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस
की कार्यकारी समिति,
एडवोकेट बोर्नीला
नागपुर-13 (महाराष्ट्र)

[एफ-11015/7/75-एम० आई०]

जे० सी० सक्सेना, अवर सचिव

परिशिष्ट—4

गवाहों की सूची जिनके बयान लिए गए

क्रम संख्या	गवाहों के नाम	वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की ओर से बयान देने वाले गवाह
1.	श्री ए० बी० शाह	
2.	श्री एस० राधाकृष्णन	—वही—
3.	श्री सी० पी० बंसल	—वही—
4.	श्री एस० के० ग्रोवर	—वही—
5.	श्री आर० के० दुबे	—वही—
6.	श्री आर० सी०गर्ग	—वही—
7.	श्री एम० एन० गुहा	—वही—
8.	श्री बी० के० सिन्हा	—वही—
9.	श्री बी० झा	—वही—
10.	डा० बी० सिंह०	—वही—
11.	श्री आर० के० जोशी	वे० को० लि० में प्रधान सर्वेक्षक—एक स्वतंत्र गवाह
12.	श्री एस० एस० कहलो	खान सुरक्षा महानिदेशालय
13.	श्री मारुति गनपत जाधव	एम० पी० राष्ट्रीय कोयला खदान कामगार संघ
14.	श्री फूलचन्द चन्नीलाल मांकडे	—वही—
15.	श्री भीमराव काचरु सैनिकर	—वही—
16.	श्री कातम लछाया	—वही—
17.	श्री गुड्डे राजेश्वर	विदर्भ कोलमाइन्स एम्प्लोईज एसोसियेशन
18.	श्री नारायण बलीराम	—वही—
19.	श्री लालन शर्मा	कोयला खदान कर्मचारी संघ

परिशिष्ट—5

अनुमत			प्रदर्श और वस्तुओं की सूची
प्रदर्श	चिह्न	'सी'	वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
वही	वही	'जे'	श्री आर० के० जोशी, प्रधान सर्वेक्षक, वे०को०लि०—एक स्वतंत्र गवाह
वही	वही	'डी'	खान सुरक्षा महानिदेशालय
वही	वही	'एम'	एम० पी० राष्ट्रीय कोयला खदान कामगार संघ
वही	वही	'बी'	विदर्भ कोल माइन्स एम्प्लाईज एसोसिएशन
वही	वही	'के'	कोयला खदान कर्मचारी संघ

प्रदर्श सं०	संक्षिप्त विषय	पेश करने वाले पक्ष का नाम	प्रथम संदर्भ
सी-1	विभिन्न पदों को विज्ञापित करने वाले कार्यालय परिपत्र	वे० को० लि०	श्री ए० बी० शाह के साक्ष्य का पृष्ठ-7
सी-2	4 तल सीम का भूमिगत कार्यकारी नक्शा आर० एफ० 1: 1200	वही	श्री ए० बी० शाह के साक्ष्य का पृष्ठ—10
सी-3	4 तल सीम का भूमिगत नक्शा आर०एफ० 1 : 1200	वही	वही
सी-4	वोल्टाज पंपों के खरीद आदेश	वे० को० लि०	श्री ए० बी० शाह के साक्ष्य का पृष्ठ 35
सी-5	वे० को० लि० का पत्र सं० सी०एम० ई० (एस एंड सी) मिन० आव डिस्क० तारीख 12-11-75 जिसके साथ खा० सु० म० नि० के अधिकारियों और कोलमाइन्स अथारिटी के बीच 27-10-75 को हुई चर्चा की टिप्पणियां संलग्न हैं	वही	वही
सी-6	पोलिस एडवांसिंग मशीन की खरीद के मांग पत्र	वही	श्री ए० बी० शाह के साक्ष्य का पृष्ठ 41
सी-7	बोल्ड्रिल के लिए 17-9-73 का रिपीट आर्डर	वही	वही
सी-8	7वें लेवल से ड्रिल किए गए 3 सुराखों की अवस्थिति दिखाने वाले नक्शा 73/44 के साथ खान सुरक्षा निदेशक, नागपुर को भेजा गया एन०सी०डीसी० पो० आ० सिलवाड़ा का तारीख 10-11 का पत्र	वही	वही
सी-9	अछूती या विकसित सीमों की भूमिगत खुदाई के संबंध में श्री एच०बी० घोष द्वारा श्री सी० बलराम को भेजा गया खा० सु० म० नि०, धनबाद, का अर्ध-सरकारी-पत्र तारीख 17-12-1973	वे० को० लि०	श्री राधाकृष्णन के साक्ष्य का पृष्ठ 59
सी-10	सिलवाड़ा तथा बीना सेक्टर, काम्पटे कोलफील्ड्स में कोयला खोज से संबंधित आई० बी० एम० अंतरिम रिपोर्ट (II) के पृष्ठ 15 का उद्धरण	श्री आर० के० जोशी	श्री राधाकृष्णन के साक्ष्य का पृ० 109
सी-11	4-बी और 4-टी सीमों की पूरी निकासी के लिए पूर्वी पैनल से खंभे तोड़ने की अनुमति से संबंधित खा०सु० म०नि० को भेजा गया एनसीडीसी का तारीख 13-6-75 का पत्र	एम०पी०आर० के०के०के०एस०	.श्री ए० बी० शाह के साक्ष्य का पृष्ठ 199
सी-12	फार्म 4-ए में तारीख 24-11-75 का दुर्घटना नोटिस	वे० को० लि०	श्री सी० पी० बंसल के साक्ष्य का पृष्ठ 72
सी-13	3-डिप डिस्ट्रिक्ट के लिए पंप क्षमता, अवस्थिति आदि	खा०सु०म०नि०	श्री सी० पी० बंसल के साक्ष्य का पृष्ठ 72
सी-14	4-शीर्ष विस्तीमन डिस्ट्रिक्ट और 3-डिप डिस्ट्रिक्ट से अक्तूबर और नवम्बर, 1975 का टनों में उत्पादन	खा०सु०म०नि०	श्री सी० पी० बंसल के साक्ष्य का पृष्ठ 72
सी-15	सहायक महाप्रबंधक (एजीएम) नागपुर को भेजा गया एनसीडीसी सिलवाड़ा परियोजना पत्र तारीख 18-10-71 जो 4 बोर होलों केएम टी 54, 19, 35 और 84 से पानी टूट पड़ने और पिछले एक सप्ताह के उत्पादन से संबंधित है	वही	वही
सी-16	वाई०के० सिंह की डायरी	के०के०के०एस०	श्री बंसल के साक्ष्य का पृष्ठ 147
सी-17	जनरल शिफ्ट का हाजिरी रजिस्टर	वही	वही
सी-18	श्री एस०के० ग्रोवर की डायरी	वही	श्री बंसल के साक्ष्य का पृष्ठ 156
सी-19	जे डी एम एस को भेजा गया एन सी डी सी सिलवाड़ा परियोजना पत्र तारीख 22-2-75 जो खंभे तोड़ने के लिए वि०नि० 101 के अधीन दिया गया नोटिस है।	वे० को० लि०	श्री ग्रोवर के साक्ष्य का पृष्ठ 4
सी-20	4-बी और 4-टी की पूरी निकासी के साथ पूर्वी पार्श्व पैनल के खंभे तोड़ने के लिए अनुमति से संबंधित एजेंट सिलवाड़ा को भेजा गया जेडीएमएस, नागपुर का तारीख 20-3-75 का पत्र	वही	श्री ग्रोवर के साक्ष्य का पृष्ठ 7
सी-21	स्थानिक निरीक्षण रिपोर्ट रजिस्टर	वे० को० लि०	श्री ग्रोवर के साक्ष्य का पृष्ठ 7
सी-22	डिप प्रगति रजिस्टर	वही	श्री ग्रोवर के साक्ष्य का पृष्ठ 11
सी-23	उल्लंघनों के परिशोधन के संबंध में प्रधान सर्वेक्षक को भेजा गया सिलवाड़ा कोलियरी के प्रबंधक का तारीख 29-10-75 का पत्र	वही	श्री ग्रोवर के साक्ष्य का पृष्ठ 12

1	2	3	4
सी-24	श्री एस० के० ग्रोवर द्वारा किया गया पानी का परिकलन	वही	श्री ग्रोवर के साक्ष्य के पृष्ठ 14-17
सी-25	सिलवाड़ा खान 1 और 2 के नक्शे आर०एफ० 1 : 1200	वही	श्री ग्रोवर के साक्ष्य का पृष्ठ 18
सी-26	श्री आर०के० दुबे की डायरी	खा०सु०म०नि०	श्री ग्रोवर के साक्ष्य का पृष्ठ 26
सी-27	सिरदार की दैनिक रिपोर्ट	खा० सु० म० नि०	श्री ग्रोवर के साक्ष्य का पृष्ठ 60
सी-28	सीम 4-बी का भूमिगत नक्शा आर०एफ० 1 : 2400	वही	श्री ग्रोवर के साक्ष्य का पृष्ठ 75
सी-29	4-बी पूर्वी सेक्शन का दस्ती नक्शा आर०एफ० 1 : 2400	वही	श्री ग्रोवर के साक्ष्य का पृष्ठ 76
सी-30	सिक्स फील्ड तथा लेवल पुस्तकें	वही	श्री ग्रोवर के साक्ष्य का पृष्ठ 102
सी-31	सीम 2 का संवातन नक्शा आर०एफ० 1 : 1200	वही	प्रदर्श का कोई उल्लेख नहीं किया गया है
सी-32	कोयला बोर्ड माप डायरी	श्री आर० के० जोशी	श्री ग्रोवर के साक्ष्य का पृष्ठ 218
सी-33	शार्टफाइरट की रिपोर्ट पुस्तक	के०के०के०एस०	श्री ग्रोवर के साक्ष्य का पृष्ठ 302
सी-34	जल खतरा नक्शे पर सर्वेक्षण अधिकारी, नागपुर द्वारा किए गए प्रेक्षण तारीख 7-2-76	वही	श्री राधाकृष्णन के साक्ष्य का पृष्ठ 151
सी-35	4-बी का दस्ती नक्शा 1 : 2400	श्री आर० के० जोशी	श्री दुबे के साक्ष्य का पृष्ठ 95
सी-36	ओवरमैन की दैनिक रिपोर्ट	खा०सु०म०नि०	श्री वी०के० सिन्हा के साक्ष्य का पृष्ठ 4
सी-37	4-बी पूर्व का आंशिक भूमिगत नक्शा	वही	श्री सिन्हा के साक्ष्य का पृष्ठ 6
सी-38	ओवरमैन की रिपोर्ट पुस्तक	श्री आर० के० जोशी	श्री सिन्हा के साक्ष्य का पृष्ठ 11
सी-39	डा०बी० सिंह द्वारा दिए गए सिलवाड़ा के प्रेक्षण	वही	डा० बी० सिंह के साक्ष्य का पृष्ठ 57
सी-40	सिलवाड़ा कोलियरी की सीम-4-बी का आंशिक नक्शा	वै० को० लि०	श्री जोशी के साक्ष्य का पृष्ठ 29
सी-41	सीम-2 का आंशिक नक्शा तारीख 19-11-1975	वही	वही
सी-42	4-शीर्ष सीम का आंशिक नक्शा	वही	वही
सी-43	सीम-4 बी सेक्शन के भूमिगत कार्यस्थलों का नक्शा तारीख 19-11-1975	वही	श्री जोशी के साक्ष्य का पृष्ठ 31
सी-44	सर्वेक्षक की क्षेत्र पुस्तक	वही	श्री जोशी के साक्ष्य का पृष्ठ 32
सी-45	सीम 4-बी के भूमिगत कार्यस्थलों का नक्शा	वही	श्री जोशी के साक्ष्य का पृष्ठ 33
सी-46	नक्शा रजिस्टर	वै० को० लि०	श्री जोशी के साक्ष्य का पृष्ठ 34
सी-47	खा० सु० म० नि० द्वारा प्रवर्ण सी-3 के लिए गए फेरो प्रिंट	वही	श्री जोशी के साक्ष्य का पृष्ठ 39
सी-48	श्री ए०के० मुखर्जी के सामने दिया बयान	वै० को० लि० लेकिन यह मुख्य जिरह के दौरान श्री जोशी के वकील द्वारा मांगा गया था ।	श्री जोशी के साक्ष्य का पृष्ठ 62
सी-49	पिट सुरक्षा समिति रजिस्टर	वै० को० लि०	श्री जोशी के साक्ष्य का पृष्ठ 115
सी-50	विनियम 109(1)/105(1)/22(1) के अधीन खंभे तोड़ने के लिए आवेदनपत्र (फार्म) 1-ए	वही	श्री जोशी के साक्ष्य का पृष्ठ 116
सी-51 सी-52	दैनिक माप पुस्तकें	वही	श्री एम० एस० कहलों के साक्ष्य का पृष्ठ 27
सी-53 सी-54	निर्देशक रजिस्टर	वही	श्री कहलों के साक्ष्य का पृष्ठ 33
वस्तुएं			
सी-1-3	23-7-1977 को सिलवाड़ा कोलियरी के निरीक्षण के दौरान डा० बी० सिंह द्वारा एकत्र किये गए तीन अलग-अलग लिफाफों में मिट्टी का एक और बालू के दो नमूने	डा० बी० सिंह	डा० बी० सिंह के साक्ष्य का पृष्ठ 4
जे-1	सर्वेक्षक की डायरी	श्री आर०के० जोशी	श्री शाह के साक्ष्य का पृष्ठ 67
जे-2	श्री आर० के० जोशी को दिया गया आरोपपत्र तारीख 24-11-75	वही	श्री शाह के साक्ष्य का पृष्ठ 68
जे-3	18-11-1975 को दुर्घटना स्थल के निरीक्षण का श्री ए०बी० शाह का नोट तारीख 29-11-75	वही	श्री शाह के साक्ष्य का पृष्ठ 71
जे-4	आरोपपत्र के उत्तर में (हाथ से लिखा) श्री जोशी का जवाब तारीख 24-11-75	वही	श्री शाह के साक्ष्य का पृष्ठ 72
जे-5	उल्लंघनों के परिशोधन से संबंधित एजेंट, सिलवाड़ा को भेजा गया खान सुरक्षा उपनिदेशक का 21-10-75 का रजिस्ट्रीकृत पत्र	वही	श्री शाह के साक्ष्य का पृष्ठ 91

1	2	3	4
जे-6	अपर्याप्त सर्वेक्षण स्टाफ के बारे में प्रबंधक, सिलवाड़ा को भेजा गया श्री आर० के० जोशी का तारीख 26-5-74 का नोट	श्री आर०के० जोशी	श्री शाह के साक्ष्य का पृष्ठ 106
जे-7	अपर्याप्त सर्वेक्षण स्टाफ के बारे में म० को० प्र० (एसीएम) को भेजा गया श्री आर० के० जोशी का तारीख 16-2-74 का नोट	वही	श्री शाह के साक्ष्य का पृष्ठ 106
जे-8	सिलवाड़ा में सहायक सर्वेक्षक/उपसर्वेक्षक की तैनाती की बाबत मुख्य कार्मिक अधिकारी, एनसीडीसी, रांची को भेजा गया डिप्टी सीएमई, सिलवाड़ा का तारीख 8-5-73 का पत्र	वही	श्री शाह के साक्ष्य का पृष्ठ 115
जे-9	जेएमटी-36 का ड्रिफ्टिंग सरेखण बनाने के बारे में एजेंट, सिलवाड़ा परियोजना को भेजा गया खा०सु० म०नि० का तारीख 20-8-74 का पत्र	वही	श्री शाह के साक्ष्य का पृष्ठ 196
जे-10	उन खान सर्वेक्षकों का ब्यौरा जो नागपुर क्षेत्र में नियुक्त किए गए थे ।	वही	श्री शाह के साक्ष्य का पृष्ठ 197
जे-11	विभिन्न पदों के लिए दिए गए विज्ञापनों का बंडल	श्री आर०के० जोशी	श्री शाह के साक्ष्य का पृष्ठ 176
जे-12	सीम-4-टी का भूमिगत नक्शा आर०एफ० 1 : 2400	वही	श्री राधाकृष्णन के साक्ष्य का पृष्ठ 103
जे-13	सीम 4-णीर्ष के भूमिगत कार्यस्थल आर०एफ० 1 : 1200	वही	श्री राधाकृष्णन के साक्ष्य का पृष्ठ 104
जे-14	सीम 4-बी का जल खतरा नक्शा आर०एफ० 1 : 1200	वही	वही
जे-15	सीम 4-टी का जल खतरा नक्शा आर०एफ० 1 : 1200	वही	वही
जे-16	सर्वेक्षण कर्मचारियों तथा सर्वेक्षण किए जाने वाले डिस्ट्रिक्टों की संख्या सूची	वही	श्री बंसल के साक्ष्य का पृष्ठ 82
जे-17	सर्वेक्षण की अनुपस्थिति में ठेकेदारों को अदायगी न करने से संबंधित उप को०खा० ई० (डिप्टी सीएम० ई०) का तारीख 6-12-72 का नोट	वही	वही
जे-18	श्री जोशी द्वारा कन्हान में वायु शैफ्ट की मध्य लाइन निर्धारित करने के संबंध में श्री जोशी को भेजा गया श्री भसीन का नोट	वही	श्री बंसल के साक्ष्य का पृष्ठ 83
जे-19	सामग्री निर्गम रजिस्टर 1971	श्री आर० के० जोशी	श्री बंसल के साक्ष्य का पृष्ठ 86
जे-20	सिलवाड़ा कोलियरी का 1975-76 का कार्य नक्शा जिस में प्रगति कार्य भी शामिल है	वही	श्री बंसल के साक्ष्य का पृष्ठ 91
जे-21	पोलिस थियोडोलाइट की मरम्मत के संबंध में कोयला खान प्रबंधक, सिलवाडा को भेजा गया प्रधान सर्वेक्षक का तारीख 10-1-74 का नोट	वही	श्री ग्रोवर के साक्ष्य का पृष्ठ 161
जे-22	मरम्मत के लिए थियोडोलाइट कलकत्ता भेजने के लिए अनुमोदन प्राप्त करने हेतु डिप्टी एस०ओ०सी० सिलवाड़ा को लिखा गया सिलवाड़ा के कोयला खान प्रबंधक का तारीख 22-4-74 का नोट	वही	वही ।
जे-23	4-बी पूर्व का आंशिक भूमिगत नक्शा	वही	श्री ग्रोवर के साक्ष्य का पृष्ठ 175
जे-24	श्री आर० के० दुबे द्वारा निर्मित 9 पूर्व लेवल की मध्य लाइन के परिवर्तन को प्रदर्शित करने वाला दस्ती नक्शा।	श्री आर० के० दुबे	श्री दुबे के साक्ष्य का पृष्ठ 97
जे-25 से जे-40	प्रधान सर्वेक्षक श्री आर० के० जोशी को सौंपा गये कार्य के प्रदर्शित करने वाले तीन रजिस्टर और तेरह फाइलें	श्री जोशी	श्री जोशी की मुख्य जिरह का पृष्ठ 2
जे-41	महत्वपूर्ण सर्वेक्षण कार्य के लिए	वही	श्री जोशी के साक्ष्य का पृष्ठ 38
डी-1	उल्लंघनों के परिशोधन से संबंधित सिलवाड़ा के एजेंट को लिखा गया संयुक्त खान सुरक्षा निदेशक का तारीख 2-9-75 का पत्र	खा० सु० म० नि०	श्री शाह के साक्ष्य का पृष्ठ 15
डी-2	खान सुरक्षा महानिदेशक, नागपुर निरीक्षण रिपोर्ट तारीख 29-7-75	वही	श्री शाह के साक्ष्य का पृष्ठ 18
डी-3	27-10-1975 को सी० आई० एल० तथा खा० सु० म० नि० के अधिकारियों की बैठक की टिप्पणियों का रिकार्ड	वही	श्री शाह के साक्ष्य का पृष्ठ 19

1	2	3	4
डी-4	1972 से 1975 के दौरान घातक दुर्घटनाओं, गंभीर दुर्घटनाओं और मामूली दुर्घटनाओं का उल्लेख करने वाला अनुसूची-5 में विवरण	वही	श्री शाह के साक्ष्य का पृष्ठ 30
डी-5	4-शीर्ष का भूमिगत नक्शा आर० एफ० 1:1200	वही	श्री राधाकृष्णन के साक्ष्य का पृष्ठ 29
डी-6	खंभे तोड़ने के लिए संदर्भ 100(1) के अधीन अनुमति से संबंधित एजेंट, सिलवाड़ा को भेजा गया खान सुरक्षा निदेशक, नागपुर का तारीख 3-1-74 का पत्र	श्री जोशी	श्री राधाकृष्णन के साक्ष्य का पृष्ठ 37
डी-7	खान अधीक्षक के कार्यात्मक उत्तरदायित्वों के संबंध में संयुक्त खान सुरक्षा निदेशक, नागपुर को भेजा गया प्रबन्धक निदेशक, सी० एम० ए० के तारीख 15/17-10-74 के पत्र की प्रति	वही	श्री राधाकृष्णन के साक्ष्य का पृष्ठ 41
डी-8	प्रबंधक, सिलवाड़ा को भेजा गया संयुक्त खान सुरक्षा निदेशक का तारीख 17-3-75 का पत्र—खंभे तोड़ने के लिए विनियम 101 के अधीन नोटिस	वही	श्री बंसल के साक्ष्य का पृष्ठ 10
डी-9	खा० सु० म० नि०, धनबाद को भेजा गया एनसीडीसी का तारीख 13-6-75 का पत्र—4-बी और 4-टी सीमों के खंभे तोड़ने और निकासी की अनुमति	वही	श्री बंसल के साक्ष्य का पृष्ठ 23
डी-10	4-बी और 4-टी सीमों के खंभे तोड़ने और उनकी निकासी से संबंधित एजेंट, सिलवाड़ा को भेजा गया सं० खा० सु० नि० का तारीख 23-7-75 का पत्र	श्री जोशी	श्री बंसल के साक्ष्य का पृष्ठ 24
डी-11	4-बी और 4-टी सीमों के खंभे तोड़ने के लिए अनुमति संबंधी सं० खा० सु० नि० को भेजा गया एजेंट, सिलवाड़ा का तारीख 30/31-7-75 का पत्र	वही	वही
डी-12	खंभे तोड़ने के लिए नक्शे भेजने से संबंधी सं० खा० सु० नि० को भेजा गया सिलवाड़ा कोयलाखान के प्रबंधक का तारीख 16-8-75 का पत्र	वही	वही
डी-13	4-टी और 4-बी सीमों के खंभे तोड़ने के लिए विनियम 100 और संदर्भ 126 के अधीन अनुमति से संबंधित एजेंट, सिलवाड़ा को भेजा गया खा० सु० म० नि०, नागपुर का तारीख 28-10-75 का पत्र	वही	वही
डी-14	सरक्षा अधिकारी, सिलवाड़ा के रूप में श्री आर० के० दुबे का तारीख 11-9-74 का नियुक्ति नोटिस	श्री जोशी	श्री बंसल के साक्ष्य का पृष्ठ 30
डी-15	दो अभिग्रहण शापन	एम पी आर ,,	श्री बंसल के साक्ष्य का पृष्ठ 117
डी-16	खंभे तोड़ने से संबंधित घोष समिति की रिपोर्ट	खा० सु० म० नि०	उल्लेख नहीं
डी-17	सिलवाड़ा को लियरी में सांविधिक कार्मिकों की सूची	वही	श्री ग्रोवर के साक्ष्य का पृष्ठ 41
डी-18	संघातन अधिकारी के रूप में श्री एम० एस० सधू का तारीख 15-10-75 का नियुक्ति नोटिस	वही	श्री ग्रोवर के साक्ष्य का पृष्ठ 42
डी-19	दो अभिग्रहण शापन	वही	कोई उल्लेख नहीं किया गया है । लेकिन ये खा० सु० म० नि० द्वारा 19-2-1977 को दाखिल किए गए थे।
डी-20	सुरक्षा अधिकारी के रूप में श्री रमेश चन्द्र का तारीख 28/29-9-73 का नियुक्ति नोटिस	खा० सु०म०नि०	श्री आर० सी० गर्ग के साक्ष्य का पृष्ठ 24
डी-21	4 तल सीम का संघातन नक्शा	वही	श्री जोशी के साक्ष्य का पृष्ठ 129
डी-22	भूमिगत नक्शे का ब्लूप्रिंट पैमाना 300 फुट = 1 इंच	वही	वही
डी-23	सिलवाड़ा में बड़ी दुर्घटनाओं के संबंध में तारीख 18-11-75 के नोट को अग्रेषित करने वाला खान सुरक्षा निदेशक को भेजा गया प्रबंधक निदेशक, वै० को० लि० का तारीख 28/29-11-75 का पत्र	वही	श्री एम० एम० कहलों के साक्ष्य का पृष्ठ 7
